समृद्धि न्यूज़

| संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 59,463.93 | 17,465.80 |

तापमान
अधिकतम 29 °C
न्यूनतम 14 °C

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



सत्ता पक्ष ने विकासपरक तो विपक्ष ने बताया निराशाजनक पेज-02

यूपी में झूठे केसों की बहार : अखिलेश पेज-03

वर्ष 10 | अंक 189 | लखनऊ, 26 फरवरी, रविवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 2.00 | www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

## संक्षिप्त समाचार

### तुर्किए में फिर भूकंप का झटका, रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 5.5 आंकी गई

**इस्तांबुल।** तुर्किए में शनिवार को फिर भूकंप का झटका महसूस किया गया। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.5 आंकी गई। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंपीय केंद्र ने कहा कि भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था। 6 फरवरी को आए भूकंप के 3 झटकों में करीब 48 हजार लोगों की मौत हो गई थी। म्यामांर में भी शनिवार को भूकंप का झटका महसूस किया गया। इसकी तीव्रता 4.1 आंकी गई।

### नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में डीआरजी के तीन जवान शहीद, 2 घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में शनिवार को नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में ष्ठक्रत्र के तीन जवान शहीद हो गए, जबकि 2 जवान घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों का नाम्ख्स्ढ्ढ रामूराम नाग, असिस्टेंट कांस्टेबल कुंजम जोगा और सैनिक वंजम भीमा हैं। ये मुठभेड़ जगरगुंडा थाना क्षेत्र में हुई है। जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ अभी भी जारी है।

### जम्मू-कश्मीर के सांबा में पुरानी एंटी टैंक माइन मिली

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सांबा में अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के पास एक पुरानी एंटी टैंक माइन का पता चला है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि बीएसएफ के जवान शनिवार शुक्रवार देर रात मावा गांव में गश्त लगा रहे थे। इसी दौरान यहां मौजूद बसंतर नदी के किनारे जंग लगी एक माइन मिली। पुलिस के मुताबिक, मौके पर बम निरोधक दस्ता पहुंच चुका है। विस्फोटक को निष्क्रिय करने की कोशिश की जा रही है।

### भारत-बांग्लादेश बॉर्डर दो मार्च तक सील

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मेघालय विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारत-बांग्लादेश बॉर्डर को सील करने का आदेश दिया है। मेघालय विधानसभा की 60 में से 59 सीटों पर 27 फरवरी को वोटिंग होगी। नतीजे दो मार्च को आएंगे। मेघालय से बांग्लादेश का बॉर्डर 443 चरूकी दूरी पर है। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी एफ आर खारकोंग ने शुक्रवार को बताया कि असम से लगी अंतर्राज्यीय बॉर्डर को भी दो मार्च तक सील करने का आदेश दिया गया है। इस बीच शनिवार शाम पांच बचे राज्य में चुनाव प्रचार खत्म हो गया।

### सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एबीवीपी और एसएफआई के छात्रों के बीच झड़प

**हैदराबाद।** हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी में शनिवार को छात्र संघ चुनाव को लेकर एबीवीपी और एसएफआई के छात्र आपस में भिड़ गए।

---

सीएम योगी और अखिलेश में तीखी बहस,चले दोतरफा जुबानी तीर

# माफियाओं को मिट्टी में मिला देंगे : योगी

## अखिलेश बोले- क्या यही रामराज्य है, जताई नेता सदन की भाषा पर आपत्ति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

उत्तरप्रदेश विधानसभा में शनिवार को प्रयागराज में विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या का मामला गूंजा। इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव और सीएम योगी में तीखी नोक-झोक हुई। योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की कि वह माफ्रियाओं को मिट्टी में मिला देंगे। प्रयागराज में विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की शुक्रवार को दिनदहाड़े हत्या हो गई।इस हमले में दो पुलिसकर्मी भी जख्मी हुए। इस वारदात के बाद उत्तर प्रदेश की राजनीति एक बार फ्रि गरमा गई। शनिवार को यूपी विधानसभा के बजट सत्र में भी उमेश पाल की हत्या का मामला गूंजा। खुलेआम माफ्रिया अतीक अहमद का नाम उछला। समाजवादी पार्टी ने इसे कानून-व्यवस्था का फेल्योर बताया तो सीएम योगी आदित्यनाथ ने ऐलान किया कि वह हत्या में शामिल माफ्रिया को मिट्टी में मिला देंगे। शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने तीन दिनों की चर्चा के बाद रा'यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दिया। उनके भाषण के पहले सदन में विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या का मामला गूंजा।मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने उमेश की हत्या के लिए प्रदेश सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया।



### सपा के नेतृत्व वाली सरकार में तो खेल ही खेल होते थे : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की पिछली समाजवादी पार्टी (सपा) के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल में 'घोटालों का खेल' होने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक घोटाले की रिपोर्ट में 97 हजार करोड़ रुपये के गबन की बात सामने आयी है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण से सम्बन्धित धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए सपा के नेतृत्व वाली पिछली सरकार पर भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा, ''इनकी सरकार में खेल ही खेल तो होते थे। लैपटॉप घोटाले का खेल, खाद्यान्न घोटाले का खेल, गोमती रिवरफ्रंट घोटाले का खेल। अभी उनमें से एक की रिपोर्ट आई है। एक कार्यकाल में 97 हजार करोड रुपये के घोटाले का उल्लेख रिपोर्ट में किया गया है। हालांकि मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह आंकड़ा किस मामले से सम्बन्धित है। आदित्यनाथ ने आरोप लगाते हुए कहा, ''भर्ती घोटाले का खेल भी इन्हीं के समय में हुआ था।

#### यूपी में सरकार पूरी तरह विफल

जिस तरह से प्रयागराज में वारदात हुई है उससे यह स्पष्ट हो गया है कि यह सरकार पूरी तरह से विफ्ल हो गई है। अब प्रदेश में गैंग वॉर जैसी स्थिति विकसित हो रही है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या यह रामरा'य है, जहां बंदूकें खुले तौर पर निकाल दी जा रही हैं? यह वारदात पूरी तरह से पुलिस की विफ्लता है और इसके लिए भाजपा जिम्मेदार है। विधानसभा में रा'यपाल के अभिभाषण पर सीएम योगी ने पहले सरकार के विकास की योजनाओं पर चर्चा की। जब उन्होंने प्रयागराज में उमेश हत्याकांड पर बयान देना शुरू किया तो सदन में शोरगुल शुरू हो गया। इसके बाद सीएम आदित्यनाथ योगी के तेवर कड़े हो गए। उन्होंने बाहुबली अतीक अहमद का नाम लिए बगैर समाजवादी पार्टी पर हमला बोला।

#### जीरो टालरेंस नीति

सीएम योगी ने कहा कि माफ्रिया के खिलाफजो जीरो टालरेंस नीति अपनाई जा रही है। उसके परिणाम सामने आएंगे। वह सपा के द्वारा पोषित माफ्रिया है और उसकी कमर तोड़ने का काम हमारी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पहले माफ्रिया को संरक्षण देती है, उसका माल्यार्पण करती है फ्रि तमाशा भी करती है। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव को आड़े हाथ लेते हुए सीएम योगी ने कहा कि आपको बहाना चाहिए था। यह पेशेवर माफ्रिया और अपराधियों के सरपरस्त हैं और यह लगातार यही करते रहे हैं।

---

अतीक अहमद की बढ़ीं मुश्किलें

# दो बेटों समेत सात लोग गिरफ्तार

**लखनऊ/प्रयागराज, समृद्धि न्यूज़**

प्रयागराज राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल सहित दो गनर को कल दिन दहाड़े गोली मार दी गई। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। प्रयागराज धूमनगंज इलाके में उमेश पाल हत्याकांड में शामिल 10 से अधिक हमलावरों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। अतीक अहमद के 2 बेटों एहजम और आबान सहित अतीक के आधा दर्जन से ज्यादा करीबियों को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया है। क्राइम ब्रांच और एसटीएफ की टीम लगातार पूछताछ कर रही है।बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि दिनदहाड़े गवाह के ऊपर फायरिंग हुई। देर शाम ताबड़तोड़ फायरिंग और देसी बमों से किये गए जानलेवा हमले में उमेश पाल और उसकी सुरक्षा में तैनात दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुए थे। इलाज के दौरान उमेश पाल और उनकी एक गनर की मौत हो गई। दूसरे सुरक्षाकर्मी की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई है। गोलीबारी की सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है। हमले में पूर्वांचल के शूटरों का हाथ होने का शक है। यही वजह है कि हमलावरों को पकड़ने के लिए स्पेशल टॉस्क फोर्स की प्रयागराज, लखनऊ, गोरखपुर और वाराणसी की टीमें लगाई गई हैं। उमेश पाल के घर पर भी हमले के बाद पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।



#### धरपकड़ तेज

पुलिस ने अतीक के 2 बेटों और उसके दोस्त की कॉल डिटेल भी निकलवाई है। सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय बदमाशों को उनकी फोटो दिखाकर पहचान कराने कोशिश भी की जा रही है। देर रात तक उमेश पाल की हत्या के बाद पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा और डीएम संजय खत्री धूमनगंज थाने में डटे रहे।

### पता नहीं संस्थान कहां गलती कर रहे : सीजेआई


**हैदराबाद (एजेंसी)।** आईआईटी संस्थानों में स्टूडेंट्स के सुसाइड की बढ़ती घटनाओं को लेकर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने अपना दर्द साझा किया है। उन्होंने कहा, इन घटनाओं के बारे में सोचकर चिंता होती है। उन बच्चों के पेरेंट्स के बारे में सोचता हूं तो दिल दुखता है।

बता दें, 12 फरवरी को आईआईटी बॉम्बे में गुजरात के फर्स्ट ईयर स्टूडेंट दर्शन सोलंकी ने सुसाइड कर लिया था। सीजेआई बोले, हाल ही में मैंने दलित छात्र के सुसाइड की खबर पढ़ी थी। इस हादसे से मुझे ओडिशा में पिछले साल नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में आदिवासी स्टूडेंट के सुसाइड की खबर याद आ गई। मेरा दिल इन छात्रों के परिवार के बारे में सोचकर दुखता है।

हज कमेटी ऑफ इंडिया ने आजमीन को सुनाया नया फरमान-

# नहीं मिलेगी रियाल, स्वयं लेकर जाएं विदेशी मुद्रा

**मुरादाबाद (समृद्धि न्यूज़)।** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने रियाल को लेकर इस बार नियम बदल दिया है। अब आजमीन को विदेशी मुद्रा (सऊदी रियाल) स्वयं लेकर जाने होंगे। हज कमेटी की ओर से कोई पैसा नहीं दिया जाएगा। पहले हज कमेटी की ओर से खर्च के लिए 1500 (सऊदी रियाल) दिए जाते थे। इस बार हज जाने वालों को यह सुविधा नहीं मिलेगी। सऊदी अरब में हज के दौरान आजमीन अपने पास से भी रुपये खर्च करते थे। इसके लिए हज कमेटी आफ इंडिया आजमीन को 1500 (सऊदी रियाल) देती थी। इस बार से यह व्यवस्था आजमीन को नहीं मिलेगी। हज 2023 से हज कमेटी आफ इंडिया के माध्यम से जाने वाले हज यात्रियों के लिए यह व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। अब नई व्यवस्था के अन्तर्गत हज-2023 की यात्रा पर जाने वाले प्रत्येक हज यात्रियों को विदेशी मुद्रा की व्यवस्था व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं करनी होगी।



---

# लाल किले के पास दो आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्पेशल सेल ने पाकिस्तान स्थित हैंडलर के संपर्क में रहे दो आतंकी खालिद मुबारक खान और अब्दुल्ला को गिरफ्तार किया है। दोनों हथियार प्रशिक्षण के लिए पाकिस्तान जाने की साजिश रच रहे थे। इससे पहले उन्हें दबोच लिया गया। इनके पास से दो पिस्टल, दस कारतूस, चाकू और तार कटर बरामद किया गया है। इन दो कट्टरपंथी की गिरफ्तारी ने पाकिस्तान में हथियार प्रशिक्षण के लिए भारतीय युवाओं को लुभाने वाले पाक के आतंकवादी संगठनों की साजिश को उजागर कर दिया है।

गोकलपुरी गांव में मकान के लोन के दबाव में आकर खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। डीसीपी स्पेशल सेल राजीव रंजन सिंह के मुताबिक खालिद मुबारक खान, ठाणे पश्चिम, महाराष्ट्र व अब्दुल्ला उर्फ अब्दुर रहमान, कालियाकुल्ला, तमिलनाडु का रहने वाला है। दोनों पाकिस्तान स्थित एक आका के लगातार संपर्क में थे।



#### अवैध रूप से सीमा पार कर रहे थे

आका के निर्देश पर वे अवैध रूप से सीमा पार कर हथियार प्रशिक्षण के लिए पाकिस्तान जाने की साजिश रच रहे थे। स्पेशल सेल इस इनपुट पर काम कर रही थी कि कुछ युवाओं को इंटरनेट मीडिया पर पाक स्थित हैंडलर्स द्वारा कट्टरपंथी बनाया जा रहा है और भारत में आतंकी हमलों को अंजाम देने से पहले पाकिस्तान में हथियारों का प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए गए हैं।

सोनिया का राजनीति से रिटायरमेंट का इशारा : पार्टी के रायपुर अधिवेशन में बोलीं-

# भारत जोड़ो यात्रा के साथ मेरी पारी समाप्त हो सकती है

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में चल रहे कांग्रेस के 85वें अधिवेशन में पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजनीति से रिटायरमेंट का इशारा कर दिया। सोनिया ने शनिवार को अपने संबोधन में कहा- भारत जोड़ो यात्रा के साथ ही मेरी राजनीतिक पारी अब अंतिम पड़ाव पर है। सोनिया ने पहली बार पार्टी अध्यक्ष की कुर्सी संभालने से लेकर अब तक आए उतार-चढ़ाव को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा- 1998 में जब मैं पहली बार पार्टी अध्यक्ष बनी तब से लेकर आज तक यानी पिछले 25 सालों में बहुत कुछ अच्छा और कुछ बुरा अनुभव भी रहा। 2004 और 2009 में पार्टी का परफॉर्मेंस हो या फिर मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाने का मेरा निर्णय। यह व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए संतोषजनक रहा। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का मुझे पूरा सहयोग मिला। जिस बात से मुझे सबसे ज्यादा संतुष्टि है, वह ये कि भारत जोड़ो यात्रा के साथ अब मेरी पारी समाप्त हो सकती है। ये पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है।



#### 2024 लोकसभा चुनाव में विपक्षी एकता जरूरी

इधर, पार्टी के अधिवेशन में 2024 लोकसभा चुनाव में यूनाइटेड विपक्ष को लेकर भी बात हुई। पार्टी नेताओं ने कहा कि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए पूरे विपक्ष को एक मंच पर आना होगा। विपक्षी पार्टियों को थर्ड फ्रंट से बचना चाहिए। इस तरह का निर्णय उल्टे भाजपा को ही मजबूत करता है।

#### खड़गे बोले- देश में नफरत का माहौल है

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश में नफरत का माहौल है। सरकार रेल, जेल, तेल सब कुछ अपने मित्रों को बेच रही है। दिल्ली सरकार में बैठे लोगों का ष्ठद्व गरीब विरोधी है। सोनिया गांधी ने कहा कि, राहुल गांधी ने मुश्किल यात्रा को पूरा किया। देश और कांग्रेस के लिए ये चुनौती का वक्त है।

---

पुलवामा के 10 दिन के भीतर होना था दूसरा हमला : रिटायर्ड कमांडर का दावा-

# सुरक्षा बलों ने पाकिस्तानी आतंकियों को मारकर इसे टाला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 14 फरवरी, 2019 के पुलवामा हमले के 10 दिन के भीतर एक और आत्मघाती आतंकी हमला होना था। इसकी भनक भारतीय फौज को लग गई थी। सुरक्षा बलों ने दो पाकिस्तानियों समेत तीन आतंकवादियों को मारकर आतंकियों के मंसूबे को तहस-नहस कर दिया था। यह खुलासा चिनार कॉर्प्स के पूर्व कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) केजेएस ढिल्लन ने अपनी किताब 'कितने गाजी आए, कितने गाजी गए में किया है। किताब में ढिल्लन ने लिखा है कि ऐसे कई आत्मघाती हमलों के बारे में लोग नहीं जानते हैं, जिसकी योजना फरवरी 2019 में ही बनाई गई थी। एक आतंकवादी ने अपने आत्मघाती हमले के इरादे बताने के लिए एक वीडियो बनाया था, जिसमें विस्फोटक और अन्य हथियार दिख रहे थे।

भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन ब्लास्ट मामला

# एनआईए कोर्ट में मो. फैसल समेत आठ दोषी करार

**लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)।** भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन में ब्लास्ट करने वालों की सहायता करने के साथ-साथ भारी मात्रा में गोला बारूद के साथ गिरफ्तार प्रतिबंधित संगठन आईएसआईएस के आतंकी मोहम्मद फैसलॉआसिफ इकबाल उर्फ राकींॉ सैयद मीर हुसैनॉ मोहम्मद दानिशॉ आतिफमुजफ्फरॉ मोहम्मद अजहरॉ गौस मोहम्मद खान एवं आतिफ उर्फ आतिफ ईरानी को एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण पांडे ने दोषी करार दिया है। अदालत ने सभी आतंकियों को सजा के प्रश्न पर सुनाने लिए आगामी 27 फ्रवरी की तिथि नियत की है। पत्रावली के अनुसार मामले की रिपोर्ट एटीएस के डिप्टी एसपी मनीष चन्द्र सोनकर ने 8 मार्च 2017 को एटीएस थाने में दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया है सूचना मिल रही थी कि आईएसआईएस लगातार इंटरनेट पर आतंकी घटनाओं का वीडियो अपलोड कर मुस्लिम नौजवानों को अपने संगठन से जोड़ने और घटनाओं को अंजाम देने व घटना करवाने की कोशिश कर रहा है। 7 मार्च को पता चला कि आईएसआईएस के सदस्य मो फैसलॉदानिश अख्तरॉ आतिफ मुजफ्फरॉ सैफुल्ला और अजहर ने मध्यप्रदेश के शाजापुर में ट्रेन में मिलकर ब्लास्ट करवाया है। इस जानकारी पर पुलिस ने फैसल को कानपुर से गिरफ्तार किया था वही मुठभेड़ में अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया था।

#### 27 फरवरी को आएगा फैसला

# अगले पांच दिन यूपी का बदलेगा मौसम, रात में दिखेगा ठंड का असर

**लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)।** लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में अगले 5 दिन तक मौसम बदला रहेगा। पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फ्बारी होने की वजह से तराई क्षेत्रों में ठंड बढ़ेगी। आने वाले 5 दिन में उत्तर पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के हिस्सों में पारा सामान्य से तीन से चार डिग्री ज्यादा रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, आज यानी 25 फ्रवरी रात से एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहा है। जिससे कई पहाड़ी इलाकों में बारिश और बर्फ्बारी हो सकती है। ये पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव 27 फ्रवरी तक रहेगा। इसके बाद 28 फ्रवरी से एक और ताजा पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होगा जिसका असर पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों पर 28 फ्रवरी से दो मार्च के बीच दिखेगा।



---

बिना भर्ती के 1220 जवान नौकरी करते पकड़े गये

गलत तरीके से भर्ती किये गये जवानों को परमानेंट करने की विभाग कर रहा है तैयारी

# पीआरडी विभाग में भर्ती के नाम पर करोड़ों का घोटाला, जांच शुरू

**फर्रुखाबाद/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पीआरडी विभाग में 95 कर्मचारियों की ड्यूटी में बड़ा खुलासा हुआ था। उच्च स्तर के अधिकारियों द्वारा मोटी रकम वसूल कर 31 कर्मचारियों को परमानेंट कराया गया। इन पर किसकी मेहरबानी है, यह निष्पक्ष जांच होने पर ही पता चल सकेगा।

अपर मुख्य सचिव, युवा कल्याण तथा महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल नवनीत सहगल ने बताया कि फर्रुखाबाद ही नहीं पूरे प्रदेश में फर्जी तरीके से 1220 जवान भर्ती किये गये। मामला संज्ञान में आने पर जांच करायी जा रही है। थाना क्षेत्र नवाबगंज पीआरडी विभाग में बीते कई महीनों से 95 कर्मचारी ड्यूटी पर चल रहे थे। जिसमें लगातार उनके ही कर्मचारियों द्वारा बताया जा रहा था कि 64 कर्मचारी पूर्ववत लगे हुए हैं। जिनकी ही ड्यूटी मान्य है। जिला कार्यालय के एक कर्मचारी द्वारा मोटी रकम लेकर फर्जी तरीके से ड्यूटी लगा दी गई और मानदेय भी निकाला गया। दिसम्बर माह में नवाबगंज ब्लाक परिसर में प्रत्येक शुक्रवार को होने वाली परेड में एक महिला की शिकायत पर अभिलेखों की जांच पड़ताल करने पर पता चला कि 3 दर्जन लोग की भर्ती फर्जी पायी गई। जिसका समाचार हमारे समाचार पत्र ने प्रमुखता से छापा। जिला युवा कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया हो कि वर्ष 2018 से भर्ती कोई आदेश नहीं आया और बिना शासन के कोई भर्ती नहीं होगी, लेकिन गुपचुप तरीके से जांच पड़ताल शुरु कर दी और प्रत्येक शुक्रवार को होने वाली परेड को बंद करा दिया। कई पीआरडी जवानों का कहना है कि जिले पर बैठे अधिकारियों को यह भय सताने लगा कि कहीं उनकी पोल न खुल जाये, इसलिए परेड को बंद करा दिया। जिला कार्यालय अधिकारी भले ही मीडिया के सामने पाक साफ होने की बात कह रहे है, लेकिन अंदर जो खिचड़ी पक रही है वह कुछ और ही है।

सूत्रों की मानें तो कार्यालय में स्थित जीतू नामक बाबू ने जो भी फर्जी पीआरडी पाये गये उन सभी को लखनऊ ले जाकर स्थाई कराने की प्रक्रिया शुरु कर दी है। नवाबगंज ब्लाक से मिली खबर के अनुसार स्थाई कराने के लिए मोटी रकम ली गई, लेकिन खुलकर कोई बोलने को तैयार नहीं है। जबकि विभाग की मानें शासन द्वारा भर्ती निकालने पर समाचार पत्र में विज्ञप्ति प्रकाशित करायी जाती है और शासन के नियमानुसार पीआरडी की भर्ती होती है, लेकिन वर्ष 2018 से आज तक कोई भर्ती निकली ही नहीं। सभी कर्मचारियों का डाटा फीडिंग किया गया है। इस सूची में वही कर्मचारी है जिनकी सूची शासन स्तर पर मौजूद है।

पूजा नाम की महिला का कहना है कि मैंने लिखित शिकयत की थी कि मुझे पीआरडी में लगवाने के लिए एक जवान ने मोटी रकम ली, लेकिन वर्दी आज तक नहीं दी। मेरी शिकायत पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस संदर्भ में जब अपर मुख्य सचिव, युवा कल्याण तथा महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल नवनीत सहगल से बात की तो उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश के कई जिलों में बिना भर्ती प्रक्रिया के जिला स्तर पर पीआरडी की भर्ती कर ली गई। जिनकी संख्या 1220 सामने आयी है। जिन लोगों ने ड्यूटी की है उनके कागजात देखे जा रहे हैं। सही पाये जाने पर उन्हें स्थाई कर दिया जायेगा। जब यह पूछा गया कि शासन ने कोई भर्ती का आदेश ही नहीं दिया तो इन्हें कैसे स्थायी कर लिया जायेगा और फर्जी तरीके से की गई भर्ती के दौरान जो मानदेय निकाल लिया गया है उसका क्या। इस पर बोले कि पूरे मामले की जांच करायी जा रही है। जिन्होंने ड्यूटी की है उनका कोई दोष नहीं है, लेकिन जो भी अधिकारी इसमें दोषी पाये जायेंगे उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।



नवनीत सहगल।

#### ● अपर मुख्य सचिव, युवा कल्याण तथा महानिदेशक नवनीत सहगल बोले- दोषियों पर होगी कार्रवाई



परेड करते पीआरडी।

# सत्ता पक्ष ने विकासपरक तो विपक्ष ने बताया निराशाजनक



**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

- विधानसभा में हुई बजट पर चर्चा
- विपक्ष की नजर में बजट केवल सपने दिखाने वाला

उत्तर प्रदेश विधानसभा में शनिवार को वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रस्तावित बजट पर चर्चा की शुरुआत हुई और इस दौरान जहां सत्ता पक्ष के सदस्यों ने इसे ऐतिहासिक व विकासपरक बताया, वहीं विपक्ष ने सपने बेचने वाला बजट कहा है।

विधानसभा में शनिवार को वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों पर चर्चा करते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य और पूर्व संसदीय कार्य मंत्री लालजी वर्मा ने कहा, मैंने इस बजट का अवलोकन किया और यह बजट सपने बेचने वाला बजट है।उन्होंने कहा, यह बजट किसान, नौजवान, महिला, मजदूर विरोधी है और इस प्रदेश को विकास की तरफनहीं बल्कि अवनति की तरफ ले जाने वाला है। इसमें केवल आंकड़े और हवा हवाई बात है।सरकार पर पूरी तरह पक्षपातपूर्ण कार्य करने का आरोप लगाते हुए दिनकर जी की कविता 'सिंहासन खाली करो, जनता आती है' सुनाते हुए वर्मा ने दावा किया कि निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश और दिल्ली से इन लोगों यानि भाजपा को सत्ता खाली करनी पड़ेगी। उन्होंने इस ओर भी ध्यान खींचा कि पिछले बजट की तमाम धनराशि खर्च नही कर पाई सरकार। अनुसूचित जाति जनजाति के छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति नही बंटी । शिवपाल सिंह यादव की सुरक्षा घटाए जाने की भी बात रखी। उन्होंने कहा कि ओमप्रकाश राजभर ने हमारा साथ छोड़ा, सुरक्षा मिल गई।घोषणाएं हवा हवाई करते हैं। बिजली सप्लाई की खूब वाहवाही करते हैं, हर तीसरे दिन ट्रांसफार्मर फुंक जाता है, बदल नही पाता। पहले 300 मीटर तक फ्री बिजली कनेक्शन मिलता था,अब कम से कम दो लाख खर्च करने होंगे। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की हालत पर भी इशारा किया। उन्होंने कहा,चौधरी चरण सिंह कहते थेश्देश के विकास का रास्ता खेत और खलिहान से होकर जाता है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि इस बजट की जितनी प्रशंसा की जाए, कम होगी। उन्होंने कहा कि यह बजट सबके साथ, सबके विकास, सबके विश्ध्वास वाला बजट है, यह टोपी पहनाने वाला बजट नहीं है। उन्होंने एक शेर हम पर कमी निकालना भूल जाएंगे लोग, अगर तोहफे में उनको आईना दे दिया पढ़ते हुए कहा, मैं सोच रहा हूं कि आइना दे ही दूं और इसके बाद उन्होंने आंकड़ों का सिलसिलेवार ब्यौरा दिया और पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी की सरकार और भाजपा सरकार के कार्यों की तुलना की। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ध्ना ने बुधवार को वित्त वर्ष 2023-24 के लिये विधानसभा में छह लाख 90 हजार 242 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इस बजट में 32 हजार 721 करोड़ 96 लाख रुपये की नयी योजनाएं शामिल की गयी हैं.चर्चा में भाजपा के राम नरेश अग्निहोत्री ने प्रस्तावित बजट की सराहना करते हुए कहा कि वित्त मंत्री सुरेश खन्ध्ना द्वारा प्रस्तुत बजट ऐतिहासिक व विकासपरक है। सपा के डॉक्टर मुकेश वर्मा ने प्रस्तावित बजट की आलोचना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार पिछड़ों, दलितों, महिला, रोजगार, नौजवान विरोधी सरकार है। भाजपा के महेश गुप्ता ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट वास्तव में किसानों, मजदूरों, श्रमिकों और हर एक के हित का बजट है।

## खबरें एक नजर में

### विभिन्न संगठनो द्वारा शहीद स्मारक पर नफ़रत के शिकार शहीदों को श्रद्धांजलि

लखनऊ। आज भारत में जिस प्रकार कुछ असमाजिक तत्व नफ़रत फैलाकर देश की छवि बिगाड़ने की लगातार कोशिश कर रहे जिसके परिणाम स्वरूप भारत के निर्दोष नागरिकों की हत्यारा मॉब लिचिंग द्वारा हो जाती है। जैसे हाथरस, राजसथान में कन्हैया कुमार, कानपुर में अत्महत्या हरियाना में दो मुस्लिम नौजवानों की हत्या, झारखण्ड में पहलू खाँन फिर जुनैद, आसिफ इत्यादि की घटनाएं देश की चिन्ता का विषय है। नफरत के शिकार शहीदों को श्रध्दानजली देने के लिए विभिन्न राजनैतिक व समाजिक संगठनो के लोग एकत्र हुए जिसमें मुख्य रूप से इमामिया एजु केशनल ट्रस्ट, शिया उलेमा हिन्द, शिया परसनल लॉ बोर्ड क़दीम के सेकेट्री सय्यद मौलाना अली हसैन क़ुमी, ड? मसीहुद्दीन हज़ी मुहम्मद फ्हीम सिद्दीक़ी, रफ़ी अह़मद, मुर्तज़ा अली, पी?सी? कुरील, रिज़वान कुरैशी, अब्दुस्समद, इरशाद अहमद सिद्दीक़ी, बासित भाई, रियाज़, सलीम अहमद राईनी, उपस्थित जिसमें मुहम्मद आफ़ाक़ ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के नागरिकों सभी मिल जुलकर रहते चले आये हैं लेकिन सत्ता पर क़ाबिज़ रहने के लिए तमाम टीम वी? चैनल हिन्दू-मुस्लिम, हिन्दू-मुस्लिम,करके इस प्रकार घटनओं के ज़िम्मेदार हैं।

### मांगों के निस्तारण के लिए मुख्य सचिव से मिलेगा चालक महासंघ प्रतिनिधि मण्डल

लखनऊ। प्रधान कार्यालय 93बी दारुल सफा में राजकीय वाहन चालक महासंघ की अति महत्वपूर्ण बैठक आहूत हुई। बैठक में प्रदेश के समस्त प्रांतीय अध्यक्ष महामंत्री जिला अध्यक्ष जिला मंत्री एवं क्षेत्रीय मंत्री राजकीय वाहन चालक महासंघ व अन्य सदस्य उपस्थित हुए बैठक में चालकों ने अपने मांग पत्र पर गंभीर चर्चा करते हुए सरकार के प्रति नाराजगी प्रकट की गई। प्रदेश अध्यक्ष एवं महामंत्री से चर्चा में अनुरोध किया कि राजकीय वाहन चालक महासंघ सरकार को अपनी मांगो का अनुस्मारक भेजे और मुख्य सचिव से समस्याओं के निराकरण के लिए बैठक का समय ले। सदस्यों ने उच्च स्तर वार्ता का समय न दिये जाने पर नाराजगी जताई। बैठक में ग्रेड वेतन, रिक्त पदों पर भर्ती, पुरानी पेंशन बहाली सहित, महासंघ कार्यालय 93 भी दारुल सफा का नवीनीकरण कराये जाने की मांग पर चर्चा की गई। बैठक में राजकीय वाहन चालक महासंघ प्रदेश सलाहकार शाहिद अली, प्रदेश अध्यक्ष रिजवान अहमद सिद्दीकी, प्रदेष उपाध्यक्ष सहज राम यादव, प्रदेश महामंत्री जयप्रकाश त्रिपाठी, मंत्री तेज शंकर, संगठन मंत्री महेंद्र सिंह राणा प्रचार मंत्री रमेश चंद प्रांत और मुख्यालय से आए हुए समस्त पदाधिकारी गण शामिल रहे।

### कॉलेज जा रही छात्रा से छेड़छाड़, आरोपी ने तेजाब फेंकने की दी धमकी

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली छात्रा ने गांव के ही एक युवक पर के खिलाफशिकायत दर्ज कराई है। छात्रा ने आरोप लगाया कि युवक आए दिन रास्ते में रोक कर उससे छेड़खानी करता है। दरअसल, मामला लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के साउथ जोन के मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र का है। छात्रा ने लिखित शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि गांव का गुलशन यादव उसके साथ छेड़छाड़ करता है। छात्रा शनिवार को अपने कॉलेज पढ़ने के लिए जा रही थी, लेकिन गुलशन ने रास्ते में रोक लिया और अभद्र टिप्पणी करने लगा। छात्रा ने आरोपी गुलशन की हरकतों का विरोध किया तो उसने तेजाब फेंकने की धमकी दी। जिसके बाद डरी सहमी छात्रा मोहनलालगंज तहसील पहुंची। छात्रा ने मोहनलालगंज कोतवाली में आरोपी गुलशन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी गुलशन यादव और पीड़ित छात्रा के बीच बातचीत का एक ऑडियो भी सामने आया है। जिसमें आरोपी गुलशन छात्रा को धमका रहा है। गुलशन पहले छात्रा से उसकी लोकेशन पूछता है, छात्रा बताने से इंकार कर देती है, तो गुलशन कहता मैं तुम्हें तुम्हारी औकात दिखा दूंगा। शराफ्त से कान खोलकर सुन लो मैं तुम्हें आज कल में औकात दिखा दूंगा। तुम हमसे क्या कहती हो..? या तो मर जाओ या फिर मरवा दो मुझे... छात्रा गुस्से में कहती है, मर क्यों नहीं जाते... आरोपी कहता है, श्तुझे मार दूंगाश् मिलो तो, तुमको नीलाम कर दूंगा भरी महफिल में, तब कहना.... बहुत बदनाम कर रही... तुम्हारे भाई को फोन करने जा रहा हूं... जिसके बाद एक अधिवक्ता आरोपी गुलशन से बात करता हैं... गुलशन धमकी देते हुए देख लेने की धमकी देता है। गुलशन कहता है यही मोहनलालगंज थाने के सामने हूं, आ जाओ....!! छात्रा के एक सहपाठी ने बताया कि सुबह कॉलेज आते वक्त आरोपी गुलशन ने छेड़छाड़ की थी। छात्रा रोते हुए कॉलेज पहुंची। कॉलेज के अध्यापकों को मामले की जानकारी दी, लेकिन कॉलेज प्रशासन ने छात्रा की शिकायत पर ध्यान नहीं दिया। जिसके बाद उसने अपने सहपाठियों से घटना के बारे में बताया। सहपाठियों के साथ मोहनलालगंज कोतवाली पहुंची। छात्रा ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मोहनलालगंज कोतवाली प्रभारी कुलदीप दुबे ने बताया कि आरोपी गुलशन को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही। मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बिजली विभाग के खिलाफकिसान यूनियन के नेताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

लखनऊ । राजधानी लखनऊ के इटौंजा क्षेत्र में आज 25 फरवरी को भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन के पदाधिकारियों ने विद्युत उपकरण उपकेंद्र इटौंजा में सैकड़ों किसानों के साथ प्रदर्शन किया। किसान यूनियन के नेताओं ने बिजली विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों के हित काम नही किया जा रहा है। बिजली विभाग के अधिकारियों को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

## किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष की फेसबुक आईडी हैक

### सोनम किन्नर को भेजे जा रहे अभद्र मैसेज, एफआईआर

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

हजरतगंज कोतवाली में किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष सोनम किन्नर ने मोबाइल पर अभद्र मैसेज भेजे जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने अपनी फेसबुक आईडी हैक होने और उस पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किए जाने की भी बात कही है। इंस्पेक्टर हजरतगंज अखिलेश मिश्र के मुताबिक, उपाध्यक्ष सोनम किन्नर ने फेसबुक आईडी हैक होने की शिकायत की है। जिसमें उन्होंने एक मोबाइल नम्बर का जिक्र किया है। जिससे लगातार मैसेज आने की बात कही गई है। वहीं कुछ नम्बरों से आपत्तिजनक कॉल आने का भी आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर आईटी एक्ट की धारा में एफआईआर दर्ज की गई है। सर्विलांस की मदद से नंबर को मैसेज और फोन करने वाले नंबर का पता लगाया जा रहा है। दूसरी तरफ हजरतगंज कोतवाली में सोनम किन्नर की फेसबुक आईडी हैक किए जाने की शिकायत मनोज चौहान की तरफ से की गई है। जिसमें फेसबुक आईडी पर आपत्तिजनक वीडियो अपलोड किए जाने का आरोप लगाया गया है। मनोज ने पुलिस को बताया कि आईडी हैक होने के कारण वह फेसबुक को एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं। इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्र के मुताबिक साइबर क्राइम सेल की मदद से फेसबुक आईडी हैक करने के मामले में जांच की जा रही है।

## मां के साथ स्कूल जा रही छात्रा को ट्रक ने रौंदा,हादसे में मासूम छात्रा की मौत

लखनऊ। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में मां और भाई के साथ स्कूल जा रही मासूम छात्रा को ट्रक ने रौंदा दिया। शनिवार सुबह इस घटना में मां के सामने बेटी की दर्दनाक मौत देखकर मां बेहोश होकर गिर पड़ी। राहगीरों ने इसकी सूचना बीकेटी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने मासूम को ट्रक के नीचे से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। ट्रक चालक फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को लिया कब्जे में तलाश जारी। बीकेटी थाना क्षेत्र के भैसामऊ गांव में स्थित एस आर ग्लोबल स्कूल में मां नेहा सिंह और भाई के साथ पढ़ने जा रही कक्षा 5 की छात्रा आदित्री सिंह (9) को ट्रक संख्या यूपी 25 टी 2085 ने रौंद दिया। छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार को सुबह हुई इस घटना में मां के सामने बेटी की दर्दनाक हुई मौत देखकर वहीं बेहोश होकर गिर पड़ी। राहगीरों ने सी सूचना बीकेटी थाना पुलिस को दी। थाना प्रभारी बृजेश चंद्र तिवारी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मासूम को ट्रक के नीचे से निकाला और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। मूल रूप से आवास विकास कालोनी बाराबंकी निवासी वरुण सिंह की पत्नी नेहा सिंह बीकेटी क्षेत्र के भैसामऊ गांव में बच्चों किराए के मकान में रहती हैं। जहां रहकर आदित्री सिंह और उसका भाई एसआर ग्लोबल स्कूल में पढ़ाई करते थे। शनिवार सुबह मां नेहा सिंह दोनों बच्चों को पैदल स्कूल छोड़ने जा रही थी। वहीं संकरे रास्ते से कई ट्रक आ रहे थे। तभी आदित्री सिंह मां से हाथ छुड़ाकर बगल में स्थित नहर की पटरी पर चढ़ने का प्रयास करने लगी और फिसलकर ट्रक के नीचे जा गिरी जिसके चलते उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बीकेटी थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर ट्र्क चालाक की तलाश शुरू कर दी है।

## बाबू ने नौकरी के नाम पर 18.40 लाख रुपए ठगे, बेरोजगार बने निशाना

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

नौकरी दिलाने के नाम पर लोक निर्माण विभाग में ठगी का मामला उजागर हुआ है। इसमें विभाग के बाबू जितेन्द्र कुमार राय ने बेरोजगार युवाओं से 18.40 लाख ठगी कर ली है। अब इस मामले में जितेन्द्र कुमार राय को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसको अमीनाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफकरीब एक साल पहले मामला दर्ज हुआ है। इस मामले में उसके साथ इस मामले में पत्नी और साला को भी आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि जितेन्द्र ने संविदा पर नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी की है। इसमें 8 लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर पैसा लिया गया है। इन आठ लोगों ने 18 लाख 40 हजार रुपए लिए गए है। आरोपी के खिलाफएक साल पहले केस दर्ज हुआ था। उसके बाद भी मामला दबा हुआ था। अब दबाव के बाद उसको उजागर किया गया है। इस मामले को देख रहे पुलिस अधिकारी कृष्ण वीर सिंह ने बताया कि जितेंद्र गणेशगंज के गुलाटी पीपल वाले मातादीन हाता में रहता है। वह मौजूदा समय पीडब्ल्यूडी में बतौर वरिष्ठ लिपिक पद पर तैनातम है। उन्होंने बताया कि उसके खिलाफकानपुर के खलासी लाइन निवासी गौरव सोनकर के अलावा मलिहाबाद के अखिलेश कुमार, बड़ा चांदगंज के मिथिलेश कुमार ने मामले में केस दर्ज कराया है। इन सभी से जितेंद्र ने संविदा पर नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया था। उसमें प्रति व्यक्ति 80 हजार रुपए की वसूले थे। उसमें यह भी कहा गया था कि संविदा पर करने के कुछ दिन बाद ही कर्मचारी नियमित हो जाएगा। बताया जा रहा है कि इनके अलावा राहुल सोनकर, विपिन, धीरेंद्र, अजय, अभिषेक, करन, गीता देवी व उमेश समेत 23 लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का आरोप है।

## डिवाइन एफसी और व्हाइट ईगल ने किया सेमीफाइनल में प्रवेश



**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

डिवाइन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित तुषार मिश्रा मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरआत शनिवार को चौक स्टेडियम में हुई। प्रतियोगिता में डिवाइन एफसी, व्हाइट ईगल, यंग ब्लड और डार्क फिनिक्स ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आज सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल व्हाइट ईगल और डार्क फिनिक्स के बीच होगा और दूसरा सेमीफाइनल डिवाइन एफसी और यंग ब्लड के बीच होगा जिसके पश्चात 4 बजे फाइनल मुकाबला होगा। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दानिश अंसारी, एडीसीपी वेस्ट चिरंजीवनाथ सिन्हा, एसीपी चौक आईपी सिंह उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में राहुल राज रस्तोगी एवं प्रेम मिष्ठान भंडार के संचालक विनय यादव, अभिषेक फैंटा, तुषार मिश्रा, प्रशांत आदि लोग उपस्थित रहें।



आलमबाग , बारा बिरवा में जाम की समस्या को लेकर निरीक्षण करती मंडलायुक्त रौशन जैकब व नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह

## पर्यटन में इनोवेटिव मॉडल्स से स्टार्टअप्स को बढ़ावा :जयवीर सिंह

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**





यूपी इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो के तीसरे दिन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मेकिंग यूपी द यूनिकॉर्न हबऑफ इंडिया सत्र का उद्घाटन किया। ट्रेड एक्सपो की सराहना करते हुए कहा कि टूरिज्म में इनोवेटिव मॉडल्स से स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया जा रहा है और पर्यटन के साथ उद्योग तथा व्यवसाय जुड़ने से उत्तर प्रदेश को नई पहचान व ताकत मिलेगी।पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सेक्रेटरी जनरल सौरभ सान्याल ने कहा कि यद्यपि यूपी में पहली बार इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो हो रहा है लेकिन व्यापारियों तथा उद्यमियों ने इसको बहुत सराहा है। पीएचडी चैम्बर अगला ट्रेड एक्सपो उत्तराखंड में करने जा रहा है। बड़ी स्वदेशी कम्पनियों ने आगे होने वाले ट्रेड एक्सपो में साथ देने की बात कही है और रोजाना लगभग 25 लोग इस एक्सपो को देखने आ रहें हैं।पीएचडी चैम्बर के डिप्टी सेक्रेटरी जनरल डॉ रंजीत मेहता ने कहा कि देश भर में सबसे ज्यादा लगभग 90 लाख एमएसएमई उत्तर प्रदेश में हैं जिनको सही प्लेटफार्म देने का काम यह ट्रेड एक्सपो कर रहा है। जब बड़ी स्वदेशी कम्पनियां, एमएसएमई और स्टार्टअप्स एक छत के नीचे जमा होते हैं तो उसका फायदा सबको होता है। पीएचडी चैम्बर के एसिस्टेंट सेक्रेटरी जनरल डॉ जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यूपी सरकार की वन ट्रिलियन एकानॉमी बनाने के सपने को पूरा करने के लिए स्टार्टअप्स को आगे बढ़ाना बहुत जरूरी है और यह आयोजन यूपी को स्टार्टअप्स का हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एक्सपो ने दूसरे दिन 25,000 से अधिक आगंतुकों को आकर्षित किया, जो पहले दिन 10,000 से अधिक था। एक्सपो ने बिजनेस-टू-बिजनेस और बिजनेस-टू-कंज्यूमर सेगमेंट दोनों के लिए कई तरह के आकर्षण पेश किए।卐 उसने जोड़ा। क्खुञ्जश्वङ्ग उत्तर प्रदेश का एक मेगा ट्रेड और कंज्यूमर एक्सपो है। एक्सपो विभिन्न क्षेत्रों जैसे ऑटोमोबाइल, हस्तशिल्प, फैशन, निर्माण सामग्री, खाद्य और कृषि उत्पाद, आभूषण, गृह सज्जा और अन्य से उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित करेगा। एक्सपो UPI-TEX विकास, महिला उद्यमिता जैसे विषयों पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सेमिनारों और कार्यशालाओं की भी मेजबानी करेगा और स्ञ्जक्रञ्जक्क पारिस्थितिकी तंत्र के लिए भी एक बड़ा आकर्षण है।

UPITEX का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देना और बड़े निवेश को आकर्षित करना है, जिसने 2027 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## सुएज इंडिया ने जोनल इंचार्ज और सुपरवाईजरों के साथ की बैठक



**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

राजधानी लखनऊ का सीवर मैनेजमेंट और मेंटेनेंस देखने वाली कार्यदायी संस्था सुएज इंडिया ने होली के त्योहार को ध्यान रखते हुए आज जोनल इंचार्ज और सुपरवाईजरों के साथ एक बैठक की। बैठक का आयोजन भरवारा एसटीपी प्लांट पर किया गया था। इस अवसर पर सुएज़ के प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजेश मठपाल ने बैठक को संबोधित करते हुए सुरक्षा के साथ ही कार्यों की गुणवत्ता बेहतर करने और शिकायतों का और तेजी के साथ निवारण करने पर जोर दिया।नगर के 88 वार्डों के सुपरवाइजर और 6 ज़ोनों के जोनल इंचार्ज के साथ हुई इस मोटिवेशनल मीटिंग का के बारे में सुएज के प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजेश मठपाल ने बताया कि हम लोग समय-समय पर इस तरह की मीटिंग करते रहते हैं। होली का त्योहार आ रहा है जिसको लेकर शहर की व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त रखते हुए जिससे कहीं जलभराव जैसी दिक्कतें न हो सीवर सफाई के लिए सरकार की गाइडलाइन मैनुअल स्कैवेंजिंग और नो मैन्होल एंट्री का पालन करने पर चर्चा के साथ ही बैठक में इसका कड़ाई से पालन करने का निर्देश देते हुए बताया गया कि उसका उल्लंघन करने पर नियमों के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# मुख्यमंत्री बोले, यूपी में बाबा बा न...

## यूपी में का 'बा' पर सदन में छिड़ी रार, योगी का अखिलेश को करारा जवाब

**विकास तिवारी। लखनऊ**



यूपी विधानसभा के बजट सत्र का आज छठा दिन है। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के आरोपों का करारा जवाब दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में बोलते हुए न सिर्फ अखिलेश यादव को करारा जवाब दिया बल्कि गायिका नेहा सिंह राठौर के का बा.. वाले मामले पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि यूपी में क्या बा..यूपी में बाबा बा न... उससे भी परेशान हैं, परेशानी हर व्यक्ति की समझी जा सकती है। सदन में प्रयागराज में हुई घटना पर सीएम योगी ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की घटना पर सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति के आधार पर कार्य हो रहा है, लेकिन जिस अपराधियों द्वारा घटना हुई, क्या वो समाजवादी पार्टी द्वारा नही पोषित किया गया? क्या उसे सपा द्वारा सांसद नही बनाया गया, उस अतीक अहमद को सपा द्वारा पोषित किया गया। हम उस माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। ये लोग पेशेवर माफियाओं के सरपरस्त हैं, क्या ये सच नही है। जिस माफिया ने ये कृत्य किया है, वो आज प्रदेश से भगोड़ा है, वो माफिया इन्ही की पार्टी से एमपी एमएलए बना। माफिया कोई भी हो, उनको मिट्टी में मिलाने का काम हमारी सरकार करेगी। रामचरितमानस विवाद पर सीएम योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने रामचरितमानस पर विवाद खड़ा किया है। जिसकी मर्जी आए हिन्दुओं का अपमान करे। हिन्दुओं का अपमान नहीं सहेंगे। सपा की और से तुलसीदास पर टिप्पणी की गई है। सपा हर बार शिगूफा छोड़ती है। किसी दूसरे धर्म पर टिप्पणी की गई होती तो क्या होता। तुलसीदास ने समाज को एकजुट किया है। सपा पूरे समाज को अपमानित करना चाहती है।वहीं उत्तर प्रदेश विधानसभा में शनिवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर सत्ता पक्ष की ओर से लाया गया धन्यवाद प्रस्ताव पारित हो गया जबकि बहुमत न होने से विपक्षी दलों का संशोधन प्रस्ताव अस्वीकृत हो गया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने यह घोषणा की। राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर शनिवार को चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) और नेता प्रतिपक्ष (अखिलेश यादव) पर जमकर प्रहार किया। योगी ने दो घंटा सात मिनट के अपने लंबे भाषण को समाप्त करते हुए सदन से धन्यवाद प्रस्ताव को पारित करने की अपील की। विपक्षी दलों ने संशोधन पर जोर देना चाहा, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बहुमत न होने की वजह से संशोधन प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया। धन्यवाद प्रस्ताव के पक्ष में सदस्यों का बहुमत होने से महाना ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित करने की घोषणा की। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य डॉक्टर नीलकंठ तिवारी ने प्रस्ताव पेश किया था, जिसके बाद से चर्चा जारी थी। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव समेत विभिन्न दलों के सदस्यों ने संशोधन प्रस्ताव रखा था। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र की सोमवार को हंगामेदार शुरुआत हुई और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विपक्ष की नारेबाजी और शोरगुल के बीच अभिभाषण पढ़ा। पटेल ने सरकार की सराहना करते हुए कहा था कि सुशासन, सुरक्षा एवं विकास के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए अपराध एवं भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के साथ शांति एवं सद्भाव का वातावरण सुनिश्चित किया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में शामिल होने के लिए भाजपा के 79, अपना दल (सोनेलाल) के चार, निषाद पाटी के पांच, सपा के 43, राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के छह, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के चार, कांग्रेस, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के एक-एक सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया। उप्र की विधानसभा में कुल 403 सदस्य हैं।

> उत्तर प्रदेश विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित, संशोधन प्रस्ताव अस्वीकृत

# 'रामचरितमानस' पर टिप्पणी को लेकर मुख्यमंत्री ने सपा पर किए तीखे तंज

**लखनऊ समृद्धि न्यूज**। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'श्रीरामचरितमानस' के बारे में समाजवादी पार्टी (सपा) के विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य की टिप्पणी और उससे उपजे विवाद को लेकर विधानसभा में सपा पर तीखे तंज किये और आरोप लगाया कि पार्टी इस पवित्र ग्रंथ को जलाकर देश और दुनिया में रहने वाले करोड़ों हिंदुओं को अपमानित कर रही है। मुख्यमंत्री ने विधानमंडल के बजट सत्र में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए सपा पर आरोप लगाये। उन्होंने कहा, ''समाजवादी पार्टी का कार्यालय आज संत तुलसीदास जी के खिलाफ अभियान चला रहा है। वह 'रामचरितमानस' जैसे पावन ग्रंथ को अनादर भाव के साथ जगह-जगह अपमानित करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि 'रामचरितमानस' के सुंदरकांड में एक प्रसंग आता है जिसमें श्री राम समुद्र से लंका में जाने का रास्ता मांगते हैं। रास्ता नहीं मिलने पर वह 'भय बिन होई न प्रीत' की बात कहते हैं और समुद्र को चेतावनी देकर आगे की कार्रवाई करते हैं। तब समुद्र भड़क जाता है और श्री राम के सामने अपनी बात कहता है।आदित्यनाथ ने सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा आपत्तिजनक बतायी जा रही मानस की चौपायी की व्याख्या करने की कोशिश करते हुए सदन में कहा, ''महोदय यह वही पंक्ति है - ''प्रभु भल कीन्ह मोहि सिख दीन्हीं। मरजादा पुनि तुम्हरी कीन्हीं। ढोल, गंवार शूद्र, पसु, नारी। सकल ताड़न के अधिकारी।'' दरअसल, ढोल एक वाद्य यंत्र है। गंवार का मतलब अशिक्षित से है। शूद्र का मतलब श्रमिक वर्ग से है किसी जाति विशेष से नहीं। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर भी इस बात को कह चुके हैं कि दलित समाज को आप शूद्र मत बोलो और नारी का मतलब स्त्री से मातृ सत्ता से है।''मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी इसलिये भी महत्वपूर्ण कही जा सकती है क्योंकि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा था कि वह विधानसभा में आदित्यनाथ से इस चौपायी का अर्थ पूछेंगे। आदित्यनाथ ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा, ''मैं समाजवादी पार्टी से यही कहना चाहता हूं कि जहां इस बात पर गौरव की अनुभूति होनी चाहिए कि उत्तर प्रदेश 'राम' और 'कृष्ण' की धरती है। यहीं पर 'रामचरितमानस' और 'वाल्मीकि रामायण' जैसे पवित्र ग्रंथ रचे गए। जिस पर उत्तर प्रदेश के वासियों को गौरव की अनुभूति होनी चाहिए, क्या आप उस पवित्र ग्रंथ को जलाकर देश और दुनिया में रहने वाले 100 करोड़ हिंदुओं को अपमानित करने का काम नहीं कर रहे हैं?'उन्होंने कहा, ''कोई इस प्रकार की अराजकता को कैसे स्वीकार कर सकता है, इसीलिए मुझे तो केवल एक पंक्ति याद आती है - ''जाको प्रभु दारुण दुख देही, ताकी मति पहले हर लेही।'' यानी जो भी बचा खुचा था वह भी स्वाहा।गौरतलब है कि सपा के विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य ने हाल में 'श्रीरामचरितमानस' की एक चौपायी को दलित और महिला विरोधी करार देते हुए इस पर पाबंदी लगाने की मांग की थी। उनके इस बयान के प्रति संत समाज और भाजपा ने काफी तीखी प्रतिक्रिया दी थी।

# केजीएमयू मे लोक सेवा चयन आयोग में चयनित नर्सिंग ऑफिसर्स का हुआ स्वागत

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में लोक सेवा चयन आयोग प्रयागराज से नियुक्त हुई। लगभग 450 नर्सिंग ऑफिसर्स का स्वागत एवं सम्मान समारोह केजीएमयू नर्सेज एसोसिएशन द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अशोक कुमार महामंत्री राजकीय नर्सेज संघ के साथ विजय कुमार बन्धु राष्ट्रीय अध्यक्ष एनएमओपीएस एवं प्रदेश अध्यक्ष अटेवा,नीरज पति त्रिपाठी मंत्री अटेवा, सीमा शुक्ला नर्सिंग अध्यक्ष एसोसिएशन पीजीआई, सुजान सिंह मंत्री पीजीआई, अमित शर्मा अध्यक्ष आरएमएलआई, अनिल गोयल अध्यक्ष रिम्स सैफई उपस्थित रहे। सभी को अपने कार्य क्षेत्र में तन मन से मरीजों की सेवा हेतु प्रेरित किया। प्रदीप गंगवार संरक्षक केजीएमयू नर्सेज एसोसिएशन ने संगठन के बारे में बताया कि नियुक्ति के लिए लगभग 10 वर्षों से संगठन द्वारा कई कई बार आन्दोलन किया। तब सभी की नियुक्ति हो सकी। विजय बन्धु ने पुरानी पेंशन बहाल करने के लिए सभी को एक जुट रहने व संगठन का साथ देने को कहा है। कार्यक्रम का आयोजन प्रदीप गंगवार के नेतृत्व में यदुनंदिनी, जितेंद्र ,सुनील कुशवाहा, भगवान दास सीनियर नर्सिंग ऑफिसरों द्वारा संपन्न कराया गया।

# राजभवन की क्रिकेट टीम ने की जीत हासिल

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**



राजभवन में वायुसेना स्टेशन मैमोरा तथा राजभवन के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मैच में राजभवन की टीम विजेता रही। 12-12 ओवर के मैच में राजभवन की टीम ने टॉस जीता तथा फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने आई वायुसेना की टीम ने कप्तान सचिन की लीडरशिप में 12 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 48 रन बनाये। जिसके जबाब में राजभवन की टीम ने 49 रनों के लक्ष्य को पूरा करते हुए 11वें ओवर में मात्र 2 विकेट के नुकसान पर ही जीत हासिल कर ली। जहाँ एक ओर राजभवन टीम के कप्तान तथा विकेट कीपर अशोक देसाई ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए बेस्ट फील्डर का खिताब अपने नाम किया। वहीं प्रभाकर पाण्डेय सर्वाधिक 3 विकेट लेकर बेस्ट बॉलर तथा मैन ऑफद मैच रहे। वहीं दूसरी ओर राजभवन की तरफसे वरूण कुमार ने सर्वाधिक नाबाद 32 रन बनाया। सभी खिलाड़ियों ने मैच में पूरे उत्साह तथा जोश के साथ अपना बेहतरीन प्रदर्शन करने का प्रयास किया। उत्साह एवं रोमांच से भरे मैच में खेल मैनेजर और कमेंटेटर जमाल सिद्धीकी तथा नीरज कुमार की कमेंट्री ने खिलाड़ियों के जोश को और अधिक बढ़ाने का काम किया। खेल के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा पंकज जॉनी, गीता देसाई, मुख्य सुरक्षा अधिकारी अजय त्रिपाठी सहित राजभवन के अन्य अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## खबरें एक नजर में

### ये आपको बार-बार अपमानित करते हैं...फिर भी आप इनके साथ बैठ जाते हैं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विधानसभा में समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल यादव को लेकर कहा कि जब मैं आपको देखता हूं तो मुझे महाभारत का दृश्य याद आने लग जाता है। उन्होंने आगे कहा कि ये लोग आपको बार-बार अपमानित करते हैं और फिर भी आप इनके साथ बैठ जाते हैं। आपको सम्मान मिलना चाहिए। चलिए अच्छा है कि अखिलेश ने काका को बगल में तो बैठाया है। सीएम योगी ने शिवपाल सिंह की और देखते हुए कहा कि जब मैं आपको देखता हूं तो मुझे महाभारत का दृश्य याद आने लग जाता है। आप जैसे अनुभवी व्यक्ति सचमुच हर बार छले जाते हैं। बार-बार अपमानित होते हैं। आपके अनुभव संघर्षों का लाभ सपा को नहीं चाहिए। देखिए हम उनका सम्मान करते हैं, वरिष्ठ सदस्य हैं। उनको सम्मान मिलना चाहिए।

### लखनऊ मे होली तक छह चौराहों को किया जाएगा जाम मुक्त

**लखनऊ।** लखनऊ मे होली तक छः चौराहों को जाम मुक्त किया जाएगा। जिसको लेकर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह द्वारा लखनऊ में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए रणनीति तैयार की गई है। जिसके तहत होली के त्यौहार तक लखनऊ के छरू मुख्य चौराहों को जाम मुक्त करने का निर्णय लिया गया है। नगर आयुक्त द्वारा अवध चौराहे के निरीक्षण कर जायजा लिया गया। जिस क्रम में अहिमामऊ, अवध, पॉलिटेक्निक, दुबग्गा चौराहा, चारबाग व कमता तिराहे को शामिल किया गया है।

### केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार के बजट पर चर्चा की

**लखनऊ ।** केंद्रीय राज्यमंत्री व मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र के सांसद कौशल किशोर ने सरोजनीनगर विधानसभा के अंतर्गत फोर सीजन बैंक्विट हॉल कानपुर रोड में प्रेसवार्ता कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार के बजट पर चर्चा की। केंद्रीय राज्यमंत्री ने बजट की विशेषताओं को बताते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि लखनऊ में मेरे संसदीय क्षेत्र मोहनलालगंज के अंतर्गत सरोजनीनगर विधानसभा में कानपुर रोड पर ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट और डीआरडीओ लैब का निर्माण किया जा रहा है। रक्षा के क्षेत्र में भारत दृष्टि पर दृष्टि मजूबत होता जा रहा है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य्य में दुनिया की निगाहें भारत पर हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत बनने के लिए हमारा देश जितनी तेजी से बढ़ रहा है। पूरी दुनिया के देश यह देखकर आश्चर्यचकित है। केंद्र के बजट में रेलवे के लिए जारी अब तक के सबसे बड़े बजट से उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के 44 और पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के 20 स्टेशनों को अमृत योजना के तहत संवारा जाएगा। इनमें चारबाग, गोमतीनगर, ऐशबाग, लखनऊ सिटी, मानकनगर, मल्हौर, उतरेटिया, लखनऊ सिटी, डालीगंज और बादशाहनगर स्टेशन भी शामिल हैं। इन स्टेशनों पर अगले 50 साल की जरूरत को देखते हुए री-डिवेलपमेंट कर इन्हें भव्य और स्मार्ट बनाया जायेगा। बजट में गरीब कल्याण अन्न योजना को एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। अब सभी गरीब परिवारों को मुफ्त राशन मिलता रहेगा। उत्तर प्रदेश के बजट पर बोलते हुए कौशल किशोर ने कहा प्रदेश सरकार का बजट गांव, गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी, महिलाएं, छात्र-छात्राओं, युवा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े, वंचित और समाज के हर वर्ग के गरीबों के लिए हितकारी है। कौशल किशोर ने कहा आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाने का कार्य कर रहा है।

### नोएडा में दारोगा की पिटाई से आहत किशोर ने की आत्महत्या

**लखनऊ।** नोएडा के दनकौर में स्थित बिलासपुर चौकी प्रभारी की पिटाई से आहत 16 वर्षीय किशोर ने शुक्रवार की शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोप है कि पुलिस द्वारा मृतक किशोर को करीब चार दिन तक अवैध रूप से पुलिस चौकी में हिरासत में रखा और मारपीट की गई। पुलिस द्वारा रिहा करने के बाद उसने मौत को गले लगा लिया। घटना के बाद मृतक के स्वजनों ने दो दरोगाओं को नामजद करते हुए इकोटेक प्रथम कोतवाली में शिकायत दी है। इकोटेक प्रथम कोतवाली क्षेत्र स्थित इमालियका गांव निवासी आठ युवकों को विगत 20 फरवरी को बिलासपुर चौकी प्रभारी द्वारा बाइक लूट की आशंका के चलते हिरासत में लिया गया था। आरोप है कि सभी को बुरी तरह मारा पीटा गया।इमालियाका गांव निवासी पुष्पेंद्र ने बताया कि पुलिस द्वारा उनके 16 वर्षीय नाबालिग भतीजे गोविंदा समेत छह लोगों को लाखों रुपये लेकर 23 फरवरी को रिहा कर दिया गया। उनका कहना है कि जिन दो युवकों पिंकू और अमित के स्वजन द्वारा रुपये नहीं दिए गए तो उन्हें तमंचा रखने के आरोप में न्यायालय भेज दिया गया। उनका कहना है कि झूठे मामले में हिरासत में लेने और बुरी तरह मारपीट करने के कारण लोक लाज के कारण उनके भतीजे द्वारा शुक्रवार की शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। मौके पर पहुंची ईकोटेक प्रथम पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। शनिवार की सुबह मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक के चाचा पुष्पेंद्र ने बताया कि दो दरोगाओं को नामजद करते हुए इकोटेक प्रथम कोतवाली में शिकायत दी गई है। एसीपी तृतीय ब्रजनंदन राय का कहना है कि मामला संज्ञान में आने के बाद दरोगा विकास बालियान और सिपाही विनीत को सस्पेंड किया जा चुका है। शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# यूपी में झूठे केसों की बहारः अखिलेश



**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

यूपी में का बा सिंगर नेहा राठौर को कानपुर पुलिस के नोटिस के बाद सपा नेता अखिलेश यादव और आम आदमी पार्टी लोक गायिका के समर्थन में आ गए थे। अखिलेश यादव ने ट्वीट करते हुए योगी सरकार की कार्रवाई पर सवाल निशान लगाए थे। इसी के साथ सदन में भी जमकर सरकार पर निशाना साधा था। सिंगर को अपने गाने के लिए कानपुर पुलिस ने नोटिस भेजा है। जिसे लेकर विपक्षी दल योगी सरकार पर हमलवार हैं। ऐसे में अब नेहा सिंह राठौर के गाने पर सीएम योगी ने अपने ही अंदाज में विधानसभा के अंदर जवाब दिया है। जिसके बाद सदन के अंदर बैठे नेता जमकर हंसने लगे। प्रदेश में इन दिनों नेहा सिंह राठौर के गाने यूपी में का बा सीजन-2 काफी सुर्खियों में है। इस गाने के चर्चाओं में आने की दो वजह है। पहली ये की सिंगर ये गाना कानपुर अग्निकांड में मारी गई मां-बेटी पर बनाते हुए योगी सरकार पर निशाना साधा है और दूसरा ये कि गाने के बाद यूपी पुलिस ने नेहा राठौर को नोटिस भेजा है। हाल ही में यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव इस मामले पर विधानसभा के अंदर योगी सरकार पर जमकर बरसे थे, जिसके बाद शनिवार को सीएम योगी ने अपने ही अंदाज में इसका जवाब दिया। शनिवार को यूपी विधानसभा के बजट सत्र में अपने संबोधन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कहते हैं कि का बा उत्तर प्रदेश में, आरे बाबा बा ना। उन्होंने आगे अपने बयान में विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि कुछ नहीं करते हैं उससे भी परेशान है लोग, परेशानी तो हर व्यक्ति की समझी जा सकती है। जिसके बाद विधानसभा में मौजूद लोग जोर-जोर से ठहाके लगाने लगे। सीएम योगी के इस बयान को यूपी में का बा गाने के उनका जवाब समझा जा रहा है।

## हरियाणा असेम्बली के स्पीकर ने की विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से भेंट

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना से आज हरियाणा विधानसभा के स्पीकर ने उनके कायालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। सत्र के दौरान लखनऊ आये हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष को यूपी असेम्बली के स्पीकर सतीश महाना ने पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री लाल जी वर्मा समेत कई विधायक भी उपस्थित रहे। श्री महाना ने ज्ञान चन्द गुप्ता को विधानभवन का भ्रमण कराया एवं विधानसभा की कार्यवाही दिखाई। विधानसभा की सुंदरता देखकर हरियाणा के विधान सभा स्पीकर ने उप्र विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के कार्य व्यवहार उनकी आधुनिक सोच एवं विधान सभा में किये गये परिवर्तन पर उनकी सराहना की।

# बुन्देलखण्ड हर घर जल योजना से आच्छादित हो रहा हैः योगी

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

> सीएम योगी ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि बुंदेलखंड में खेतों के लिए और पीने के लिए शुद्ध जल उपलब्ध नहीं हो पाता था

बुंदेलखंड के लोगों को सपा सरकार बूंद-बूंद जल के लिए तरसा रही थी। लेकिन आज हमारा बुंदेलखंड हर घर जलश् योजना से आच्छादित हो रहा है। बिना किसी भेदभाव के हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। ये बात शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बजट सत्र के छठे दिन कही। सीएम योगी ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि बुंदेलखंड में खेतों के लिए और पीने के लिए शुद्ध जल उपलब्ध नहीं हो पाता था। 2015-2016 में जब राज्य सरकार ध्यान नहीं दे पाती थी। तब भारत सरकार ने ट्रेन भेजी। उसके माध्यम से बड़े-बड़े टैंकर उपलब्ध कराये, पर सपा सरकार ने पानी लेने से इनकार कर दिया था। मुख्यमंत्री योगी ने समाजवादी पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि बुंदेलखंड के लोगों को सपा सरकार ने एक बूंद जल के लिए तरसा दिया था। पर, हमारी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के हर घर तक नल से जल पहुंचाने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में अब तक 82 से 85 लाख परिवारों को हर घर नल का कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है। उन्होंने ये भी कहा कि इस बार के बजट में भी भारी भरकम राशी उपलब्ध करायी गयी है।

# सीलिंग के दौरान जमा हुआ 2.15 लाख गृहकर

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के निर्देशानुसार लखनऊ नगर में गृहकर के बड़े बकायेदारो के विरूद्ध कुर्की व वसूली अभियान जोन में चलाकर सीलिंग की कार्यवाही की गई। आज जोन पॉच में चलाए गए अभियान में रूचि कास्मेटिक्स सहित जैन ज्वैलर्स सहित कई भवन सील किए गए।आज के अभियान में जोन-5- जोनल अधिकारी श्रीमती संगीत कुमारी के नेतृत्व में वार्ड- सरोजनी नगर प्रथम, सरोजनी नगर द्वितीय व गुरूनानक नगर में गृहकर का भुगतान न करने वाले बड़े बकायेदार हरिहर प्रसाद नगर रूचि कास्मेटिक्स 206305,जैन ज्वैलर्स 103153, बदाली खेडा राम बहादुर त्रिवेदी 137851, श्री टीकाराम 168967,, गौरी मे शिव नारायण यादव136038 गृहकर बकाए पर उक्त सील किए गये भवनों के सापेक्ष 215384 जमा कराया गया।

## दो जोन से हटाए गए 77 अस्थाई अतिक्रमण

लखनऊ । जोन-2-क्षेत्रान्तर्गत वार्ड राजाबाजार में चरक चौराहे से मेडिकल कालेज, ट्रामा सेंटर, कन्वेशन सेंटर तक दोनों पटरी तक अस्थाई अतिक्रमण ठेला,खुमचा इत्यादि हटवाने की कार्यवाही की गयी, कार्यवाही के दौरान कुल 35 अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए एवं 1 ठेला. 2 स्टूल 1 फ्लैक्स जब्त कर नगर निगम स्टोर में जमा कराया गया।जोन-6-क्षेत्रान्तर्गत सीतापुर बाई पास से अन्धे की चौकी तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया जिसमें लगभग 42 अस्थाई अतिक्रमण को हटाते हुये शमन शुल्क के रूप में 57,500 वसूला गया।

# निषाद पार्टी ने सपा प्रमुख के बयान को लेकर पैदल मार्च निकालकर किया प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**



बीते दिन नोएडा में समाजवादी पार्टी सुप्रीमो के आपत्तिजनक बयान को लेकर निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संजय कुमार निषाद के सम्मान में निषाद पार्टी की महिला मोर्चा उपाध्यक्ष मालती देवी निषाद के नेतृत्व, राष्ट्रीय निषाद एकता परिषद के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित निषाद, विधायक ई. सरवन निषाद, विधायक मेहदावल अनिल त्रिपाठी, विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, विधायक शाहगंज रमेश सिंह, विधायक खड्डा विवेकानंद पांडेय, विधायक नौतनवां ऋषि त्रिपाठी, विधायक मझवा विनोद बिंद, विधायक तमकुहीराज समेत सैकड़ो की संख्या में निषाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी सुप्रीमों के खिलाफ पैदल मार्च निकालकर उनके द्वारा दिये गए, शब्दों को वापस लेने की मांग की। विधायक ई. सरवन निषाद ने कहा कि निषाद पार्टी सुप्रीमो केवल एक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नही है। वो उत्तर प्रदेश के 18 फीसदी मछुआ आबादी के सड़क से लेकर सदन तक हैं। मछुआ समाज के हक की बातों को सड़क से सदन तक मे उठाने का कार्य करते हैं। निषाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र मणि निषाद ने कहा कि अखिलेश यादव को अपने दिए गए बयान पर माफी मांगनी चाहिए। क्योंकि यह मछुआ समाज का अपमान है, क्योंकि निषाद पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तरप्रदेश की 18 फीसदी आबादी के नेता है। अखिलेश यादव दिए गए बयान वापस नहीं लेते हैं। तो ऐसे में मछुआ समाज में समाजवादी पार्टी सुप्रीमों को लोकसभा में 4 से शून्य पर लाने का काम करेगा।

### नेशनल पब्लिक स्कूल में मेधावी व खिलाड़ी सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

# शील्ड व मेडल पाकर चहक उठे होनहार

- खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**हलधरमऊ/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

नेशनल पब्लिक स्कूल बालपुर में शनिवार को मेघावी व खिलाड़ी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों बच्चों को सम्मनित किया गया।

समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि इंजीनियर हरीश कुमार पाठक ने दीप प्रज्वलित करके किया। समारोह का संचालन आनंद शुक्ल ने किया। परीक्षा में अच्छे अंक पाने वाले मेधावियों के साथ तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। शील्ड व मेडल पाकर बच्चे चहक उठे। करीब पांच सौ छात्रों को स्कूल की प्रधानाचार्या कावेरी सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। खेल प्रभारी दुर्गेश गुप्ता ने कहा जो बच्चे अच्छे अंक के साथ उत्तीर्ण हुए हैं और आज उनको पुरस्कार मिला। सभी बच्चे इन छात्रों से सीख लेकर आगे कड़ी मेहनत करके सफलता प्राप्त कर सकते हैं। आस्था मिश्रा, वागीश उपाध्याय, रौनक, रूही, उत्कर्ष गुप्ता,स्वाती, माही, श्रद्धा, अर्चिता, नब्या, निहारिका, बब्बी, शुभि, महक, दिव्या सहित अन्य छात्र छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान विनय पाण्डेय, रजनी तिवारी, रवि श्रीवास्तव, सुमित श्रीवास्तव, प्रीति मौर्या, ज्योति मिश्रा,सरिता सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में स्थानीय निकाय की बैठक संपन्न

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय निकाय की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में चल रहे कार्यों एवं नये कार्यों समीक्षा की गई। सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में साफ- सफाई, पेयजल , विद्युत लाइट के साथ ही सुंदरीकरण का कार्य भी समुचित व्यवस्था के साथ कराया जाय, तथा सभी संबंधित ईओ को निर्देश देते हुए कहा कि अपने - अपने नगर पंचायत एवं नगर पालिकाओं में साफ-सफाई के साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का कार्य समय से पूर्ण कराया जाय। इसके साथ ही समस्त ईओ को निर्देशित किया गया कि



अपने -अपने नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में निराश्रित गोवंशों को पकड़ कर संरक्षित किया जाय। जिससे राहगीरों को आने वाली समस्याओं का सामना न करना पड़े।जिससे नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में कराये जाने वाले कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा की जा सके।

इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, ईओ नगर पालिका गोण्डा, नवाबगंज एवं नगर पंचायत कटरा बाजार, परसपुर , खरगूपुर, मनकापुर सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

## जिले में राजकीय नलकूपों की दुर्व्यवस्था को लेकर विधायक ने डीएम को लिखा पत्र

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

सदर विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान गोंडा विधानसभा में बड़ी संख्या में राजकीय नलकूपों की दुर्व्यवस्था की शिकायतें प्राप्त हुई है कई वर्षों से नलकूप के खराब होने तथा अधिकारी कर्मचारी द्वारा राजकीय नलकूपों की खबर न लेने से किसानों की सिंचाई बाधित है जिससे किसानों में नलकूप विभाग के प्रति भारी रोष है वभिन्न गांवों के किसानों ने मुझसे मिलकर नलकूपों की मरम्मत और पुनर संचालन कराने का अनुरोध किया जिस के क्रम में मेरे प्रतिनिधि अजय सिंह के द्वारा अवर अभियंता नलकूप खंड ,सहायक अभियंता नलकूप एवं



अधिशासी अभियंता नलकूप खंड गोंडा को विगत माह में कई बार राजकीय नलकूपों को मरम्मत कराने के लिए सूचित किया है किंतु अधिशासी अभियंता द्वारा लंबे समय से अन्य शासकीय कार्यों का हवाला देकर टालमटोल किया जा रहा है जिससे नलकूपों की व्यवस्थाएं जस की तस बनी हुई है विधायक सदर ने कुल मिलाकर 11 नलकूप को ठीक कराने के लिए अधिशासी अभियंता को कहा है जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से की है।

## किसान यूनियन ने अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**कर्नलगंज /गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी के आदेशों का पालन ना होने पर किसान यूनियन भानु के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी कर्नलगंज को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि 20 फरवरी 2022 को जिलाधिकारी गोंडा ने तहसील दिवस कर्नलगंज में ग्राम सभा पारा से कोठार तक पक्की रोड से जोड़ते हुए गजराज सिंह के घर तक व प्राथमिक विद्यालय तक पक्की रोड का चौड़ीकरण कर बनाने का निर्देश दिया था और यह भी कहा था कि सभी समाधान को तीन दिवस के अंदर पूरा करके कार्य प्रारंभ कराया जाए। लेकिन अभी तक रोड का कार्य शुरू होने ना पर शुक्रवार को किसान यूनियन भानु के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी व



खंड विकास अधिकारी कर्नलगंज को एक ज्ञापन सौंपकर मांग किया है कि उक्त कार्य समय से पूर्ण कराया जाए जिससे आने जाने वाले लोगों को समस्याएं उत्पन्न ना हो और वह आसानी से आ जा सकें। जिससे जाम से परेशानी ना हो, और नारायण पुर मांझा मेन रोड से नटवीर बाबा वाले रोड पर गड्ढा होने से लोगों को दिक्कतें होती थी उस पर माटी डलवाने को लेकर भी बात हुई। इस ज्ञापन में किसान यूनियन के पदाधिकारियों में सुनील सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन भानु, दुखहरण सिंह राष्ट्रीय संगठन मंत्री भारतीय किसान यूनियन भानु, गजराज सिंह प्रदेश संगठन मंत्री भारतीय किसान यूनियन भानु, विशाल सिंह मण्डल अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन भानु, सुहेल राणा मंडल महामंत्री भारतीय किसान यूनियन भानु के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस चौकी के पास से ट्रक गायब

- एफआईआर दर्ज कराने के लिए पीड़ित काट रहा थाने का चक्कर

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

आखिर वजह क्या है जनपद के थाना छपिया के पुलिस चौकी बभनान के अगल-बगल ही होती है,चोरी और नकब जनी। काफ़ी दौड़ धूप करने के बाद भी आखिर क्यों नहीं दर्ज होती है एफआईआर। जनपद में पुलिस अधीक्षक गोंडा जहां अपनी छवि को लेकर माने जाने अधिकारीयों में गिने जाते हैं वहीं दूसरी तरफ कुछ ऐसे पुलिसकर्मीयों को चौकियों का प्रभार मिल गया है जिससे आए दिन जनपद की पुलिस के कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगता जा रहा है। ऐसे ही थाना छपिया अंतर्गत बभनान पुलिस चौकी पर तैनात एक सब इंस्पेक्टर की सुस्ती से पुलिस चौकी के बगल कुछ ही दूरी पर महीनों पहले नकब जनी हुई थी।वही फिर आज पुलिस चौकी से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्टेट बैंक के बगल खड़े राम किशोर सिंह की ट्रक यूपी 42 ए टी 2429 को अज्ञात लोगों हाथ साफ करते हो गायब कर दिया। पीड़ित ने इस संबंध में संवाददाता को बताया कि घटना 21फरवरी की है तब से आज तक लगातार एफ आई आर दर्ज कराने के लिए चौकी से थाने तक चक्कर काटे लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वही इस संबंध में पीड़ित राम किशोर सिंह का कहना है कि मैंने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर गुहार लगाई थी जिसकी प्रति कार्यवाही के लिए छपिया पुलिस को प्राप्त हो गई है।लेकिन अभी तक एफ आई आर दर्ज नहीं हुई है।बताते चलें कि पुलिस चौकी इंचार्ज बभनान अपनी कार्यशैली से लेकर जनपद में काफी दिनों से सुर्खियों में रहते हैं लेकिन पता नहीं क्यों उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही नहीं होती है।

## हमीरपुर की महिला भटक कर पहुंची बहराइच

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** हमीरपुर जनपद के सुमेरपुर थाना क्षेत्र निवासी 40 वर्षीय महिला अज्ञात कारणों से फखरपुर थाना क्षेत्र पहुंच गई। रात 12 बजे भटक रही महिला को पुलिस ने महिला सिपाहियों की मदद से कब्जे में लिया। इसके बाद पूछताछ करते हुए वन स्टॉप सेंटर के हवाले कर दिया। सेंटर की प्रबंधक रचना कटियार ने महिला से पूछताछ की। तब महिला ने हमीरपुर जनपद की निवासी होने की बात बताई। साथ ही रास्ता भटक कर जनपद के फखरपुर में आने की बात कही। इस पर वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक ने हमीरपुर जनपद के सुमेरपुर थानाध्यक्ष से वार्ता कर परिवार के लोगों से वार्ता की। इसके बाद शुक्रवार शाम के परिवार के लोग पहुंचे। प्रबंधक ने बताया कि महिला को उसके सुपुर्द कर दिया गया था। फखरपुर थानाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि महिला शनिवार को सकुशल अपने घर पहुंच गई।

## खबरें एक नजर में

### सोनबरसा के बच्चों ने बिना माचिस के ही जला दिया कागज



**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कंपोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम में शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया की मदद से बच्चों ने कागज को बिना किसी माचिस, तीली या आग के जला कर सबको चकित कर दिया। शिक्षक ने बताया कि ऐसा सम्भव है कि बिना आग या माचिस के ही सूर्य के प्रकाश व उत्तल लेंस की मदद से कागज को जलाया जा सकता है। इसके लिए सूर्य के प्रकाश के सामने यदि उत्तल लेंस को इस तरह व्यवस्थित किया जाए कि जलाई जाने वाली वस्तु पर प्रकाश की संयुक्त किरण पड़े तो वह वस्तु या कागज एक से दो मिनट में सुलग करके जलना प्रारंभ कर देगा।और हुआ भी ऐसा ही बच्चों ने सूर्य के प्रकाश से कागज को जला कर दिखाया। लक्ष्मी रमण त्रिपाठी, अमन,अमर, शिवम्, कृष्णा वर्मा,केशमी,खुशनाज, काजल, मुनिया, पूनम, लक्ष्मी, अनामिका, आरती, सूरज, किट्ठू,सुषमा, शिवानी, मनीष, दिनेश आदि बच्चों ने इस प्रयोग को करके देखा। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ शताब्दी वर्मा, अमर ज्योति, पूनम यादव, चित्रावती मौर्य, अनुराधा मिश्रा, रवीन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

### नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवकों ने जल संरक्षण का लिया संकल्प



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नेहरू युवा केंद्र की ओर से संचालित कैच द रन परियोजना के तहत शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिले के 14 विकास खंड से आए स्वयं सेवकों को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। साथ ही जीवन में जल के महत्व की जानकारी दी गई। शहर के रायपुर राजा मोहल्ले में स्थित नेहरू युवा केंद्र बहराइच द्वारा संचालित कैच द रेन परियोजना के तृतीय चरण के तहत गोष्ठी का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवकों की बैठक की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी कोमल ने की। केंद्र से संबद्ध स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। जिला युवा अधिकारी ने सभी स्वयंसेवकों को कैच द रेन परियोजना के संचालन में स्वयंसेवकों व युवा मंडलों के युवाओं को सक्रिय भूमिका तथा परियोजना के तहत संचालित किए जाने वाले सभी गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। जिला युवा अधिकारी ने केंद्र के कर्मचारी व स्वयंसेवकों को पानी बचाने और उसके उपयोग के लिए शपथ दिलाया। उन्होंने कहा कि जल हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है। ऐसे में सभी लोग सोच कर पानी का उपयोग करें। कार्यक्रम के लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक इंद्रसेन चौधरी, शिवा अवस्थी, प्रियंका, सुरेश व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# इंडो नेपाल सीमा पर बहराइच में बनेगा पर्यटन हब, 70 एकड़ जमीन चिन्हित

- बहराइच जरवल रोड रेल लाइन के लिए मुख्यमंत्री ने सर्वे का दिया आश्वासन
- बहराइच के मिनी पूर्वांचल से और दो रोडवेज बसों का शुरू होगा संचालन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

इंडो-नेपाल सीमा पर बहराइच में पर्यटन हब बनेगा इसकी कवायद शुरू कर दी गई है। 70 एकड़ जमीन को चिन्हित किया गया है। इसके साथ ही बहराइच- जरवल रोड ब्रॉड गेज रेल लाइन के लिए शासन ने हामी भर दी है। सर्वे प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। जिले के मिनी पूर्वांचल पश्चिमी बहराइच को आवागमन की सुविधा बेहतर देने के लिए और दो नई रोडवेज बसों का संचालन शुरू होगा। यह बात बहराइच सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने विशेष वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि श्रावस्ती जिले में रेल संचालन के लिए 300 करोड़ बजट को स्वीकृति मिल गई है इसके साथ ही बहराइच रुपईडीहा लंबित आमान परिवर्तन योजना के लिए भी 50 करोड़ रुपये शासन द्वारा मंजूर किए गए हैं। बहराइच जिले पर अभी तक पिछड़े जनपद ठप्पा लगा हुआ था लेकिन यह ठप्पा अब धीरे-धीरे खत्म होता नजर आ रहा है। शुक्रवार को गोंडा रोड पर स्थित अपने आवास पर बातचीत के दौरान बहराइच सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने जिले के विकास का खाका खोल कर रख दिया। बातचीत की शुरुआत बहराइच सांसद ने हाल ही में पेश आम बजट से की। सांसद ने कहा कि आम बजट में हर व्यक्ति के लिए कुछ न कुछ प्रस्तुत किया गया है। अमृत काल का सप्त ऋषि बजट समावेशी बजट है। उनका की आदिवासी बच्चों के पढ़ाई के लिए 740 एकलव्य मॉडल विद्यालय की स्थापना होनी है। एक एकलव्य मॉडल विद्यालय पर लगभग 48 करोड़ खर्च होंगे। इसके साथ ही 38800 कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। बहराइच जिले के विकास पर बातचीत करते हुए सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने कहा कि बहराइच शहर में जाम की समस्या से निजात देने के लिए बहराइच गोंडा बाईपास मार्ग के सर्वे के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंजूरी दे दी है। भूमि अधिग्रहण के लिए कवायद शुरू कर दी गई है। सांसद ने कहा कि खलीलाबाद से बहराइच रेल सेवा के लिए शासन से आश्वासन मिला है लेकिन उनका प्रयास है कि बहराइच लखनऊ से भी जुड़े जिससे बहराइच व्यवसाय का केंद्र बिंदु बन सके। ऐसे में बहराइच जरवल रोड रेल लाइन सर्वेक्षण को मंजूरी मिली है डीपीआर की तैयारी हो रही है। शासन ने कहा कि बहराइच से रुपईडीहा रेल लाइन आमान परिवर्तन का मामला कई वर्षों से लंबित है। इसके लिए इस बार के बजट में 50 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके साथ ही श्रावस्ती जिले में ट्रेन संचालन के लिए 300 करोड़ के बजट को मंजूरी मिली है। बहराइच तुलसीपुर बाया श्रावस्ती रेल सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है पटरी बिछाई जानी है। इसका कार्य शीघ्र ही शुरू हो जाएगा। सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने कहा कि बहराइच पर्यटन कब बने इसकी कवायद लगातार जारी है। उनका के कतर्नियाघाट पर्यटन के रूप में बहराइच के पास है। बीते बरसों के सापेक्ष 10 गुना पर्यटन पर्यटक बढ़े हैं। लेकिन अब इंडो नेपाल सीमा पर पर्यटन हब बनाने की तैयारी है। इसके लिए जिला प्रशासन के साथ तीन स्थानों का सर्वेक्षण किया गया था जिसमें अंतिम रूप से परसा अगईया से कुछ दूरी पर 70 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है, इस जमीन पर विद्यालय, अंतरराष्ट्रीय मार्केट, समेत सब कुछ अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण से विकसित किया जाएगा। जिससे कि भारत के साथ-साथ नेपाल के पर्यटक भी यहां पहुंचकर भारतीय संस्कृति सभ्यता और संस्कार की झलक को देखते हुए पर्यटन का मजा ले सके। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्री नाथ शुक्ला, जयप्रकाश शर्मा, राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिला मंत्री हेमा निगम, डिंपल जैन, सांसद कार्यालय प्रभारी बैजनाथ रस्तोगी, सुनील श्रीवास्तव पवन तिवारी व मीडिया पर मीडिया प्रभारी देवेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### रोडवेज की दो और बसों का शुरू होगा संचालन

सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने कहा कि बिछिया सुजौली से दो रोडवेज बसों का संचालन 3 दिन पूर्व शुरू हुआ है। अभी तक इस मार्ग पर प्राइवेट बस संचालकों का एकाधिकार था। अधिकारी रोडवेज बसों का संचालन करने से डर रहे थे लेकिन शासन की पहल पर सब कुछ संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि 2 और रोडवेज बसों का संचालन शुरू करने के प्रस्ताव को हरी झंडी मिल चुकी है। इनमें एक बस बहराइच के सुजौली बिछिया से लखीमपुर लखनऊ होते हुए कानपुर तक जाएगी जबकि दूसरी बस प्रयागराज के लिए सुजौली से रवाना होगी।

### आजमगढ़ तक शुरू होगी नई ट्रेन

एक प्रश्न के जवाब में सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने कहा कि माह भर पूर्व आजमगढ़ के लिए 3 दिन तक ट्रेन संचालन का ट्रायल हुआ था। ट्रेन संचालन को अनवरत जारी करने के लिए रेलवे बोर्ड से बात हुई है। कोशिश है कि आगामी महीने में बहराइच से आजमगढ़ तक ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाए।

## कश्मीरी एप्पल बेर गार्डेन का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

- प्रगतिशील कृषकों के प्रयासों को बताया सराहनीय



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कृषि प्रधान आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में केला टिश्यू कल्चर/संकर तरबूज, कश्मीरी एप्पल बेर तथा सब्ज़ी उत्पादन के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ औद्यानिक खेती के साथ-साथ लेयर फार्मिंग, कड़कनाथ मुर्गी पालन तथा मत्स्य पालन को अपनाकर जिले के कृषकों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करने वाले विकास खण्ड जरवल के ग्राम जरवल देहात स्थित प्रगतिशील कृषक गुलाम मोहम्मद के फार्म हाउस का जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने प्रक्षेत्र भ्रमण किया। प्रक्षेत्र के भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने एप्पल बेर के बाग का निरीक्षण करते हुए पेड़ से तोड़कर ताज़े व स्वादिष्ट फलों का आनन्द लिया। प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान कृषक गुलाम मोहम्मद ने बताया कि वर्तमान समय में उनके द्वारा केला, सब्जी के अतिरिक्त कश्मीरी एप्पल बेर की खेती की जा रही है। कृषक ने बताया कि 10 मार्च, 2021 को 2.5 एकड़ क्षेत्रफल में 850 पौधों का रोपण किया गया था। माह मार्च 2022 में प्रथम वर्ष की फलत 150 कुण्टल रही जिससे उन्हें लगभग रू. छः लाख की आय हुई। गुलाम मोहम्मद द्वारा बताया गया कि मार्च 2023 में लगभग 400 कुण्टल उत्पादन का अनुमान है। जिससे उन्हें रू. 12-15 लाख का लोभ की संभावना है। गुलाम मोहम्मद द्वारा बताया गया कि कश्मीरी एप्पल बेर कम समय में अधिक आय देने वाली फसल है। डीएम व एसपी द्वारा कृषि में क्षेत्र में किये जा रहे नवाचार की सराहना करते हुए जिले के कृषकों का आहवान किया गया कि वे भी गुलाम मोहम्मद से प्रेरणा लेकर अपनी आय में इज़ाफा करें।

### कैटल कैचर वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

निराश्रित गोवंशों और दुर्घटनाग्रस्त पशुओं के लिए कैटल कैचर वाहन की सौगात मिली है। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र और एसपी प्रशान्त वर्मा ने कैसरगंज ब्लॉक से हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। इस दौरान प्रमुख कैसरगंज संदीप कुमार सिंह बिसेन, एसडीएम महेश कुमार मौजूद रहे।डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि प्रदेश में निराश्रित गोवंशों का संरक्षण एवं संवर्द्धन मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वाहन की उपलब्धता कैसरगंज में निराश्रित, बेसहारा एवं छुट्टा गोवंशों के संरक्षण में उपयोगी होगा।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी मिहींपुरवा अजीत कुमार सिंह, कैसरगंज सर्वेश कुमार वर्मा, जरवल सत्य प्रकाश पांडे, सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजेश कुमार चौधरी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी आलोक कुमार मिश्रा, एडीओ कृषि प्रेम शंकर शाश्वत, एडीओ समाज कल्याण वैदेही रमन वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी नीलम वर्मा आदि मौजूद रहे।

## आशीर्वाद दीजिए रुपया नहीं, पुलिस ने पेश की मिशाल

- मध्य प्रदेश से दर्शन को आई श्रद्धालु का जेवरात और रुपया भरा बैग लौटाया



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

बहराइच पुलिस का शनिवार को एक अलग ही चेहरा देखने को मिला। मध्य प्रदेश निवासी यात्रियों का जेवरात और नकदी से भरा बैग जनपद में गिर गया। जिसे पुलिस ने बरामद कर बुजुर्ग महिला श्रद्धालु को दिया। इस पर खुश होकर महिला पुलिस को रूपया देने लगी। जिस पर एएसपी नगर और अन्य पुलिस कर्मियों ने रूपया लेने से मना कर दिया। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से विपुल सागर महाराज की टीम श्रावस्ती में स्थित बौद्ध तपोस्थली का दर्शन करने आई थी। वापस आते समय आसाम रोड पर महाराज के साथ मौजूद यात्रियों का बैग गिर गया। बैग में हजारों रूपये के साथ जेवरात भी थे। रुपयों भरा बैग पुलिस के हाथ लगी। अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि बैग में मिले आधार कार्ड से मध्य प्रदेश पुलिस से संपर्क किया गया। इसके बाद महिला श्रद्धालु से वार्ता की गई। शनिवार को महिला श्रद्धालु को कार्यालय में जेवरात और रूपये का बैग दिया गया। बैग वापस मिलने से वृद्ध महिला काफी खुश दिखीं। वह अपर पुलिस अधीक्षक और इंसपेक्टर को रूपया देने लगी। इस पर पुलिस ने रूपया देने के बजाए आशीर्वाद की मांग की। साथ ही कहा कि सरकार मुझे रूपये दे रही है। इस पर महिला ने प्रसाद और आशीर्वाद दिया और मध्यप्रदेश के लिए रवाना हो गई।

# होली के मद्देनजर थानों पर सम्पन्न हुई पीस कमेटी की बैठक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

थाना जरवल, कैसरगंज व फखरपुर परिसर में होली व शब-ए-बारात त्यौहार के मद्देनज़र आयोजित पीस कमेटी की बैठकों को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने कहा कि पर्व दिलो को जोड़ने का काम करते है। इसलिए हमें सभी पर्व आपसी भाई चारे व सौहार्द के साथ मिलजुलकर मनाना चाहिए। होली का पर्व सन्निकट है। होली खेलते समय एक दूसरे की भावनाओ का सम्मान करें। अफवाहों पर ध्यान न दे। अराजक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी।

डीएम व एसपी ने कहा कि होली के पर्व को हर्षोउल्लास के साथ मनाए। किसी प्रकार के नशे का सेवन न करे। किसी गांव में अगर होली के पर्व को लेकर कोई समस्या हो तो पहले ही प्रशासन को अवगत कराएं ताकि समस्या का समय से समाधान कराया जा सके। होलिका दहन के दौरान किसी के फसल को नुकसान न पहुंचे।

वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें और नशे की हालत में वाहन न चलाये। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने ग्राम प्रधानों का आहवान किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर प्रशासनिक तन्त्र का प्रतिनिधि मानते हुए जो भी छोटी-मोटी समस्याएं हैं उसे जिला प्रशासन के संज्ञान में लायें ताकि समय रहते उनका समाधान कराया जा सके। सभी लोगों से अपेक्षा की गयी कि पूर्व की भांति सूझ-बूझ का परिचय देते हुए आसन्न त्यौहारों को भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें। डीएम व एसपी ने वरिष्ठ नागरिकों से अपेक्षा की कि समाज के लोगों विशेषकर युवाओं को संयमित व्यवहार करने के लिए प्रेरित करें। डीएम व एसपी ने लोगों को आश्वस्त किया कि त्यौहारों के अवसर पर बिजली, पानी, साफ-सफाई के साथ-साथ गुड पुलिसिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी। जिला प्रशासन पूरी तरह से तटस्थ व निष्पक्ष रहते हुए कार्यवाही करेगा। थाना फखरपुर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक के दौरान पब्लिक ऐप्रूअल सिस्टम में थाना फखरपुर को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर डीएम व एसपी ने एसओ वेद प्रकाश शर्मा को सम्मानित किया। इसके अलावा मौजूद लोगों को डीएम द्वारा नशीले पदार्थो का सेवन न करने का संकल्प भी दिलाया गया।

बैठक के दौरान क्षेत्रीय धर्मगुरूओ, गणमान्य एवं संभ्रान्तजनों द्वारा बिजली, पानी, साफ-सफाई इत्यादि के सम्बंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी महेश कुमार कैथल, सीओ कैसरगंज, कमलेश कुमार सिंह, तहसीलदार अजय यादव, थानाध्यक्ष दद्दन सिंह, थाना कैसरगंज में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में प्रमुख कैसरगंज सन्दीप सिंह विसेन, नायब तहसीलदार अलपिका वर्मा, मण्डल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह सहित क्षेत्रीय गणमान्य एवं संभ्रान्तजन प्रभात सिंह, डॉ अरविंद सिंह, भगवान दास सोनी, मौलाना खालिद, कौशलेंद्र चौधरी, अरसद राईस, मो. कलीम, झब्बर यादव व अन्य थाना जरवलरोड में आयोजित पीस कमेटी की बैठक के दौरान थानाध्यक्ष जरवलरोड राजेश कुमार सिंह, संजय राव, पवन वर्मा, प्रदीप जायसवाल, विनोद शुक्ला, प्रमोद गुप्ता, कमाल खां, असलम, अबू सहमा, रोहित सिंह व अन्य थाना फखरपुर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक के दौरान प्रमुख प्रतिनिधि रणवीर सिंह मुन्ना, क्षेत्रीय गणमान्य एवं संभ्रान्तजन, प्रदीप पाण्डेय, सीताराम पाण्डेय, मान सिंह सहित धर्मगुरू तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# आई एम ए का आयोजन विशेषज्ञों का जमावड़ा

- नई खोज नई बीमारियों को लेकर की गई चर्चा
- कोरोना को भी याद कर बांटे गए अनुभव
- विशेषज्ञों ने चिकित्सा क्षेत्र में हो नई नई खोज और उनके उपयोग की दी जानकारियां







### सेमिनार में मैनकाइंड का सेल्फी प्वाइंट भी था आकर्षक का केंद्र

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायबरेली यूनिट के द्वारा रीमाकांन सेमिनार का आयोजन किया गया था जिसमें बड़े-बड़े विशेषज्ञ डॉक्टरों का जमावड़ा लगा था वही बड़ी-बड़ी कंपनियों के स्टाल भी लगाए गए थे जिनमें से मैनकाइंड फार्मा की तरफ से एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था जो लोगों में आकर्षण का केंद्र रहा।

### टेक्नोलॉजी से हमें और रहना होगा सुसज्जित तभी बीमारियों पर रहेगी पकड़

एडवांस एमआरआई मशीन के ज़रिए ऐसे मरीजों में रोग के कारणों को पकड़ना ज्यादा आसान हुआ जिससे पहले कई दवाओं से होने वाला इलाज अब महेज़ एक ऑपरेशन से ठीक हो जाता है। वहीं बीएचयू के रिटायर्ड मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ और पद्म श्री अवार्डी डॉक्टर के के त्रिपाठी के मुताबिक कोरोना के बाद मरीज़ों में जहां एंग्जाइटी और डिप्रेशन के लक्षण आये वहीं लोगों में साफ सफाई और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और साफ सफाई को लेकर लोगों में सजग रहने की प्रवृत्ति कोरोना काल के आफ्टर एफेक्ट से बाहर निकलने में सहायक साबित हुई है। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट जनऔषधि को भी पोस्ट कोरोना के एफेक्ट से बाहर निकलने में सहायक बताया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में लोगों की कमाई अगर घटी तो जनऔषधि केंद्र से दवाएं सस्ती मिलीं जिससे उनकी एंग्जाइटी में कमी आई।

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कोरोनाकाल के दौरान दो साल से बंद रायबरेली आइएमए की कॉन्फ्रेंस इस बार फिर आयोजित हुई है। देश के अलग अलग हिस्सों से आये चिकित्सा विधा के विशेषज्ञों ने इस क्षेत्र में हो रही नई नई खोज और उनके उपयोग की जानकारियां दीं। इस दौरान ज़्यादातर चिकित्सकों का फोकस इस बात पर रहा कि कोरोना के बाद मरीज़ों में व्यवहारिक रूप से आये बदलाव को लेकर किस तरह उनकी बीमारियों का प्रबंधन किया जाए। पीजीआई लखनऊ से न्यूरोलॉजी के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉक्टर विमल पालिवाल ने इस दौरान बताया कि इस क्षेत्र में कोरोना के चलते बहुत बदलाव तो नहीं हुआ लेकिन मिर्गी जैसे रोग के मरीज ज़रूर सामने आए हैं। कोरोना काल के दौरान इस क्षेत्र में मशीनों को ज़्यादा एडवांस किया गया जिससे अब इस

# ब्लाक हरचंदपुर में एक दिवसीय रोजगार मेला 28 फरवरी को

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

खण्ड विकास कार्यालय परिसर, हरचंदपुर, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 28 फरवरी 2023 को किया जा रहा है। रोजगार मेला में, ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल, पीपल ट्री ऑनलाइन, स्फाकिया एग्रोटेक प्रा.लि., जी.फोर.एस.सिक्योरिटी सॉल्यूशन इंडिया प्रा.लि., रॉयल एनफील्ड, शिवशक्ति बायोटेक्नोलॉजी लि. द्वारा मार्केटिंग सुपरवाइजर, सेल्स रिर्पेसेन्टेटिव, सुपरवाइजर, सेल्स एक्जक्यूटिव, सेल्स रिर्पेसेन्टेटिव, एच.आर. एग्जीक्यूटिव, मल्टी टास्किंग एग्जीक्यूटिव, एल.जी.ई., बी.डी.ई, आर.ओ. टेक्नीशियन, टेलीकॉलर, अकाउंटेंट, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ब्लॉक ऑफिसर एण्ड फील्ड ऑफिसर, वूमेन ऑफिसर एंड वूमेन फील्ड ऑफिसर, पिकर पैकर, ऑपरेटर, ए.टी.एम.कस्टोडियन, एग्जीक्यूटिव, सेल्स एग्जीक्यूटिव, टेलीकॉलर, सुपरवाइजर, रिसेप्शनिस्ट, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्स रिर्पेसेन्टेटिव, सिक्योरिटी गार्ड पद हेतु चयन प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी। आयु 18 से 45 वर्ष, शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटर, स्नातक अभ्यर्थी ही प्रतिभाग कर सकते है। उपरोक्त कंपनियां लगभग 425 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही है।

मेला में प्रतिभाग करने हेतु विभागीय पोर्टल sewayojan.up.nic.in (रोजगार मेला आई0 डी0 7322) के माध्यम से पंजीकृत अभ्यर्थी लॉगिन करके नियोजकों व कंपनियों में उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है।

## खबरें एक नजर में

### तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा अपराध नियंत्रण एव वांछित,ईनामिया अभियुक्तो की गिरफ्तारी एवं अवैध असलहो की तस्करी तथा अवैध मादक पदार्थ द्रव्यों की बिक्री व तश्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत शनिवार को लालगंज पुलिस टीम द्वारा डलमऊ बाई पास मोड के पास से एक अभियुक्त राजेंद्र कुमार पुत्र रामकुमार निवासी टिकाऊ का पुरवा थाना गदागंज को एक देशी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर स्थानीय थाना पर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

### चोरी की घटना का अनावरण, चोरी की सरिया, ट्रैक्टर सहित चार अभियुक्त गिरफ्तार



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत आज दिनांक 24 फरवरी 2023 को थाना मिल एरिया पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-83/2023 धारा-379/411 भादवि से संबंधित/प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1.सुनील कश्यप पुत्र कल्लू कश्यप निवासी दाउदपुर थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली 2.होरीलाल पुत्र रामजी निवासी दाउदपुर थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली 3.सचिन पटेल पुत्र चन्द्रप्रकाश निवासी दाउदपुर थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली 4-अभिषेक पुत्र हुकुमचन्द्र निवासी खसपरी थाना मिल एरिया को चोरी की सरिया सहित थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है । जिनके विरुद्ध थाना मिल एरिया पर विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया

### बसपा कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर बैठक सम्पन्न

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम बांधा में आयोजित बसपा के कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए नगर के मोहल्ला चौघड़ा स्थित बसपा कार्यकर्ता चंद्रकांती के आवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में बसपा जिलाध्यक्ष रामविलास गौतम ने बताया कि बसपा की रीतियों-नीतियों को जन-जन पहुंचाने और प्रत्येक बूथ पर पांच यूथ की तैनाती करने के उद्देश्य रविवार को बाँधा परशुरामपुर में आयोजित होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन को बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल संबोधित करेंगे। जिलाध्यक्ष ने विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से सम्मेलन में शामिल होने की अपील की। बैठक में बसपा नेता शिवपाल गौतम मंगल बौद्ध व रामपाल यादव आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात वाहन पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया। पहचान न होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लखनऊ-कानपुर नेशनल हाईवे के पास एक युवक जाजमऊ चौकी से आगे चंदन घाट की ओर पैदल जा रहा था तभी लखनऊ की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर जा गिरा। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों को बुलाकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। जिसपर पुलिस ने शव को 72 घंटे के लिए पोस्टमार्टम में रखवाया है। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक ने नेवी ब्लू शर्ट और काली पैंट पहन रखी थी। सोशल मीडिया का सहारा लेते हुए पुलिस ने शव का फोटो वॉलिंटियर्स ग्रुप में भी शेयर किया है। इसके साथ ही चौकी और थाने के सिपाही आसपास के गांवों में भी शिनाख्त कराने के लिए जानकारी कर रहे हैं लेकिन अब तक कोई भी जानकारी नहीं हो सकी है।

# मजदूरों से भरा लोडर पलटने से एक की मौत दो दर्जन घायल

**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



मजदूरों से भरा लोडर तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया।जिसमें दो दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।जबकि एक महिला की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

सलोन कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी सूची अंतर्गत रेवहारा नायन मार्ग पर बड़े पुरवा के पास मजदूरों से भरा लोडर अनियंत्रित होकर पलट गया।जिसमें दो दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घटनास्थल पर लोगों की चीख-पुकार मच गई। लोडर सवार सभी लोग आलू खोदने जा रहे थे।सूचना पर सूची चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहां डॉक्टरों ने रानी पत्नी रामबक्स निवासी पूरे गरीब को मृत घोषित कर दिया। जबकि राम मनोहर, सुमन, तीर्थदेई को गंभीर हालत होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।वहीं घटना के बाद लोडर छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज रफ्तार के कारण भीषण हादसा हुआ है।मौत की खबर सुनते महिला के परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून

- दो किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर ग्रामीण
- दस साल पहले बनी पानी की टंकी से नहीं हो सकी जलापूर्ति



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

पानी की किल्लत को दूर करने के लिए सरकार की ओर से नल से जल योजना शुरू की गई है, लेकिन गर्मी का मौसम शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। खारे पानी का दंश झेल रहे ग्रामीणों को पीने के लिए मीठे पानी की एक एक बूंद दो से तीन किलोमीटर दूर से लाना मजबूरी बनी हुई है।ऐसा भी नही है कि उनके गांव में पाईप लाईन नही है लेकिन वहां पानी टंकी से जलापूर्ति ही नही होती। दर्जनों बार उन्होंने जिम्मेदारों से गुहार लगायी लेकिन नजीता शून्य निकला।ममला गौरी मजरे उतरागौरी गांव का है।नूर मोहम्मद बताते हैं कि पूरे गौरी गांव में तीस घर हैं।पेयजल के लिए तीन इंडियामार्क नल लगे हैं जिनमें से एक नल लगभग एक साल से खराब पड़ा है।शेष दो इंडियामार्क नलो से खारा पानी निकलता है जिसका प्रयोग बर्तन व कपड़े साफ करने में ही होता है।ग्रामीणों को पेयजल के लिए लगभग दो किलोमीटर दूर रिसाली का पुरवा गांव में लगे इंडियामार्क नल से मीठा पानी लाना पड़ता है।लगभग दस साल पहले पूरेधूनू गांव में पानी टंकी बनी तो ग्रामीणों में उम्मीद जगी थी कि उन्हें अब शुद्ध पेयजल मिल सकेगा लेकिन उनकी यह आस पूरी नही हो सकी।गांव में पाईप लाईन तो बिछी लेकिन गांव तक पानी नही पहुंच सका।

### योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे ग्रामीण

गौरी गांव के रिफाकत हुसैन, अहमद हुसैन, शरीफ, राजकुमार,शिवराज आदि ने बताया कि पेयजल के लिए ग्रामीणों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।पूरे राना गांव में भी यही समस्या है।यहां भी आधे से अधिक गांव में पानी टंकी से जलापूर्ति नही हो पा रही है। पाईप लाईन बिछी होने के बाद भी पानी न मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश है। पूरेराना गांव की रहने वाली अनीता कहती हैं कि इंडियामार्क नल खराब होने पर चंदा लगाकर ठीक कराना पड़ता है। शिवनाथ कहते हैं कि साईकिल से प्रतिदिन पानी भरकर लाते हैं जब जाकर घर में खाना बनता है।मुस्तफा कहते हैं कि सर्दियों तक तो ठीक था कम पानी लगता था लेकिन अब गर्मी आ गयी है,साइकिल से प्रतिदिन पानी भरकर लाना पड़ता है। गर्मी में अधिक दूरी होने के कारण महिलाओं को पानी लाने में दिक्कत होती है। इन लोगों ने बताया कि पूर्व में सरकारों व जनप्रतिनिधियों से ग्रामीण दर्जनों बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन किसी भी नेता व प्रशासनिक अधिकारी ने ग्रामीणों की इस समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। सरकार की ओर से हर योजना पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन इन योजनाओं का ग्रामीण क्षेत्रों में सही लाभ आम लोगों को नहीं मिल पाता।

### क्या कहना है ग्राम प्रधान का

ग्राम प्रधान विजयपाल ने बताया कि एक पंप हाउस होने से पानी टंकी भरने में दस से बारह घंटे लगते हैं। जिससे सुबह से जलापूर्ति होती है। उतरागौरी गांव में जनापूर्ति नहीं हो पाती। पंप हाउस को बोरिंग के रिबोर पाइप लाइन बदलने, नई पानी टंकी का प्रस्ताव भेजा गया है।

# कच्ची शराब बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

- होली से पहले ही जिले में चढ़ने लगा अवैध कच्ची शराब का रंग
- होली आते ही धधकने लगीं अवैध शराब की भट्ठियां

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



रंगों के त्योहार होली पर हादसे का डर है। जानलेवा खुफिया दारू की बड़ी खेप तैयार है। यह जहरीली भी हो सकती है। अवैध शराब के सौदागर इसे लोगों के हलक तक पहुंचाएंगे। काली कमाई के चक्कर में उनकी जान जोखिम में डालेंगे। होली नजदीक आते ही इसकी डिमांड में बढ़ोतरी होती है मजदूर और देहात के लोगों के लिए महंगी अंग्रेजी शराब पीनी मुमकिन नहीं है। इसके चलते अवैध देशी शराब से यह लोग अपना शौक पूरा करते हैं। आगामी होली के त्यौहार पर अवैध कच्ची शराब की मांग गांवों में बढ़ने लगी है। इसलिये आपको नदी और जंगलों के किनारे प्रायः खुले आम दिन दहाड़े अवैध कच्ची शराब बनती देखी जा सकती है। इस अवैध कारोबार में लिप्त लोगों पर फौरी कार्रवाई के चलते कच्ची शराब का धंधा तराई में खूब फल फूल रहा है।अवैध कच्ची शराब पीने वालों में वयस्कों के साथ लड़कें भी शामिल बताये जा रहें हैं। अवैध कच्ची शराब बेचने और बनाने में महिलाओं के साथ नाबालिग बच्चों की भी अहम भूमिका बताई जा रही है। इन दिनों जंगल में कच्ची शराब बेचने का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल हो रहा है, जो डलमऊ थाना क्षेत्र के कल्यानपुर बेंती का बताया जा रहा है।

### वायरल वीडियो वाले स्थान पर पहुंचा आबकारी विभाग

सोशल मीडिया पर जो शराब बनाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है जिला प्रशासन के द्वारा उसको संज्ञान में लेकर जब आबकारी विभाग और डलमऊ एसडीएम की संयुक्त टीम ने उस स्थान की खोजबीन की जहां पर शराब बनाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है वहां पर उनको ऐसा कुछ भी नहीं मिला फिर भी आबकारी विभाग का कहना है कि हमारी छापेमारी लगाता चलती रहेगी जहां पर भी ऐसा नैतिक कार्य होगा उन लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कारवाई की जाएगी

### क्या कहना है स्वास्थ्य विभागों के एक्सपर्टों का

स्वास्थ्य विभाग के एक्सपर्टों की माने तो अवैध रूप से बनाई जाने वाली कच्ची शराब में ज्यादा नशा बढ़ाने के लिए जहरीली दवाओं के साथ-साथ यूरिया और केमिकल आदि का भी प्रयोग किया जाता है। जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक होता है। लगातार कच्ची शराब के सेवन करने से गुर्दे और फेफड़े खराब हो जाते हैं और शरीर में सूजन और सिर के बाल झड़ने आदि की भी शिकायत होने लगती है।

# मारपीट में घायल अधेड़ की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते गुरुवार की रात दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले थे। झगड़े में एक 50 वर्षीय व्यक्ति घायल हुआ था। आज हैलट कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक का शव उसके घर आते ही पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गांव अमीरपुर नेवादा निवासी उल्फत अली पुत्र रफीक अली और गांव के ही सलमान व चांदबाबू पुत्र शौकत के बीच किसी बात को लेकर गुरुवार की देरशाम झगड़ा हो गया था। मारपीट के दौरान वर्ष उल्फत अली के सिर में गंभीर चोट लग गई थी। परिजनों ने आनन-फानन घायल को बांगरमऊ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। डाक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए रेफर कर दिया किंतु परिजन घायल को लेकर कानपुर हैलट अस्पताल पहुंचे। जहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। परिजन कानपुर से पोस्टमार्टम कराए बगैर शव को लेकर घर आ गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। परिजनो की तहरीर पर शुक्रवार को ही पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 504, 506, 308 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई थी। पुलिस दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पुलिस पूंछताछ कर रही है। थाना प्रभारी रमेश चंद साहनी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। पहले से दर्ज रिपोर्ट में हत्या की धारा तरमीम कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# रोटरी क्लब के मेगा स्वास्थ्य शिविर से सैकड़ों मरीज लाभान्वित



- रोटरी क्लब के मेगा स्वास्थ्य शिविर में हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण
- जरूरतमंद को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना रोटरी क्लब का ध्येय : अरविंद श्रीवास्तव

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रोटरी क्लब, रायबरेली के द्वारा जिले के मनेहरू स्थित रामपाल सिंह स्मृति लॉ कॉलेज मे एक दिवसीय विशाल मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ रोटरी क्लब रायबरेली के पूर्व अध्यक्ष राजीव भार्गव, रामपाल सिंह स्मृति लॉ कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक यशपाल सिंह, रोटरी क्लब रायबरेली के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। रोटरी क्लब, रायबरेली के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने आए हुए चिकित्सकों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा जरूरतमंद और निर्धन लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना रोटरी क्लब का प्रमुख ध्येय है। उन्होंने बताया रोटरी सेवा सदन में नि:शुल्क चिकित्सीय सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध है। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजीव भार्गव ने रोटरी क्लब एवं रोटरी सेवा सदन द्वारा चलाई जा रही सेवाओं के विषय में बताया। टेंडर पाम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ एवं रामा मेडिकल कॉलेज, कानपुर से आई हुई वरिष्ठ एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के द्वारा 594 मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें परामर्श दिया गया। मनहेरू एवं आसपास के लगभग एक दर्जन ग्रामों से आए हुए मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर उन्हें मुफ्त चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

### खेलकूद मैदानो का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड बीघापुर के गांव रुद्रपुर व बेल्हा दयालगंज में मनरेगा योजना के अंतर्गत बनाए गये खेलकूद मैदानों का बीडीओ ने निरीक्षण किया और ग्रामवासियों के साथ बैठक कर मैदानों को उपयोगी सुविधाएं व बेहतर उपयोग के लिए विचार विमर्श किया। बीडीओ दिनेश कुमार यादव ने कहा कि गांव में खेलकूद की प्रतिभाओं को उभारने के लिए यह मैदान उपयोगी साबित होंगे और युवा वर्ग इन मैदानों का प्रयोग करके अपने भविष्य को सुनहरा बनाएंगे। आप सबके सुझाव पर इनमें जरूरी सुविधाओं से भी सुसज्जित किया जाएगा।

# बाइक सवार बदमाशों ने महिला के गले से छीना मंगलसूत्र

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

शहर उन्नाव में बुआ के घर आ रही कानपुर निवासी महिला के गले से दिनदहाड़े मंगलसूत्र झपटकर बाइक सवार लुटेरे फरार हो गए। जानकारी पर पुलिस ने कई जगह सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी और महिला का नाम पता व मोबाइल नंबर लेकर उसे चलता कर दिया।

कानपुर नगर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के आवास विकास निवासी ज्योति पत्नी अंकित तिवारी सदर कोतवाली के मोहल्ला जुराखनखेड़ा निवासी अपनी बुआ प्रेमलता के घर जा रही थी। रोडवेज बस से गदनखेड़ा बाईपास पहुंचने पर बस से उतरते ही किसी का फोन आ गया। वह बात करते हुए छोटा चौराहा जाने के लिए एक ई-रिक्शा पर बैठी।

ज्योति ने बताया कि अभी ई-रिक्शा 500 मीटर दूर एसबीआई के पास ही पहुंचा था कि चालक ने सवारी देख गाड़ी रोक दी तभी हेलमेट लगाए दो बाइक सवार अचानक सामने से आए और उसके गले में पड़ा मंगलसूत्र झपटकर बाईपास की ओर रफूचक्कर हो गए।

शोर मचाने पर वहां लोगों की भीड़ जमा हो गयी। पुलिस ने एक-दो प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। जिसमें बाइक सवार दो युवक घटना को अंजाम देते दिखे। पुलिस ने महिला का नाम पता व मोबाइल नंबर नोट कर लिया। कोई बरामदगी होने पर उससे संपर्क करने का आश्वासन देकर चलता कर दिया। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी प्रवीण पुंज ने बताया कि घटना की सूचना पर मौके पर गया था। सीसीटीवी फुटेज देखी गई हैं। घटना ललऊखेड़ा चौकी क्षेत्र की है।

### समाधान दिवस पर एसपी ने सुनी समस्याएं



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को कोतवाली गंगाघाट में समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने आये फरियादियों की समस्याएं सुनी। समाधान दिवस पर कुल नौ फरियादियों नें अपनी समस्याओं के निस्तारण करने के लिए पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया। जिसमें से सात शिकायतें राजस्व से और दो पुलिस से संबंधित शिकायतें रही। जहां पर पुलिस ने एक राजस्व व दो पुलिस से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले छात्र की हार्टअटैक से मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



सदर कोतवाली क्षेत्र में सुबह टहलते समय गश खाकर छात्र गिर गया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। डाक्टरों ने हार्ट अटैक मौत की वजह बताई है। छात्र आर्मी में जाने की तैयारी कर रहा था। वह रोज सुबह टहलने निकलता था।

मगरवारा चौकी क्षेत्र के अवस्थीखेड़ा गांव के रहने वाले लल्लू उर्फलक्ष्मीकांत साहू का इकलौता बेटा विशाल साहू (21) उन्नाव शहर के एक निजी कालेज में बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। वह आर्मी में भर्ती की तैयारी कर रहा था। सुबह वह रोज की तरह घर से टहलने के निकल गया था। रास्ते में अचानक उसे चक्कर आया और वह गिर पड़ा। राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का अपने बच्चे की आकस्मिक मौत पर भरोसा ही नहीं हो पा रहा था। इस वजह से वह उसे एक निजी अस्पताल ले गए। वहां पर भी डाक्टर ने विशाल को मृत घोषित कर दिया। डाक्टर की ओर से हार्टअटैक के चलते मौत होना बताया जा रहा है। इकलौते बेटे की आकस्मिक मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। मां लक्ष्मी साहू और उसकी छोटी बहन प्रियंका सदमे में हैं। पिता लल्लू साहू कानपुर में एक निजी फैक्ट्री में काम करते हैं। छात्र विशाल काफी होनहार था। उसकी आकस्मिक मौत की जानकारी होने पर अवस्थीखेड़ा गांव में शोक की लहर है।

# भाई के स्थान पर परीक्षा देने आया मुन्ना भाई दबोचा गया

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

भाई के स्थान पर हाईस्कूल यूपी बोर्ड की परीक्षा देने आये मुन्ना भाई को स्कूल प्रबंधन ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया जिसे पुलिस ने न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। बांगरमऊ नगर के स्थित रामदुलारी सैनी इंटर कालेज में विद्यार्थी मुकीम का पेपर होना था। यूपी बोर्ड की परीक्षा की प्रथम पाली में विद्यार्थी के स्थान उसका भाई शादाब पुत्र जवाद अली निवासी शेरपुर कला थाना बेहटा मुजावर चित्रकला का पेपर देने स्कूल पहुंच गया तभी जांच कर रही स्कूल टीम द्वारा इस मुन्ना भाई को पकड़ लिया गया तथा पुलिस के हवाले कर दिया गया। मामले को लेकर विद्यालय स्टाफ की तरफ से प्रधानाचार्य वर्षारानी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 419, 420 आईपीसी 6/10 तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **श्रीमती जयतूना पत्नी अशफाक अली पताः ग्राम-हरदाही, पो0 शिवपुर बैरागी, परगना इकौना तहसील व जिला बहराइच** मेरी प्रापर्टी के मूल बैनामा का लास्ट पन्ना (2 पेज) कहीं खो गया है जिसका विवरण निम्न हैं नाम - जयतूना - बही संख्या 1, जिल्द सं.5669 पृष्ठ सं. 373 से 390, क्रमांक 2026, दिनांक 20/02/2014 है जिस किसी सज्जन को मिले वह 8299724042 पर सूचित करे।

# राष्ट्रवाद का अतिरेक और साम्राज्यवाद

राष्ट्रवाद की मूल भावना से राष्ट्र में एकता अखंडता की संभावनाएं बलवती होती हैं। हम सब एक हैं इसकी इच्छा तथा भावना दोनों पनपती हैं और इन सद्भावनाओं के पीछे इतनी शक्ति, ऊर्जा एवं ताकत होती है कि विदेशी आक्रांताओं की गुलामी से निजात पाई जा सकती है। राष्ट्रवाद से स्वतंत्रता तथा संप्रभुता प्राप्त की जा सकती है। किंतु इतिहास तथा अतीत में कुछ संदर्भित घटनाएं ऐसी हुई है जिससे इसके दुष्परिणाम एवं दुष्प्रभाव प्रकट हुए हैं। जिसका दुष्परिणाम एक देश, एक महाद्वीप ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में प्रकट हुआ हैस दूसरी तरफ राष्ट्रवाद के अतिरेक या अंधराष्ट्रवाद के परिणाम स्वरूप उपनिवेशवाद व साम्राज्यवाद ने जन्म लिया है। इसी के परिणाम स्वरूप अफ्रीका महाद्वीप में बंटवारा हुआ वहां के निवासियों के साथ पशु तुल्य व्यवहार किया गया और हमारे देश यानी भारत जैसे आत्मनिर्भर, संपन्न, खुशहाल देश को गुलाम बनाया गया और गरीबी, भूखमरी, अकाल, कुपोषण जैसी विसंगतियों के साथ निवासियों को जीने के लिए मजबूर कर दिया गयास राष्ट्रवाद की भावना ने संपूर्ण गुलाम देशों में एक चिंगारी भर दी थी जिससे जन-जन एक योद्धा बन गया था, और भारत अफ्रीका दक्षिण पूर्वी देश इस जिजीविषा के दम पर स्वतंत्र हो गए थे। यही राष्ट्रवाद की भावना है जिससे वहां के नागरिक कठिन से कठिन परिस्थिति में भी देश की सुरक्षा करने को अपने आप को प्रेरित करते हैं और देशभक्ति की भावना के कारण ही किसी भी देश का विकास होता है। राष्ट्रवाद मानवता से ऊपर नहीं हैस राष्ट्रवाद एक विशेषता है, किंतु अंध राष्ट्रवाद घातक भी हो सकता है। मानवता और राष्ट्रवाद की तुलना करना बेमानी है यह सर्वमान्य तथ्य है कि मानवता सर्वोपरि है। उसके पश्चात ही किसी देश या व्यक्ति का राष्ट्रवाद आता हैस यह अत्यंत ही रोचक बात है कि राष्ट्रवाद ने हीं साम्राज्यवाद उपनिवेशवाद को जन्म दिया है, और राष्ट्रवाद ने ही इसका सर्वनाश भी कियास यह राष्ट्रवाद का अतिरेक ही था कि नेपोलियन द्वारा फ्रांस की इस भावना के अंतर्गत यूरोपीय राजनीति को जटिल बना दिया था एवं बिस्मार्क को राष्ट्रवाद के अतिरेक ने प्रेरित कर संपूर्ण यूरोप को शतरंज की गोटियां की तरह अस्त-व्यस्त कर दिया थास यह राष्ट्रवाद का विकृत रूप ही था जब हिटलर और मुसोलिनी जैसे कट्टरपंथियों ने नाजीवाद तथा फांसीवाद की आड़ में संपूर्ण विश्व को विश्व युद्ध की भयानक विभीषिका में झोंक दिया एवं लाखों लोगों मृत्यु तथा अरबों रुपए के जानमाल की हानि का कारण बने थे। अंध राष्ट्रभक्ति के कारण युद्ध में लाखों लाख सैनिकों की मौत हुई, महिलाएं विधवा हो गई बच्चे अनाथ हो गए एवं मानवता तहस-नहस हो गई थीस उल्लेखनीय है कि सोवियत संघ तथा अमेरिका के आपस में परस्पर पारंपरिक दुश्मनी के कारण साम्यवाद तथा पूंजीवाद की विचारधारा की बुनियाद पर पूरा संसार दो गुटों में बट गया और शस्त्र अस्त्र की होड़ लग गई है,अधिकांश देशों का खर्च विकास की बजाए सैन्य ताकत बढ़ाने और अपनी सीमा की रक्षा में होने लगा। युद्ध की आकांक्षा के अतिरेक में मानवता भयभीत होकर सिसकने लगी। वर्तमान संदर्भ में रूस यूक्रेन युद्ध भी पुतिन की राष्ट्रवादी सोच एक विकृत रूप ले चुकी है और विस्तार वाद तथा साम्राज्यवाद के चलते पुतिन ने 24 अप्रैल 2022 यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू कर दिया जो आज तक जारी है। पूरा विश्व इस साम्राज्यवादी युद्ध को सिर्फ दूर से देखने का कार्य ही कर रहा है, विश्व युद्ध की आशंका से न तो अमेरिका और ना ही यूरोपीय देश इसमें सक्रिय हस्तक्षेप ही कर पा रहे हैं। यह अंध राष्ट्रवाद के सामने मानवता मजबूर हो चुकी है। यूक्रेन के लगभग एक करोड़ से ज्यादा लोग यूक्रेन से पलायन कर दूसरे देशों में शरणार्थी बनकर जीवन यापन करने पर मजबूर हैं। दूसरी तरफइस युद्ध में लाखों लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं। अभी भी यूक्रेन में कई शहरों में बड़ी इमारतों के मलबे से सैकड़ों शव निकाले जा रहे हैं, क्या यह मानवता की हार नहीं है? साम्राज्यवाद और विस्तारवाद के चलते विश्व युद्ध की आशंका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवता के सर पर मंडरा रही है। राष्ट्रवादिता किसी भी मनुष्य या शासक पर एक सीमा तक ही उचित है, इसका अतिरिक्त सदेव हिंसा युद्ध और पछतावे को जन्म देता है। देशभक्ति किसी भी शासक के लिए जब अंधदेशभक्ति अतिरेक बन जाती है तो वह मानवता के लिए सदैव खतरनाक होती है। अतः आज के युग में राष्ट्रवाद देशभक्ति और मानवता के महीन अंतर को समझ कर ही नीति तैयार होनी चाहिए। भारत वर्ष सदैव शांति सद्भावना और मित्रतता नीति अपनाते आया है एवं वसुधैव कुटुंबकम भावनाओं को लेकर चला है, विश्व को भारत को आदर्श मानकर उसकी नीति का अनुसरण करना चाहिए तब जाकर सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय हो सकता है।

# पश्चिम दर्शन में भटकाव ज्यादा

संजीव ठाकुर

भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका है। बुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका हैस महिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई है।
बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह बच्चों को नैतिक तथा बुनियादी शिक्षा देकर उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी भी दम पत्तियों पर होती है पर वर्तमान में बच्चे मां बाप से दूर होते जा रहे हैं और बुजुर्ग अपनी संतानों से मोबाइल, व्हाट्सएप फेसबुक और इंटरनेट ने नौजवान पीढ़ी और बुजुर्गों के बीच एक बड़ा संवाद हीनता का संकट पैदा कर दिया है। बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार, समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश की संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित है। करोना की तीसरी लहर से भारतीय समाज में निवास कर रहे बुजुर्गों की बड़ी संख्या को हमें सुरक्षित और महफूज़ रखना है। वह वटवृक्ष की तरफहम सबका मार्गदर्शन करते हैं, अतः हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करें। इसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगी। भारत सरकार की लगातार चेतावनी और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी निर्देशों की अवहेलना अभी भी भारत देश में जारी है। सैकड़ों लोग मौत के मुंह में समा चुके हैं। हमें कोविड-19 के आतंक के साए को भी नहीं भूलना चाहिए। हमे लगातार सावधानी रख कोविड-19 के प्रोटोकॉल का अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ संगठन की गाइडलाइंस के अनुसार अपना आचरण रखना होगा। अन्यथा कोविड-19 की तीसरी लहर फिर भारत के निवासियों को परेशान कर सकती है।

भारत मूलतः परंपरावादी वैदिक तथा सनातनी देश है पर आधुनिकता ने देश के संयुक्त परिवारों को खंडित कर दिया है। अधिकांश परिवार अब एकल परिवार में परिवर्तित हो गए हैं ऐसे में बुजुर्ग तथा बच्चे सबसे ज्यादा इस त्रासदी के शिकार हुए हैं। आधुनिक जीवन शैली ने माता पिता को नन्हे बच्चों से दूर कर दिया है इसी तरह बुजुर्गों के साथ उनकी संतानों की संवेदनहीनता ने असहाय सा बना दिया है। बच्चों तथा बुजुर्गों को इसी समय सबसे ज्यादा अपने माता पिता तथा संतानों के सहयोग एवं संरक्षण की आवश्यकता महसूस होती है। यदि आधुनिक जीवन शैली के कारण बुजुर्गों तथा बच्चों का उनके अभिभावक एवं पुत्रों पुत्रियों के साथ संवाद हीनता एक बड़ी पीड़ा का कारण बन जाति है। भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका है। बुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका हैस महिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई है।

बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह बच्चों को नैतिक तथा बुनियादी शिक्षा देकर उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी भी दम पत्तियों पर होती है पर वर्तमान में बच्चे मां बाप से दूर होते जा रहे हैं और बुजुर्ग अपनी संतानों से मोबाइल, व्हाट्सएप फेसबुक और इंटरनेट ने नौजवान पीढ़ी और बुजुर्गों के बीच एक बड़ा संवाद हीनता का संकट पैदा कर दिया है। बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार, समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश की संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित है। करोना की तीसरी लहर से भारतीय समाज में निवास कर रहे बुजुर्गों की बड़ी संख्या को हमें सुरक्षित और महफूज रखना है। वह वटवृक्ष की तरफहम सबका मार्गदर्शन करते हैं, अतः हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करें। इसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगी। भारत सरकार की लगातार चेतावनी और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी निर्देशों की अवहेलना अभी भी भारत देश में



जारी है। सैकड़ों लोग मौत के मुंह में समा चुके हैं। हमें कोविड-19 के आतंक के साए को भी नहीं भूलना चाहिए। हमे लगातार सावधानी रख कोविड-19 के प्रोटोकॉल का अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ संगठन की गाइडलाइंस के अनुसार अपना आचरण रखना होगा। अन्यथा कोविड-19 की तीसरी लहर फिर भारत के निवासियों को परेशान कर सकती है। भारत में कोविड-19 की तीसरी लहर की शुरुआत बड़े शहरों से लेकर छोटे शहरों तक हो चुकी है। इसके लिए हमें अतिरिक्त सावधानी रखनी होगी। मैंने पहले भी कहा था कि करोना का केरल हॉटस्पॉट बन चुका है। अब दिल्ली, मुंबई चेन्नई अहमदाबाद तथा पूर्वोत्तर राज्य मैं भी कोविड-19 की तीसरी लहर के आंकड़े डरावने हो गए हैं। करोना का डेल्टा वैरीअंट यानी करोना की तीसरी लहर हर जगह फैलने लगी है, अब यह संक्रमण भारत के महानगरों में फैलने की आशंका को लेकर आया है दिल्ली, मुंबई कोलकाता, अहमदाबाद, चेन्नई से कोविड-19 की तीसरी लहर अपना पैर पसार चुकी है। और यदि आपने अपने चेहरे पर मास्क नहीं लगाया, लगातार हाथ नहीं धोया, लोगों से 2 गज की दूरी नहीं रखी और भीड़ भाड़ में जाने से नहीं बचे, तो निश्चित तौर पर कोविड-19 का डेल्टा वैरीअंट को आने से कोई नहीं रोक सकता है। वैसे भी विश्व में इंडोनेशिय, मलेशिया, थाईलैंड, ब्रिटेन, फ्रांस, ब्राजील, अर्जेंटीना, अमेरिका मैं डेल्टा वैरीअंट के तेजी से हजारों प्रकरण बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका डेल्टा वैरीअंट के संक्रमण का भयानक प्रकोप झेल रहा है। भारत में भी पूर्वांचल प्रदेशों में मिजोरम,असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा में तीसरी लहर के आसार स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। ब्रिटेन, अमेरिका, और फ्रांस जैसे उच्च शिक्षित देशों के नागरिकों ने लॉकडाउन हटते ही विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस का उल्लंघन कर कोविड-19 की तीसरे संक्रमण की लहर को आमंत्रित कर लिया है। अमेरिका के स्वास्थ विभाग के वैज्ञानिक डॉ. मूर्ति ने यहां तक कहा कि अमेरिका तथा यूरोपीय देशों को तीसरी लहर के अल्फा बीटा गामा कप्पा और डेल्टा वैरीअंट से बचने के लिए इंजेक्शन का बूस्टर डोज लगाना पड़ेगा, तभी लोगों की जान बच पाएगी। 24 करोड़ आबादी वाला उत्तर प्रदेश अब तक करोना की लहर से लड़कर उसे दबाने में काफी हद तक सफल रहा है। खुलेआम पर्यटन स्थलों पर मौज मस्ती करने वाले अमीर लोग अपना इलाज तो आसानी से करवा लेंगे पर सबसे बड़ी मुसीबत गरीब तथा सर्वहारा वर्ग के लिए होगी। ऐसे में यदि भारत में कोविड-19 की तीसरी लहर पर्यटन स्थलों में घूमते हुए बेखौफलोगों से भारत में फिर फैलती है, तो आम जनता का जीवन यापन कठिन तथा दुष्कर हो जाएगा। और जिंदगी बचाने के लिए त्राहिमाम त्राहिमाम होने की पूरी संभावना है। देश में कोरोना की प्रथम लहर के थोड़े से नियंत्रण में आने के बाद सरकारों और आला अधिकारियों को यह गलतफहमी हो गई थी, कि करोना पूरी तरह नियंत्रित हो गया है। और वापस लौटकर नहीं आएगा। इसीलिए उन्होंने बाजार, आम सभाएं, शादी समारोह, होटल, टॉकीज, बड़े बड़े मॉल को खोलने की तथा ग्राहकों को आमंत्रित करने की अनुमति दी थी। और नीति निर्माता, राज्य सरकारों, केंद्र सरकार तथा मंत्रालय में बैठे बड़े-बड़े आला अधिकारियों ने कभी कल्पना ही नहीं की थी कि करोना की दूसरी लहर भी आएगी, और इसी के चलते उन्होंने न तो कोई दूरदर्शी नीति बनाई और ना ही इससे बचने के किसी उपाय पर विचार ही किया। यह उनकी सबसे बड़ी गलती थी, तथा अदूरदर्शिता भी थी। लेकिन करोना कि दूसरी लहर ने संक्रमण की जो तबाही मचाई और लाखों लोगों को मौत के घाट उतार दिया, अब कोविड-19 की तीसरी लहर भी इसी तरह के संक्रामकता लाने वाली है। यह तीसरी लहर का वैरीऐंट बच्चों तथा युवा बुजुर्ग लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करेगा, और इसके कोई लक्षण भी नहीं दिखाई देंगे, कोविड-19 की पहली लहर में संक्रमण दस दिन तक अपने उफान पर रहता था अब दूसरी लहर में 5 दिन में या पूरे शबाब पर आ जाता है, तीसरी लहर में न जाने यह दो या तीन दिन में अपना सर्वाधिक असर दिखाने वाला होगा, ऐसे में तीसरा संक्रमण कॉल बहुत ज्यादा डरावना और संक्रमण का होगा,वह दूसरे संक्रमण काल से भी ज्यादा मौत देने वाला होगा। ब्रिटेन की वैज्ञानिक शोध पत्रिका लेसेंट ने बताया कि ब्रिटेन फ्रांस बच्चों के लिए वैक्सीन बनाने में सफल हो गए हैं। एवं ब्रिटेन में बच्चों को वैक्सीनेशन देने की अनुमति देने की तैयारी चल रही है भारत के नौजवान बुजुर्ग और बच्चे बड़ी तादाद में मौजूद हैं उन सब की रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है। खास तौर पर बुजुर्गों की जो शारीरिक रूप से कमजोर एवं अक्षम होते हैं उनकी तरफविशेष ध्यान देकर हमें उनकी रक्षा करनी होगी यह हमारा प्रथम दायित्व होगा।

विचार

# खालिस्तानी लपटों को हवा

सिखों का इतिहास बहुत गौरवपूर्ण रहा है, लेकिन कट्टरपंथी विचारधारा के चलते मुट्ठीभर लोगों ने ऐसा विषाक्त वातावरण तैयार किया जिससे न केवल देश की एकता और अखंडता को खतरा पैदा हुआ, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए भी खतरनाक साबित हुआ। खालिस्तान की विचारधारा बहुत सारी दुर्भाग्यपूर्ण स्थितियों के बाद लगभग अतीत बन चुकी थी, फिर भी इस विचारधारा को दुबारा से हवा देने की साजिशें जारी हैं। पिछले कुछ महीनों में पंजाब में हुई एक के बाद एक टारगेट किलिंग की घटनाएं गैंगस्टरों और अलगाववादी ताकतों के गठबंधन से उभरी चुनौतियों में दबी हुई तेज कुल्हाड़ियों का पर्दाफाश हो रहा है। उससे यही साबित होता है कि देश की सत्ता को सीधी चुनौती दी जा रही है और एक बार फिर पंजाब में आतंकवाद के दौर की आहट सुनाई पड़ रही है। किसान आंदोलन से चर्चित हुए पंजाबी फिल्म अभिनेता दीप सिद्धू के संगठन 'वारिस पंजाब दे' का प्रमुख बने खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के समर्थकों द्वारा जिस ढंग से अमृतसर के अजनाला थाने पर हथियार लेकर हमला किया गया वह सीधे-सीधे कानून व्यवस्था को सीधी चुनौती है। हथियारबंद लोगों के सामने पंजाब पुलिस को घुटने टेकने पड़े और मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किये गए अमृतपाल सिंह के करीबी लवप्रीत सिंह उर्फ तूफान सिंह की रिहाई की घोषणा करनी पड़ी। उससे पुलिस की छवि पर काफी आंच आई है। सवाल यह भी है कि पिछले वर्ष दुबई से आकर अमृतपाल सिंह को समर्थन कहां से मिल रहा है। खालिस्तान मुद्दे की दबी हुई चिंगारियों को लपटों में बदलने के लिए षड्यंत्र कौन रच रहा है। आखिर इतनी बड़ी संख्या में हथियारबंद लोग इकट्ठे कैसे हो गए। जो कुछ भी हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण तो है ही लेकिन समूचे घटनाक्रम ने अमृतपाल सिंह को हीरो' बना दिया। अमृतपाल सिंह खुद को सिख प्रचारक एवं ब्लू स्टार आपरेशन में मारे गए जनरैल सिंह भिंडरावाले का समर्थक बताता है और लगातार खालिस्तान का समर्थन कर रहा है। अब तो वह गृहमंत्री अमित शाह को भी स्वर्गीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जैसा होने की सीधी धमकियां दे रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि पंजाब में खालिस्तान अलगाववाद के लिए जमीन तैयार की जा रही है और इसे स्थानीय स्तर पर भी और विदेशों में बैठे खालिस्तानी तत्वों का समर्थन मिल रहा है। कनाडा, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और पाकिस्तान में बैठे खालिस्तानी तत्व इसे हवा देने में लगे हुए हैं। मैं इस इतिहास में नहीं जाना चाहता कि खालिस्तानी मूवमैंट के शुरू होने के क्या कारण रहे। इस विषय पर तो महाग्रंथ की रचना हो सकती है। लेकिन मैं इस बात का उल्लेख कर अपनी पीड़ा व्यक्त करना चाहूंगा कि पंजाब के आतंकवाद ने हमें बहुत जख्म दिए। जिनमें मेरा परिवार भी शामिल है। 80 के दशक की शुरूआत में जब पंजाब में आतंकवादी हिंसा बढ़ने लगी तो 1981 में कलम के सिपाही और जनता की बुलंद आवाज मेरे परदादा और पंजाब केसरी के संस्थापक और सम्पादक लाला जगतनारायण की हत्या कर दी गई। उन्होंने आतंक का कड़ा विरोध अपनी कलम से किया था। उसके बाद एक ही समुदाय के लोगों को लगातार निशाना बनाया जाता रहा। उसके बाद 12 मई, 1984 को मेरे दादा रमेश चन्द्र जी को जालंधर में आतंकवादियों ने गोलियों का निशाना बना डाला। लाला जी की हत्या में भिंडरावाले का नाम आया था, लेकिन सबूतों के अभाव में उस पर हाथ नहीं डाला जा सका। तब तक उसकी अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में जड़ें मजबूत हो चुकी थीं। धार्मिक स्थल अपराधियों के आश्रय स्थल बन गए थे। स्वर्ण मंदिर को आतंकवादियों से मुक्त कराने के लिए आपरेशन ब्लूस्टार हुआ, जिसमें 83 जवान शहीद हुए और जनरैल सिंह भिंडरावाले समेत 493 खालिस्तानी आतंकवादी मारे गए थे। आपरेशन ब्लूस्टार के 4 महीने बाद 31 अक्तूबर, 1984 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उनके ही दो सिख सुरक्षाकर्मियों ने कर दी। आतंकवाद के चलते एक शक्तिशाली प्रधानमंत्री को हमने खो दिया और उनकी हत्या के बाद देशभर में सिख विरोधी दंगे भड़क उठे थे। खालिस्तानी मूवमैंट का यहीं अंत नहीं हुआ। अगस्त 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ पंजाब समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले शिरोमणि अकाली दल के नेता हरचरण सिंह लोगोंवाल की नृशंस हत्या कर दी गई। 23 जून, 1985 को एयर इंडिया के कनिष्क विमान को बम धमाके से उड़ा दिया गया, जिसमें 329 यात्री मारे गए थे। 10 अगस्त, 1986 को पूर्व आर्मी चीफजनरल ए.एस. वैद्य की दो बाइक सवार आतंकवादियों ने हत्या कर दी, क्योंकि वैद्य ने ही आपरेशन ब्लूस्टार को लीड किया था। पंजाब के इस काले दौर के दौरान बसों और ट्रेनों से निकाल कर एक ही समुदाय के लोगों की हत्या की गई। 31 अगस्त, 1995 को पंजाब सिविल सचिवालय के पास हुए बम धमाके में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या कर दी गई। इसके बाद आतंकवाद के खिलाफकी गई सख्त कार्रवाई के चलते खालिस्तानी मूवमैंट कमजोर होती गई और अधिकांश सिखों ने इस विचारधारा को अस्वीकार कर दिया। आतंकवाद की काली आंधी ने लगभग सभी दलों के राजनीतिक नेताओं को निशाना बनाया। सवाल यह है कि अलगाववाद के स्वर देश के कई हिस्सों से उठते रहे हैं, लेकिन चिंता की बात यह है जब विचारों का अपराधीकरण कर दिया जाता है पंजाब में खालिस्तान अलगाववाद का एक नया रूप देखने को मिल रहा है। इसे गैंगस्टर आतंकवाद कहा जा रहा है। पंजाब में नशा और बेरोजगारी की आड़ में कोई भी आसानी से युवा पीढ़ी को बरगला सकता है। राजनीतिक या बाहरी ताकतें इसका फायदा उठा सकती हैं। केन्द्र सरकार को पंजाब को लेकर गम्भीर होना चाहिए और फन को कुचलने के लिए केन्द्रीय सुरक्षा एजैंसियों को तुरन्त एक्शन लेना चाहिए, ताकि पंजाब का काला इतिहास फिर से न दोहराया जा सके।

साहित्य

## मेरे घर में दो मेहमानों का लगा आना जाना है...

पूजा लोधी

मेरे घर में दो मेहमानों का लगा आना जाना है
उद्देश्य उनका मेरे घर में अपना घर बनाना है

छीनना! वो फितरत है इंसान की
पंछी तो मेहनत से घर सजाते हैं
तिनका-तिनका जोड़ कर वो सुंदर घोंसला बनाते हैं

बेशक, सहारा लेते हैं इंसान का
पेड़-पौधे और ज़मीं पे नहीं...
भरोसा करके हमारे घर में घोंसला बनाती है
पंछियों में सबसे प्यारी चिड़िया वो गौरैया कहलाती है

शायद हम क्रूर हैं इतने की
सभी पंछी आहट से ही उड़ जाते हैं
पर फिर भी
हौसला करके हर साल गर्मी मे ये हमारे घर आते हैं
घांस-फूस चिथड़े-गुथड़े
रोज़ वो थोड़ा थोड़ा लाते हैं

झरोखा



पर दरवाज़े पे लगें शीशे से जाने क्यों घबराते हैं
देखते हैं हू ब हू अपने जैसा तो डर जाते हैं
चोंच से खट-खट करते जी जान से लड़ जाते हैं
मनुष्य की शिल्पकारी को, वो मासूम कहां समझ पाते हैं
पर शिद्दत तो देखिए
उसी दरवाज़े के पीछे घोंसला बनाते हैं

अपने कर्म पथ पर उनको चलते जाना है
रोज थोड़ा -थोड़ा तिनका उनको लाना है
अपने डर को, रोज़ उन्हें डराना है
लड़ते-झगड़ते शीशे से
एक दिन उनका घोंसला बन जाना है

मेरे घर में दो मेहमानों का लगा आना जाना है
उद्देश्य उनका मेरे घर में अपना घर बनाना है



# राशिफल

**मेष**:- उच्चस्तरीय लोगों के सानिध्य से मनोबल मजबूत होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**बृषभ**:- अत्याधिक कर्जभार से मन परेशान होगा। कुछ नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। रोजगार में व्यस्तता संभव। अत्याधिक पारिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी।

**मिथुन**:- महत्वपूर्ण दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। नई दायित्व अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगे। कानूनी मामलों में कठिनाइयां संभव। तामसिक विचारें पर नियंतण्ररखें।

**कर्क**:- महत्वपूर्ण कार्य के प्रति समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन केंद्रित होगा। नई महत्वाकांक्षी योजनाएं बनेंगी किंतु समुचित साधन न होने से पूर्ति में अवरोध होगा। पुराने संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**सिंह**:- सगे-संबंधियों के सहयोग से उत्साह का संचार होगा। किसी रचनात्मक कार्य के प्रति रुचि पैदा होगी। पुराने संबंधों के भावनात्मक स्मरण से मन भावुक होगा। राजकीय क्षेत्र कुछ परिवर्तन के आसार बनेंगे।

**कन्या**:- आलस्य निजी महत्वपूर्ण दावित्वों की पूर्ति में बाधक होगा। मानसिक अवसाद व कार्य-पेशे में अरुचि से आर्थिक संकट की आशंका बनेगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्क रहें।

**तुला**:- अच्छी कल्पनाएं मन पर प्रभावी होंगी परन्तु अपने मन को लक्ष्य से न भटकने दें। व्यावसायिक क्षेत्र में संबंधों का लाभ उठाएंगे। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न तीव्र होगा।

**वृश्चिक**:- कार्य-पेशे में कुछ नई तब्दीली रुचिकर लगेगी। वर्तमान स्थिति को देखते हुए भविष्य की चिंता बढ़ेगी फ्रि भी कुछ नये आसार आत्मबल में वृद्धि करेंगे। घर में खुशहाली रहेगी।

**धनु**:- समय व स्थिति के साथ अपने स्वभाव में थोड़ा लचीलापन लाने का प्रयास करें। क्षमता से अधिक कार्यों का बोझ से बोझिल होंगे। शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र मे सफ्लताएं मिलेंगी।

**मकर**:- आर्थिक सबलता हेतु मन नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कोई अचल सम्पति संबंधी तनाव मन को चिंतित करेगा। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जरूरी कायरे में कतई देरी न करें।

**कुंभ**:- पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। अच्छी सोच का लाभ प्राप्त करेंगे। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन में चिंता होगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य के प्रति चिंताएं समाप्त होंगी।

**मीन**:- नये संबंधों के साथ आपकी सहज घुलसशीलता प्रशंसनीय है। कायरें को समयानुकूल पूर्ण करने का प्रयत्न करें। बिना वजह दूसरों की अलोचना न करें। आलस्य कतई न करें।

# कांग्रेस पार्टी का महाधिवेशन

*आदित्य नारायण चोपड़ा*

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में चल रहे कांग्रेस पार्टी के 85वें महाधिवेशन का वर्तमान राजनीति में महत्व यह है कि यह अपने नेता राहुल गांधी की 'भारत-जोड़ो' यात्रा के दौरान पैदा किये गये वैकल्पिक जन-विमर्श के साये में हो रहा है। बरसों से निर्जीव समझी जा रही यह पार्टी फिलहाल नव ऊर्जा से आवेशित लग रही है और विपक्षी खेमे में अपने वर्चस्व के लिए ताल ठोकती लग रही है। लोकतान्त्रिक राजनीति में इसे सकारात्मक प्रक्रिया समझा जाता है क्योंकि अभी तक विपक्ष को बहुत छिन्न- भिन्न और कमजोर माना जा रहा था। मगर इसके साथ कांग्रेस की चुनौतियां भी कम बड़ी नहीं हैं। सबसे बड़ी चुनौती प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता और उनकी पार्टी भाजपा का जन विस्तार है। देखना यह होगा कि कांग्रेस अपनी पुरानी साख के घेरे में किस तरीके से पहुंचने का प्रयास करती है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि यह एक लोकतान्त्रिक पार्टी है और इसने श्री मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनकर एक ही गांधी परिवार के साये में लिपटे रहने का आरोप भी निस्तारित कर दिया है। साथ ही श्री खड़गे के रूप में इसने एक दलित व मजदूर के बेटे के हाथ में अपनी बागडोर देकर अपनी खिसकी हुई जमीन को पुनः पाने का उपक्रम करने का अवसर भी लपक लिया है मगर इसे अभी वह रुतबा हासिल करना है जिसकी पहचान इसके नाम के साथ पिछली सदी से रही है। यह हकीकत है कि भारत की पिछली सदी का इतिहास वही रहा है जो कांग्रेस पार्टी का इतिहास रहा है मगर वर्तमान सदी के दौरान 2004 से 2014 तक के अपने शासन के आखिरी चरण में इसकी 'चादर' इस कदर 'मैली' बना दी गई कि भाजपा नेता श्री नरेन्द्र मोदी को प्रधानमन्त्री बनने में कोई कठिनाई नहीं हुई। यदि कांग्रेस इस सम्मेलन से अपनी चादर को 'धवल' बनाने के मुहीम पर राहुल गांधी द्वारा पैदा किये गये जन-विमर्श को पकड़ कर जुगत भिड़ाती है तो देश में एक मजबूत विपक्ष का उभार हम महसूस कर सकते हैं। अभी तक रायपुर से जो खबरें मिल रही हैं वे काफी रोचक और राजनीति को भीतर तक प्रभावित करने वाली हैं। मसलन पार्टी अपने संविधान में संशोधन करके यह प्रावधान कर रही है कि इसकी सर्वोच्च निर्णायक संस्था कार्य समिति में पचास प्रतिशत सदस्य अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग व अल्पसंख्यक समुदाय के हों और कांग्रेस अध्यक्ष ही कार्य समिति के सभी सदस्यों को नामांकित करें। यह बदलते भारत की सामाजिक अपेक्षाओं के अनुरूप कदम है क्योंकि लोकतन्त्र में राष्ट्रीय राजनैतिक दल नागरिकों की सामाजिक संरचना का प्रतिनिधित्व किये बगैर सत्ता में जनता की भागीदारी सुनिश्चित नहीं कर सकते। दूसरे पार्टी के सभी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रधानमन्त्री स्वयमेव रूप से कार्य समिति के सदस्य होंगे। देखना यह होगा कि पार्टी अपने राजनैतिक व आर्थिक प्रस्ताव में किन मुद्दों को उठाकर उनका हल खोजने की तजवीज पेश




करती है। साथ ही सामाजिक न्याय एवं युवा व रोजगार से सम्बन्धित प्रस्तावों में उसका नजरिया कौन सी तस्वीर पेश करता है। कुल छह प्रस्ताव पार्टी के तीन दिन तक चलने वाले सम्मेलन में पारित किये जायेंगे जिनमें एक कृषि प्रस्ताव भी होगा। कृषि या ग्रामीण क्षेत्र का कांग्रेस पार्टी के साथ महात्मा गांधी के जमाने से ही गहरा रिश्ता रहा है जिसे 1991 में आर्थिक उदारीकरण का दौर शुरू करने के बाद लावारिस बना दिया गया था। इस सम्बन्ध में पार्टी का आर्थिक प्रस्ताव भी विचार करने योग्य होगा क्योंकि पार्टी इस हकीकत से भाग नहीं सकती कि देश में आर्थिक उदारीकरण की जनक वही है। दरअसल कांग्रेस को वर्तमान आर्थिक-राजनैतिक परिदृश्य में वह ठोस विकल्प सुझाना होगा जिससे भारत में राष्ट्रीय सम्पत्ति में गरीबों की भागीदारी बढ़ सके और उनका सामाजिक व शैक्षणिक उत्थान भी संभव हो सके। आजादी के बाद कांग्रेस शासन के दौरान जिस लोक कल्याणकारी राज की परिकल्पना के भीतर औद्योगिकीकरण से लेकर आर्थिक अधिकारिता के कार्यक्रम चलाये गये क्या उस तरफ लौटने की संभावना बाजार मूलक अर्थव्यवस्था में बनाई जा सकती है, इस तरफ भी पार्टी को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करना होगा? इसके बिना कोई भी वैकल्पिक जन विमर्श टिकाऊ नहीं हो सकता। इस महाधिवेशन में विपक्ष की समग्र एकता में कांग्रेस की भूमिका क्या होगी और वह किस तरह परस्पर विरोधी हितों वाले क्षेत्रीय दलों के साथ तारतम्य बैठाने का प्रयास करेगी, इसके किसी सटीक फार्मूले की तवक्कों भी राजनैतिक हलकों में रह सकती है। मगर सबसे बड़ी तवक्को देश की जनता को इस पार्टी से यही हो सकती है कि वह देश में शक्तिशाली विपक्ष की भूमिका निभाये। अभी चालू वर्ष के दौरान ही छह और राज्यों के चुनाव होने हैं जिनमें पार्टी को शानदार प्रदर्शन करने की रणनीति अपने महाधिवेशन में बनानी होगी। इस मार्ग में सबसे बड़ी बाधा स्वयं कांग्रेस पार्टी की आपसी गुटबाजी भी मानी जाती रही है मगर अब कांग्रेसियों को समझना होगा कि यह सत्तारूढ़ पार्टी नहीं बल्कि विपक्ष की पार्टी है अतः उन्हें अपनी पुरानी मानसिकता को त्यागना होगा और लोगों के बीच जाकर काम करने की कला सीखनी होगी। महाधिवेशन इस दृष्टि से क्या नजरिया अपनाता है, यह भी देखने वाली बात होगी?

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक एसोसिएशन निशुल्क कानूनी सहायता पहुंचाएगी

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



भारतीय विधिक सहायता एसोसिएशन का स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के अध्यक्ष श्री रामचंद्र सिंह एडवोकेट एवम् संचालन एसोसिएशन के संरक्षक कवि इंद्रजीत तिवारी निर्भीक ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप पूर्व सांसद श्री छोटेलाल सिंह खरवार उपस्थित रहे! कार्यक्रम में सर्वप्रथम एसोसियेशन का स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय संयोजक एड पवन कुमार सिंह के जन्मदिन पर केक को सामूहिक रूप काटा गया!

इस अवसर पर एसोसियेशन द्वारा समाजसेवा,मानवाधिकार एवं विधि के क्षेत्र में कार्य करने वाले 11 अधिवक्ता, 11समाजसेवी तथा 11पत्रकार को अपने अपने क्षेत्र में अद्वितीय कार्य करने के लिए सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं एसोसिएशन की तरफ से राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप जायसवाल एवं राष्ट्रीय महासचिव मनीष रंजन ने मुख्य अतिथि श्री छोटेलाल सिंह खरवार पूर्व सांसद को अभिनंदन पत्र एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद श्री छोटेलाल सिंह खरवार ने बताया कि मानव के अधिकार सर्वोपरि होते हैं। प्राथमिक उद्देश्य मानव अधिकारों पर चर्चा करना और लोगों को इसके बारे में जागरूक करना भी है। समाज के गरीब और उत्पीड़ित वर्ग जो मानवाधिकारों के उल्लंघन के प्रति अधिक संवेदनशील हैं, उनके हितार्थ कार्य करना है। राष्ट्रीय संयोजक एड पवन कुमार सिंह ने कहा कि मानवाधिकार मनुष्य के वे मूलभूत सार्वभौमिक अधिकार है जिनसे मनुष्य को नस्ल, जाति, राष्ट्रीयता, धर्म, लिंग आदि किसी भी दूसरे कारक के आधार पर वंचित नहीं किया जा सकता।

सभी व्यक्तियों को गरिमा और अधिकारों के मामले में जन्मजात स्वतंत्रता और समानता प्राप्त है। वास्तव में प्रत्येक व्यक्ति को ऐसे जीवनस्तर को प्राप्त करने का अधिकार है जो उसे और उसके परिवार के स्वास्थ्य, कल्याण और विकास के लिए आवश्यक है। मानव अधिकारों में आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों के समक्ष समानता का अधिकार एवं शिक्षा का अधिकार आदि नागरिक और राजनीतिक अधिकार भी सम्मिलित हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप जायसवाल ने कहा कि महिलाओं तथा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के उत्थान के लिए कानूनी जागरुकता के सृजन का सर्वोपरि महत्व है इसलिए एसोसिशन इस क्षेत्र कार्य करेगी। इस अवसर पर ए के खरे, एड विनोद कुमार शुक्ल एड, शिवप्रकाश चौबे, विमलेश त्रिपाठी, राजेश यादव, आनद ओझा, एड महेन्द्र प्रताप सिंह, अरूण कुमार सिंघल, प्रदीप कुमार एड, सुरेश सिंह कुशवाहा, अशोक कुमार कनौजिया एड, चंद्रप्रकाश सिंह, विनीत श्रीवास्तव, सिंह एड, अमित सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## रास्ता अवरुद्ध करने वाले की हुई शिकायत

**सिद्धौर बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र के पूरे मंशाराम दीवान मजरे गजपतिपुर गांव के लोगों ने गांव के कुछ लोगों पर आम रास्ते पर अतिक्रमण कर उसे अवरुद्ध करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है ।शनिवार को ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत पर जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। गांव निवासी मो. इलियास मुश्ताक अली लौटन लाल उदय नारायन तुलसीराम इदरीश और बलराम तिवारी के अनुसार गांव में एक पुराना रास्ता है ।इसी मार्ग से होकर लोग आते जाते थे ।इन लोगों का आरोप है कि गांव के शहजाद अली आदि ने उक्त पुराने आम रास्ते पर अतिक्रमण कर उसे अवरुद्ध कर रखा है ।यही नहीं विपक्षी द्वारा आम रास्ते में पानी बहाने से लोगों का आवागमन पूरी तरह से बंद है ।रास्ता अवरुद्ध होने से लोगों को काफी दूर घूमकर आना जाना पड़ रहा है ।इस संबंध में विगत 28 जनवरी और 11 फरवरी को समाधान दिवस में शिकायत की गई थी परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई ।इसी क्रम में एसडीएम रामसनेहीघाट को भी ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र दिया था ।कई शिकायतों के बाद भी कार्रवाई न होने पर शनिवार को इलियास आदि ग्रामीणों ने पुनः असंद्रा थाना में आयोजित समाधान दिवस में अवरुद्ध रास्ते की शिकायत की। समाधान दिवस में मौजूद एसडीएम रामसनेहीघाट ने हलका एसआई और लेखपाल को शिकायत की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## निकाय चुनाव : भाजपा मंडल की हुई बैठक

**जैदपुर बाराबंकी।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी जैदपुर मंडल इकाई द्वारा निकाय चुनाव से संबंधित एक बैठक नगर पंचायत जैदपुर की बालाजी मंदिर स्थित दशहरा बाग में मंडल अध्यक्ष संजय अवस्थी की अध्यक्षता में संपन्न की गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निकाय चुनाव की मंडल प्रभारी श्रीमती नीता अवस्थी उपस्थित रही। बैठक में निकाय चुनाव संबंधित सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई! साथ ही चुनाव में पन्ना प्रमुख व अन्य बिंदुओं पर प्रमुख रुप से चर्चा की गई। इसी क्रम में 26 फरवरी दिन रविवार को होने वाली प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम की भी मुख्य रूप से चर्चा की गई! तथा सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न होने के लिए सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को प्रेरित किया गया।

## थाना समाधान दिवस में सुनी गई फरियादें

**हैदरगढ़ बाराबकी।** आम जनता की समस्या का निस्तारण करने के लिये शनिवार को नायब तहसील दार व प्रभारी निरीक्षक सन्जीत कुमार सोनकर की अध्यक्षता मे सुबेहा थाना परिसर मे संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र से आये हुए फरियादियों की समस्याएं सुनी गयी और निस्तारण कराया गया। इस दौरान कुल 4 शिकायतें आयी जिसमे 2 मामले पुलिस विभाग से समबंधित थे जिनका मौके पर तत्काल निस्तारण करा दिया गया बाकी दो मामले राजस्व विभाग से समबंधित होने के चलते निस्तारण के लिए टीम गठित कर दी गई है।

# चौरासी कोसी परिक्रमा की तैयारी बैठक आज

**अयोध्या।** अयोध्या की चौरासी कोसी परिक्रमा की तैयारी बैठक आगामी 26 फरवरी रविवार को दोपहर से कारसेवकपुरम में आयोजित की जाएगी।ज्ञातव्य है कि हनुमान मंडल द्वारा अयोध्या चौरासीकोसी परिक्रमा प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है,जिसमें अयोध्या सहित देश के विभिन्न राज्यों से साधूसंत और राम भक्त अयोध्या पहुंच कर समलित होते हैं।चौरासी कोसी परिक्रमा के प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने कहा जो स्वप्न हमारे पूर्वजों ने देखा वह साकार रूप धारण कर चुका है।भगवान श्रीराम ने हम सभी को अपनी कृपा से अभिसिंचित किया है, जिसे वर्तमान पीढी पूर्ण कर रही है।अयोध्या के चौरासी कोस को वर्तमान केंद्र और राज्य सरकारें व्यापक विकसित कर रही हैं, जिससे परिक्रमार्थियों को अच्छी सुविधाएं प्राप्त होंगी।

## पवन खेड़ा के साथ किया गया व्यवहार निंदनीय-विजय

**अंबेडकरनगर।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव विजय कुमार लाल श्रीवास्तव ने शनिवार को अपने एक बयान में कहा कि काँग्रेस नेता पवन खेड़ा से विमान में जो व्यवहार किया गया है,वह अत्यंत ही निंदनीय है।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मूल्य आधारित राजनीति में यकीन नहीं करतीं है।आज प्रदेश का किसान बेबसी में है।वह महंगाई से परेशान है।किसानों को फ़सल का उचित दाम नहीं मिल रहा है।युवा बेरोजगारी से जूझ रहा है।सरकार द्वारा विकास का दावा सिर्फ कागज़ी है।जमीन पर कुछ नहीं हो रहा है।श्री श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल चौधरी चरण सिंह के विचारो की पार्टी है।जब तक किसान नहीं खुशहाल होगा तब तक उत्तर प्रदेश का उत्कृष्ट विकास नहीं होगा।श्री श्रीवास्तव ने गन्ना किसानों को उनकी फ़सल का उचित दाम दिए जाने,फ़सल सुरक्षा बीमा को किसान उपयोगी बनाये जाने तथा सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए उत्तर प्रदेश में नीतीश सरकार की तरह जातिगत जनगणना कराये जाने की मांग की है।

# थाना समाधान दिवस में आए 20 मामलों में से 14 का हुआ निस्तारण

**चोपन/सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



शनिवार को स्थानीय थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल 20 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमे से मौके पर 14 का निस्तारण किया गया। शनिवार को थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान ओबरा उपजिलाधिकारी राजेश सिंह व प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। थाना दिवस में राजस्व से संबंधित कुल 15 व पुलिस विभाग से सम्बंधित 05 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनमें से मौके पर 14 का निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष शिकायती पत्रों के यथाशीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को प्रेषित कर दिया गया। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व लेखपाल मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस में 12 फरियादियों ने न्याय की लगाई गुहार

**मसौली बाराबंकी।** उपजिलाधिकारी रामनगर प्राची सिंह की अध्यक्षता में थाना मसौली में आयोजित थाना समाधान दिवस 12 फरियादियों ने प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी। सभी मामले राजस्व से सम्बंधित होने के कारण निस्तारण के लिए टीमो का गठन किया गया है। सिसवारा निवासी मदनचन्द्र, वंशराज पुत्र अंगद ने नाली विवाद की शिकायत की, बांसा निवासी श्रीमती पत्नी एखलाख, अमलोरा निवासी अनिल कुमार मिश्रा पुत्र ओमकार, बड़ागांव निवासी पिंटू, रामू , बड़ागांव निवासी जफर किदवई, मानवेन्द्र प्रताप सिंह, त्रिलोकपुर निवासी फुरकान, बांसा निवासी रंजीता देवी, अमलोरा निवासी तेज नरायन सिंह, पूरे मनभावन पुरवा चंद्रशेखर ने जमीनी विवाद की शिकायत की। थाना समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक शिवनरायन सिंह, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक राम निरंजन यादव, चौकी प्रभारी त्रिलोकपुर रंजीत यादव सहित राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

## डॉ बलराम वर्मा ने किया राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर का उद्घाटन

**बाराबंकी।** वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय ज्योरी मसौली बाराबंकी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बलराम वर्मा ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के समन्वयक दिनेश कुमार सिंह चीफ प्रॉक्टर डा.राम सुरेश वर्मा ,जितेंद्र कुमार ,राकेश कुमार ,अर्चना यादव तथा सुष्मिता शुक्ला सहित कॉलेज के प्राध्यापक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित हुए । कार्यक्रम का प्रारंभ लक्ष्य गीत %उठे स्वराष्ट्र के लिए उठे उठे %से प्रारंभ हुआ । प्रथम दिवस टीमों का गठन किया गया। चयनित ग्राम ज्योरी में जाकर मतदाता जागरूकता ,साक्षरता, स्वास्थ्य शिक्षा , स्वच्छता तथा संचारी रोगों के निदान हेतु जन जागरूकता उत्पन्न करने के लिए सात दिवसीय कार्य योजना तैयार की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर वर्मा ने उच्च शिक्षा के साथ साथ व्यक्ति निर्माण समाज और राष्ट्र के निर्माण में सतत प्रयत्नशील रहने की जरूरत है। महाविद्यालय समन्वयक दिनेश कुमार सिंह मुख्य नियंता डॉ0 रामसुरेश वर्मा ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर काजल ,सावित्री देवी ,मनीषा ,प्राची, तनु वर्मा प्रिया वर्मा ,मानसी पाठक ,अनुज कुमार ,दीपक आदि प्रतिभागियों ने भी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया ।अंत में कार्यक्रम अधिकारी वंदना ने आए हुए आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समस्त छात्र छात्राओं को निरंतर समाज उत्थान के लिए लगे रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उप कार्यक्रम अधिकारी गुलाम नबी की विशेष उपस्थिति रही।

## शांति समिति की बैठक कर कोतवाल ने की शांति की अपील

**हैदरगढ़ बाराबकी।** आगामी होली व सुबरात के त्यौहार के मद्देनजर सुबेहा थाना परिसर में नायब तहसीलदार हैदरगढ़ व प्रभारी निरीक्षक संजीत कुमार सोनकर की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गई ।जिसमें क्षेत्र से आए हुए तमाम संभ्रांत व्यक्तियों से आपसी भाईचारे के साथ शांति पूर्वक त्योहार मनाए जाने की अपील की गई। इस पीस कमेटी की बैठक के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने सन्जीत सोनकर ने कहा की आप सभी लोग आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ अपना -अपना त्यौहार मनाए त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार का हुड़दंग कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा शराब पीकर सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी कानून व्यवस्था बनाए। रखने में पुलिस व कानून का सहयोग करने की अपील भी की गयी उन्होने आगे कहा की यदि कही पर किसी भी प्रकार की वाद विवाद की स्थिति उत्तपन्न होती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करे पुलिस सख्ती के साथ निपटेगी इसका समाधान करायेगी।

## समर्पण संस्था द्वारा स्कूलों में आयोजित किया गया प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

समर्पणम संस्था द्वारा पर्यावरण जागरूकता के लिए हरख ब्लाक के एस एस कान्वेंट इंटर कॉलेज भानमऊ हरख में निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्र संख्या 35 रही। कालेज के प्रधानाचार्य मोनू पटेल का योगदान सराहनीय रहा तथा एमडी शिक्षा निकेतन इंटर कालेज कारोंन्दी खुर्द में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी में 32 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कालेज के शिक्षक श्री धर्म सिंह सहित अन्य शिक्षको का योगदान सराहनीय रहा। संस्था की प्रमुख डॉ नीलिमा दीपक ने बताया कि संस्था पर्यावरण के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं ,जिससे कि आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास करती रहे। इस विषय पर संस्था द्वारा प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, जिससे युवा रोचक ढंग से ना केवल पर्यावरण के प्रति जागरूक हो वरन जागरूकता के प्रचार का माध्यम भी बन सके। वृक्षारोपण और संसाधनों के संरक्षण की दिशा में प्रयास करने हेतु विभिन्न पैमफलेट द्वारा भी पर्यावरण संरक्षण संबंधी विचारों का प्रसार किया जाता है। यह कार्यक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से समर्पणं संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर जनपद बाराबंकी के 5 बलोंको में आयोजित किये जा रहे है।

# राजनीतिक साजिश के तहत दर्ज किया गया फर्जी मुकदमा : वर्मा

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

अपने और अपने साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद शनिवार को पूर्व प्रधान पिलखावां व अपना दल एस के नेता शत्रोहन वर्मा मीडिया से मुखातिब हुए।मीडिया के सामने स्वयं और अपने साथियों को बेगुनाह बताते हुए पूर्व प्रधान श्री वर्मा ने कहा कि हम पर और हमारे साथियों पर रौनाही थाना में लिखा फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया है।उन्होंने बताया कि हमारे और हमारे साथियों के खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमे में मृतकों को भी शामिल कर लिया गया है। श्री वर्मा ने बताया कि दर्ज किए गए मुकदमे में शामिल किए गए एक आरोपी की दस साल पहले ही मृत्यु हो चुकी है।उन्होंने बताया कि प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए पत्र तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट में बड़ा अंतर है और यह सोची समझी रणनीति के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट लिखाई गई है जो राजनीतिक साजिश से प्रेरित है और राजनीतिक दबाव में ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# अकीदत और एहतराम के साथ निकला शाबान का दूसरा जुलूस

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

हजरत इमाम हुसैन अ. के मदीना से कर्बला सफर करने की याद मे उठने वाला जैदपुर कस्बे का 4 शाबान का दूसरा जुलूस आज अकीदत और एहतराम के साथ निकाला गया। जिसमें अजादार काले कपड़े धारण कर या हुसैन या हुसैन की सदाएं लगाते हुए चल रहे थे।जुलूस मे अलम मुबारक, अमारी, जुलजनाह,झुला अली असगर, कजावा साथ साथ ही घुड़सवार मंजरकशी करते हुए साथ साथ चल रहे थे।अंजुमन ए हुसैनिया जैदपुर के दस्ते द्वारा जुलूस मे नौहाख्वानी और सीनाजनी के साथ ही जंजीर का मातम कर नजराने अकीदत पेश की गयी।वही जुलूस से पूर्व शिया जामा मस्जिद छोटी बाजार मे मजलिस का आयोजन किया गया।मजलिस को मौलाना अली रिजवान जैदपुरी ने खिताब किया।आपको बताते चले कि जनपद के ज़ैदपुर कस्बे से निकलने वाला 4 शाबान का सफरे इमामे हुसैन का कदीमी जुलूस अपने रिवायती अंदाज से शिया जामा मस्जिद छोटी बाजार से बरामद हुआ और बांध चौराहा,गढ़ी जदीद, पचदरी, बड़ी बाजार होता हुआ शबीहे कर्बला जैदपुर में पहुंचकर समाप्त हुआ।जुलूस मे अंजुमन ए हुसैनिया ज़ैदपुर के नौहाख्वान और मातमदार नौहा पढ़ते हुए जुलूस के साथ चल रहे थे।जुलूस मे ऊंट पर अमारी,झूला, जुलजनाह, कजावा और अलम मुबारक की जियारत कराई गयी।जो मस्जिद से निकल कर कर्बला तक जुलूस के साथ चलते रहे।जुलूस मे भारी संख्या मे ज़ैदपुर और आसपास के अज़ादारो ने शिरकत की।शिया जामा मस्जिद मे जुलूस की मजलिस को मौलाना अली रिजवान जैदपुरी ने खिताब करते हुए अहलेबैत के फज़ाएल और मदीने से इमाम हुसैन के कर्बला जाने के सफर को बयान किया।

# एसटीएफ के हत्थे चढ़ा हैकिंग कर पेपर साल्व कराने वाला गैंग

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स(एसटीएफ)को शनिवार को एक बड़ी कामयाबी हाथ लग गई। यह कामयाबी केन्द्रीय विद्यालय में प्राइमरी टीचर पात्रता परीक्षा (ऑनलाइन) में हैकिंग कर पेपर सॉल्व करने वाले गैंग के खुलासे से जुड़ी है।ताबड़तोड़ चली इस कार्रवाई में एसटीएफ ने प्रदेश के कई जिलों से अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से कई सामान बरामद किया है। एसटीएफ की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक शनिवार को एसटीएफ की वाराणसी, प्रयागराज व नोएडा टीम द्वारा केन्द्रीय विद्यालय संगठन की प्राइमरी टीचर की भर्ती परीक्षा (प्रथम पाली)जो कि ऑन लाइन हो रही थी,में सुनियोजित ढंग से कुछ परीक्षार्थियों को आवंटित कम्प्यूटर नोड को लोकल एरिया नेटवर्क (साछ) तथा प्रॉक्सी सर्वर के माध्यम से सुदूर पलवल (हरियाणा)में बैठकर रिमोट एक्सेस अप्लीकेशन के माध्यम से परीक्षार्थी के मानीटर को जनपद प्रयागराज में बैठे सॉल्वर तक पहुँचा कर नकल कराकर अवैध लाभ कमाने वाले गिरोह का खुलासा किया गया तथा जनपद पलवल (हरियाण)जनपद प्रयागराज एवं जनपद वाराणसी से निम्न लोगों को हिरासत में लेते हुये बरामदगी आदि की कार्यवाही की गई है।इसमें जनपद पलवल (हरियाणा) से चितरंजन शर्मा पुत्र भगवान दत्त शर्मा निवासी मोहन नगर थाना कैम्प जनपद पलवल (हरियाणा) को हिरासत में लिया गया है तथा इसके पास से पांच एटीएम कार्ड तथा पांच प्रिन्टेड एडमिट कार्ड बरामद किया गया है। इसी क्रम में जनपद वाराणसी के थाना क्षेत्र चितईपुर से सुजीत कुमार पुत्र रामनरेश निवासी उसरी उमरहा थाना चौबेपुर, प्रशान्त वर्मा पुत्र मित्रसेन वर्मा निवासी अशरफपुर बुआथ थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर,दीपक कुमार पुत्र बलवीर सोनार निवासी इगरा थाना व जनपद जीन्द हरियाणा,संतोष पटेल पुत्र शारदा पटेल निवासी उमरहा थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी।

# गांधी दर्शन जीवन जीने की एक कला

## गांधी एक जीवन विषयक बच्चों के बीच हुई गोष्ठी

**लखनऊ/बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



देश का भविष्य, हम बच्चे, नही लड़ेंगे, हम बच्चे, मिलकर रहेंगे, हम बच्चे, करें पढ़ाई, हम बच्चे, करें कमाई, हम बच्चे... जैसे नारों से बच्चों में ऊर्जा का संचार करते हुए प्राथमिक विद्यालय बड़ा चाँदगंज, लखनऊ में गांधी एक जीवन विषय पर उत्प्रेरण गोष्ठी के मुख्य अतिथि गांधी शान्ति प्रतिष्ठान के पूर्व निदेशक श्री रमेश शर्मा ने बच्चों को प्रेरित किया। गांधी जी के जीवन से जुड़े संस्मरणों को बताते हुए श्री शर्मा ने कहा कि गांधी दर्शन जीवन जीने की एक कला है, पूज्य गांधी जी के विचार ही हैं जो गांव को मजबूत बना सकता है, और जब गांव मजबूत होगा तो देश मजबूत बनेगा।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष अवधी साहित्य संस्थान अमेठी डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि मानवता के पुजारी पूज्य बापू जी का जीवन सादगी से भरा पड़ा है। गांधी जी ने राजा हरिश्चन्द्र से सत्य का एवं श्रवण कुमार से सेवा का भाव सीखा, जिसका जीवन पर्यन्त पालन करते रहे।बापू जी ने देश की आजादी के खातिर सत्य एवं अहिंसा को साधन बनाया।

नेता जी सुभाषचंद्र बोस ने उन्हें राष्ट्रपिता के नाम से पुकारा ग्राम स्वराज एवं रामराज्य की संकल्पना गांधी जी की देन है।आज सारी दुनिया के लोग गांधी जी को सबसे ऊपर मानते हैं।देश एवं युवाओं का भविष्य गांधी मार्ग पर चलकर ही सुरक्षित है। लोक गायिका राजकीय बालिका इंटर कालेज विकास नगर की प्रधानाचार्या श्रीमती कुसुम वर्मा ने बच्चों को सम्बोधित किया, कहा कि बालमन एक कोरा कागज होता है,इस बालमन में जो भी बातें छाप कर जाती हैं वे जीवन मे कभी मिटती नही हैं। आज बच्चों को पूज्य गांधी जी के जीवन दर्शन की छाप डालने की जरूरत है। समाजसेवी, चाइल्ड लाइन 1098 के निदेशक रत्नेश कुमार ने गोष्ठी का संचालन किया और कहा कि बच्चों के लिए चाइल्ड फ्रेन्डली वातावरण मिलना चाहिए, जैसा कि बापू जी ने कल्पना की थी। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा यादव ने सभी का स्वागत और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# कब्जे के नियत से तालाब की जमीन पर चलाया बुलडोजर

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



कब्जे की नियत से तालाब की जमीन पर बुल्डोजर चलाकर मिट्टी खोदी और फलदार पेड़ों को भी उखाड़ फेंका।मामला गौरवाउसमानपुर ग्राम पंचायत के तिलोकपुर गाँव का है।यहाँ ग्राम पंचायत के गाटा संख्या 118-119-120 जोकि राजस्व अभिलेखों में बतौर तालाब दर्ज है।को गाटा संख्या116-117-121-122 के भूमिधरों ने अपनी सरहंगी के चलते अपनी मेड़ो को बुल्डोजर से गिराकर रकबा विस्तार देते हुए तालाब की जमीन पर कब्जे की नियत से पटाई कर अतिक्रमण करना शुरु कर दिया।बीते चार दिनों से चल रहे बुल्डोजर को ग्राम प्रधान व हल्का लेखपाल ग्रामीणों की सूचना के बाद भी नजरंदाज कर रहे थे।शनिवार को ग्रामीणों व मछली पालने वाले पट्टा धारक ने तालाब के सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराने की प्रक्रिया शुरू की तो हल्का लेखपाल मौके पर पहुँचे। लेखपाल के पहुँचने से पूर्व ही बुल्डोजर व ट्रैक्टर मौके से हटा दिए गए। हल्का लेखपाल ने ग्रामीणों के यह कहने की गाटा संख्या पंचायत की सीमा पर अखैयापुर पंचायत की सीमा से जुड़ा है तो नाप वहीं से करो को नजरंदाज कर मनमाने तरीके से नाप की कार्रवाई अंजाम दी।बावजूद इसके भी तालाब की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया जाना व भारीभरकम जामुन सहित कई पेड़ों को भी जड़ से उखाड़ देना पाया गया।

### 24 दिन पहले ही हो चुकी शिकायत

ग्रामवासी सुनील वाजपेयी ने उत्तर प्रदेश सरकार की जनसुनवाई पोर्टल पर बीते 01फरवरी23 को तालाब पर अतिक्रमण किए जाने की तथा 22 फरवरी 23 को तालाब पर मशीनरी उपयोग से कब्जदारी की शिकायत भी दर्ज कराई थी।

# 59 खाद्य प्रतिष्ठानों का पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी

**हैदरगढ़, बाराबंकी।**

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा तहसील हैदरगढ़ में खाद्यकारोबार के सम्बंधित प्रतिष्ठानों का लाईसेन्स/पंजीकरण बनाये जाने हेतु कैम्प का आयोजन किया गया तहसील हैदरगढ़ के खाद्य कारोबारकर्ताओं द्वारा बढ़-चढ़ कर भाग लिया, उक्त कैम्प में कुल 59 खाद्यप्रतिष्ठानो के नये पंजीकरण जारी किये गये। कैम्प के आयोजन में सुश्री प्रियंका सिंह सहायक आयुक्त (खाद्य)-।। जनपद बाराबंकी एवं डा0 राकेश कुमार सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहते हुए आगमी होली के त्योहार के दृष्टि आमजनमानस को जागरूक किया गया।

# समाजसेवी मास्टर राम दुलारे रावत के अंतिम दर्शन में उमड़ा जनसैलाब



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

समाजसेवी मास्टर रामदुलारे रावत के अन्तिम संस्कार में कई दलों के नेताओं व सांसद पूर्व मंत्री सहित हजारों लोग शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।इस मौके पर सांसद उपेन्द्र सिंह पूर्व मंत्री आरके चौधरी पूर्व मंत्री राकेश वर्मा पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप पूर्व विधायक रामगोपाल रावत राम मगन रावत भाजपा नेता राम सजीवन वर्मा एडवोकेट विजय कुमार यादव आशू चौधरी संजय कुमार महन्त नीलेन्द्र बक्श दास सैदनपुर प्रधान एडवोकेट मसूद रियाज बदोसराय प्रधान निसार मेहंदी डॉ सन्तोष सिंह प्रधान दिग्विजय यादव गिद्रापुर प्रधान भास्कर यादव सहित हजारों लोगों ने मास्टर रामदुलारे रावत के अन्तिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत भूलनपुर चिरपुरा वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0

पत्रांकः मीमो /राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/2022-23 दिनांक 25/02/2023

निर्माण सामिग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम भूलनपुर चिरपुरा विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 26/02/2023 से 02/03/2023 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 02/03/2023 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, अवर अभियंता व सचिव, तकनीकी एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 26/02/2023 से 02/03/2023 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | महेन्द्र के घर से राजेश के घर तक मि0 नाली व इंटरलाकिंग कार्य | मनरेगा/ राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3.92 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | प्रमोद के खेत से पेशकार के घर तक मि0 नाली व इंटरलाकिंग कार्य | मनरेगा/ राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3.84 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | रसूलपुर में मैन खड़ंजा से वकील के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | मनरेगा/ राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.91 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्तेः- ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (अजीत कुमार) सचिव (विजेता )

ग्राम पंचायत भूलनपुर चिरपुरा, विकास खण्ड कमालगंज, फर्रुखाबाद।

# थानों में संयुक्त टीमों ने सुनीं समस्याएं

- सभी थानों पर आयोजित किया गया समाधान दिवस
- एएसपी ने बबेरू-कमासिन में सुनीं समस्याएं


फरियादियों की समस्याएं सुनते पुलिस अधिकारी — समृद्धि न्यूज

बांदा। समृद्धि न्यूज

**शनिवार** को जनपद के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इन समाधान दिवसों में कुल 44 शिकायतें आईं, जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने बबेरू और कमासिन थाने में फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने थाना बबेरू और कमासिन में जनता की शिकायतें सुनीं। संबंधित समस्याओं को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में थाना बबेरू में राजस्व लेखपाल के अनुपस्थित रहने एएसपी ने नाराजगी जाहिरत करते हुए चेतावनी दी। पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र द्वारा थाना बबेरु व थाना कमासिन पर जनता की शिकायतों को सुना गया। इस दौरान थाना बबेरू पर राजस्व लेखपाल के उपस्थित न रहने पर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा आगे के लिए चेतावनी भी दी गई। इसी क्रम में सिटी मजिस्ट्रेट बांदा व क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा थाना कोतवाली देहात पर, क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थाना जसपुरा पर, क्षेत्राधिकारी नरैनी द्वारा थाना थाना कालिंजर पर, उपजिलाधिकारी अतर्रा व क्षेत्राधिकारी अतर्रा द्वारा थाना बदौसा पर, क्षेत्राधिकारी बबेरू द्वारा थाना कमासिन पर जनता की शिकायतों को सुना गया। थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 44 शिकायतें प्राप्त हुईं जिसमें से 05 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया।

# राज्यकर्मी कैशलैस चिकित्सा योजना के तहत बनाए जाएंगे कार्ड

- उपमुख्यमंत्री को समस्या बताने के बाद हुआ निराकरण



कार्यक्रम में मौजूद पेंशनर्स — समृद्धि न्यूज

महोबा। समृद्धि न्यूज

पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर्स राज्यकर्मी कैशलैस चिकित्सा योजना का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा बीते दिनों किया गया था। इसके लिए आन लाइन आवेदन कर हेल्थ कार्ड जारी किये जाने के लिए स्टेट ऐल्थ एजेंसी सांचीज को उत्तरदायित्व दिया गया था। विगत दो माह से कैशलैस हेल्थ कार्ड नहीं बनाए जा रहे है। जिसे लेकर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान उप्र के महामंत्री बीके तिवारी ने पेंशनरों के साथ मिलकर भेंट की। समस्या से अवगत कराने पर उप मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना स्टेट हेल्थ एजेंसी सांचीज के महाप्रबंधक डा. बीके पाठक द्वारा प्रदेश के पेंशनर संगठनों की बैठक कर समस्याओं का निराकरण किया गया। प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत काम करने वाले सभी अस्पतालों में पंडितों दीनदयाल उपाध्याय पेशनर्स राज्यकर्मी कैशलैस हैल्थ योजना के अन्तर्गत जारी कार्ड पर इलाज करना प्रारंभ कर दिया है। जिसमें 2217 निजी चिकित्सालयों, 1021 सरकारी चिकित्सालयों सहित 30 मेडिकल कालेजों को शामिल किया गया है। अभी तक 2313 पेंशनर लाभार्थियों ने इलाज कराया हैं। बैठक में बरिष्ठ नागरिक पैन्शनर्स सेवा संस्थान उप्र के अपर महामंत्री सुनील शर्मा, सेवानिवृत कर्मचारी पेंशनर एसोशिएशन अमर नाथ यादव, संयुक्त पेंशनर कल्याण समिति के संयोजक एन पी त्रिपाठी फेडेरेशन ऑफ यूपईपएशनर महेन्द्र द्विवेदी आदि मौजूद रहे। बरिष्ठ नागरिक पैन्शनर्स सेवा संस्थान उप्र के महामंत्री बी के तिवारी ने बताया कि प्रदेश के सेवानिवृत्त कर्मचारी जो प्रदेश के बाहर निवास कर रहे हैं और प्रदेश के बाहर पेंशन ले रहे उनके हैल्थ कार्ड पेंशन निदेशक उ प्र द्वारा शीघ्र हेल्थ कार्ड जारी करायेंगे । ऐसे पेंशनरों की सूची सांचीज में प्राप्त हो गयी है। उन्होंने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के पेंशनरों के प्रति सकारात्मक निर्णय पर आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद दिया ।

## खबरें एक नजर में

### थाना बकेवर में आयोजित समाधान दिवस में आई एक शिकायत

इटावा। शासन के निर्देश पर थाना बकेवर में समाधान दिवस का आयोजन थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान की देखरेख में संपन्न हुआ ।तहसील से कोई अधिकारी नहीं आया था।वही समाधान दिवस के दौरान एक शिकायती प्रार्थना पत्र आया जिसमें उषा देवी पत्नी रामनरेश ग्राम अहेरीपुर ने शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि प्रार्थना के स्वतंत्र पूर्वक कब्जे में विपक्षी राकेश पुत्र मेवालाल ग्राम अहेरीपुर के द्वारा व्यवधान उत्पन्न करने से रोके जाने हेतु आ गया ।वहीं थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान ने तत्काल चौकी इंचार्ज अहेरीपुर गणेश गुप्ता को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर जांच शुरू करा दी इस मौके पर राजस्व विभाग लेखपाल रोमेश अग्निहोत्री व नगर पंचायत बकेवर के कर्मचारी तथा वही पुलिस स्टाफ एसआई देवीचरण साहू एसआई आर के वर्मा कस्बा इंचार्ज आदि पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### युवक को बुरी तरह पीटकर किया घायल, मुकदमा दर्ज

**महोबा।** दबंग एक युवक को अपने साथ जंगल में ले गए और इसके बाद उन्होंने युवक की लाठी और कुल्हाड़ी से पिटाई कर उसे लहूलुहान कर दिया। वह किसी तरह अपने घर पहुंचा और जानकारी परिजनों को दी। तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अजनर क्षेत्र के ग्राम महुआबांध निवासी संगीता राजपूत ने बताया कि 22 फरवरी की दोपहर करीब ढाई बजे उसके पति अर्जुन को गांव के ही जयदीप राजपूत व विशेंद्र दोनों दरवाजे से गांव के बाहर तालाब के पास जंगल में लेकर गए। आरोपितों ने उनके साथ गाली गलौज की और इसके बाद लाठी डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इसके बाद इन लोगों ने पति को जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह पति घर पहुंचे और इसकी जानकारी दी। संगीता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित जयदीप व विशेंद्र के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर इसकी जांच शुरू की है।घटना से पीड़ित पक्ष के लोगों में भय और दहशत व्याप्त है।

### विधवा बहू का सास ससुर ने मारपीट कर घायल किया

**कुरावली।** घर से सामान लेने आई विधवा बहू को सास ससुर ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता द्वारा तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। नगर के मोहल्ला भीम नगर निवासी रीता पत्नी सत्यवीर का पूर्व पति की मृत्यु हो जाने के पश्चात उसके सास-ससुर ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया स तब से वह भीम नगर में सतवीर के साथ रहकर अपना जीवन यापन कर रही है और मेहनत मजदूरी कर सत्यवीर के साथ अपने बच्चों का पालन पोषण मैं भी तत्पर है स रीता के स्वर्गवासी पति के ग्राम लखौरा निवासी सास ससुर रिक्की के यहां वह कई बार गई लेकिन उसका घरेलू सामान न देकर उसे मारपीट कर भगा दिया गया स 2 दिन पूर्व भी रीता अपने ससुर के घर पहुंची और अपने नाम से खरीदा गया है गैस सिलेंडर चूल्हा और बैंक किताब तथा आधार कार्ड आदि सामान अपने ससुर से मांगा स तो उसे मारा-पीटा और उसका सामान ना देकर घर से भगा दिया तब उसने थाने पर रिपोर्ट दर्ज करा दी है जिस पर थाना पुलिस द्वारा जांच भी शुरू कर दी गई।

### समाधान दिवस में आई केवल दो शिकायतें

**कुरावली।** फरवरी माह के अंतिम शनिवार को थाना परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मात्र दो प्रार्थना पत्र शिकायत कर्ताओं द्वारा प्रस्तुत किए गए। जिनके निस्तारण हेतु टीम गठित कर घटनास्थल भेज दी गई है। इस मौके पर नायब तहसीलदार हरेंश कर्दम थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार अपराध निरीक्षक भूपेंद्र सिंह उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिरोही सत्येंद्र सिंह तथा प्रशांत कुमार विनोद भारती राकेश सिंह सुरेंद्र सिंह आदि तहसील स्तर के अधिकारीगण मौजूद थे।

### पुलिस ने सटोरिये को किया गिरफ्तार

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में भरथना सीओ विकास जावला व थाना निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान के आदेश पर सघन अभियान चलाया गया जिसमें भरथना रोड लोहिया नगर राम जानकी मंदिर के सामने गली में एक व्यक्ति बैठकर कुछ लिखा पढ़ी कर रहा था ।तभी कस्बा इंचार्ज रामकिशन वर्मा ने उसे पकड़ा तो उस पर सट्टा की पर्ची व उन्नीस सौ रुपए बरामद हुए। जानकारी के अनुसार सट्टा खाई वाली करते हुए मुकेश कुमार पुत्र चरन सिंह निवासी लोहियानगर को पकड़कर मुकदमा पंजीकृत कर के कानूनी कार्रवाई की आसपास क्षेत्र में सटोरियों में भगदड़ मची हुई है।

### दो लोगों ने जहरीला पदार्थ खाया

**बांदा।** गिरवां थाना क्षेत्र के सहेवा गांव निवासी अंशू (20) पुत्र रामनरेश ने शुक्रवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों को जानकारी हो सकी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी तरह मटौंध कस्बा निवासी अमित (20) ने शुक्रवार की रात घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। उल्टी होने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई, तब परिवार वालों को पता चला, उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### डायट मेले का फीता काटकर हुआ शुभारंभ



**बांदा।** शनिवार को समग्र शिक्षा अभियान सब पढ़ें सब बढ़ें जनपद स्तरीय अभिनव पर्व (नवाचार एवं टीएलएम मेला) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में शनिवार को भाजपा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि संरक्षक रामपाल सिंह प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान वेद प्रकाश मौर्य मुख्य विकास अधिकारी ने फीता काट शुभारंभ किया। इस दौरान अतिथियों ने मेले में लगाए गए स्आलों में रखी कलाकृतियों का अवलोकन भी किया।

# प्रयागराज घटना: हत्यारों की नाकाबन्दी के लिए चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

महोबा। समृद्धि न्यूज



**जनपद** प्रयागराज के थाना धूमनगंज क्षेत्रअन्तर्गत एक दुस्साहसिक घटना घटित हुयी,जिसको देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के नेतृत्व में पूरे जिले की नाकाबन्दी करते हुये सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, इस सघन चेकिंग का उद्देश्य अपराधियों की गिरफ्तारी एवं आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में कोई घटना न हो तथा इसके माध्यम से पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता द्वारा स्थानीय लोगो में यह विश्वास दिलाना था कि जनपदीय पुलिस प्रशासन उनके साथ उनके सहयोग में सदैव तत्पर है। सघन चेकिंग के दौरान दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों तथा अन्य ऐसे सभी वाहन जो संदिग्ध प्रतीत हो रहे हों उनकी चेकिंग की गयी प्रमुख रुप से बिना नंबर प्लेट, टेंपर्ड नंबर प्लेट या गलत नंबर प्लेट, काली फिल्म लगे हुए वाहनों की सघन चेकिंग की गयी । पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा इसके लिये प्रत्येक चौकी इंचार्ज एवं थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिये गये थे कि किसी भी संभावित अपराध या किसी अन्य मामले से जुड़ा होने की स्थिति में वाहन चालकों की गिरफ्तारी भी सुनिश्चित की जाए, पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा स्वयं जनपद के बार्डर, महत्वपूर्ण एन्ट्री प्वाइंट्स, एक्सप्रेस वे, बैरियर इत्यादि विभिन्न स्थानों भ्रमणशील रही जिनके द्वारा महत्वपूर्ण स्थानों में जाकर सघन चेकिंग अभियान का स्थलीय निरीक्षण करते हुये सघन चकिंग अभियान चलाया गया ।

# ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार दादा व पोते की मौत


दुर्घटनास्थल पर मौजूद पुलिस

- ट्रक चालक ने स्कूटी को लगभग 500 मीटर तक घसीटा

महोबा। समृद्धि न्यूज

कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार दादा और पोते की दर्दनाक मौत हो गई है घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक और चालक को हिरासत में लिया है।

मुख्यालय के नैकाना पुरा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक 66 वर्षीय उदित नारायण चसोरिया कुछ दिनों से राजमार्ग किनारे नवनिर्मित मकान में रहने लगे थे रोज की भांति शनिवार को उदित नारायण चसोरिया स्कूटी से अपने पोते 8 वर्षीय सात्विक को घुमाने ले जा रहे थे घर से निकलते ही राष्ट्रीय राजमार्ग में तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी और स्कूटी को लगभग 500 मीटर तक घसीटते ले गया लोगों ने पीछा कर कर कड़ी मशक्कत कर ट्रक चालक को रुकवाया जहां राहगीरों ने तक चालक की जमकर पिटाई कर दी ।

### एग्रीकल्चर कृषि यंत्र की दुकान से चोरों ने पार किया सामान

**इटावा।** कृषि यंत्र की दुकान से आलू खुदाई की मशीन चोरी हो गई। उक्त दुकान में लॉकडाउन से अब तक चोरी की वारदात तीसरी बार हुई है। हाईवे सर्विस लेन किनारे अवधेश कुमार शाक्य की सरस्वती एग्रीकल्चर कृषि यंत्र के नाम से जसवंतनगर में दुकान है जहां कृषि यंत्रों की मरम्मत का कार्य होता है। अवधेश ने बताया कि रात 9 बजे के बाद अपनी दुकान बंद कर के घर चले गए थे जब सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो वहां आलू खुदाई वाली मशीन जो मरम्मत के लिए नगला गड़रियान से आई थी वह गायब थी तथा मशीन में पड़ी चेन व ताला टूटा हुआ मिला है। चोरी गई उक्त मशीन की कीमत करीब 80000 रुपये बताई गई है। दुकानदार ने इस घटना की सूचना 112 हेल्पलाइन नंबर पर दी तो पुलिस ने मौका मुआयना किया है। दुकानदार का कहना है कि लॉकडाउन के दौरान भी एक बार चोरी हुई थी और करीब 6 महीने पहले भी इसी दुकान में चोरी हो चुकी है काफी सतर्क रहता हूं इसके बावजूद भी चोर मशीन चुरा ले गए।

# जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत पुलिस अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

इटावा। समृद्धि न्यूज



**जुवेनाइल** जस्टिस एक्ट को लेकर बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें इस एक्ट की नियमावली के उद्देश्य पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह के निर्देशन में पहुंचे बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता ने जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड की कार्यप्रणाली पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि देखरेख व संरक्षण वाले बालकों को त्वरित संरक्षण प्रदान करें तथा विधि विरुद्ध कार्य करने वाले बालकों के प्रति पुलिस सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करे। उन्होंने यह भी बताया कि लावारिस मिले शून्य से दो वर्ष तक के बच्चों को 60 दिन पश्चात तथा 2 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों को 120 दिन के पश्चात स्वतंत्र घोषित कर दत्तक ग्रहण की कार्रवाई शुरू करा दी जाती है। उन्होंने पुलिस बाल कल्याण अधिकारियों को ऐसे लावारिश बच्चों के मिलने पर प्रारूप 17 भरने तथा बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया भी समझाई। उन्होंने यह भी बताया कि लावारिस बच्चों के मिलने पर बाल कल्याण समिति को सूचित करते हुए बच्चा स्वस्थ है या नहीं इसके लिए मेडिकल अवश्य कराया जाए। अपराध में लिप्त बच्चों को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश करने तथा निर्धारित प्रारूप भरकर जमा करने की प्रक्रिया भी समझाई। उन्होंने यह भी बताया कि 3 महीने के अंदर चालान प्रस्तुत करना भी अनिवार्य होता है। उनके साथ बाल संरक्षण विशेषज्ञ के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य मौजूद रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एएचटीयू प्रभारी वीरेंद्र बहादुर यादव, इंस्पेक्टर लखन सिंह, एसआई राम औतार सिंह, नियामत उल्ला, सत्य प्रकाश, राजेंद्र सिंह, उमेश कुमार, जसवंत सिंह, संजय यादव, प्रशांत कुमार, जयप्रकाश, अरविंद यादव, उदय भान सिंह एवं महिला कांस्टेबल पूजा यादव, अनीता वर्मा आदि पुलिसकर्मी जनपद के विभिन्न थानों से शामिल रहे।

# एमएलसी जीतेंद्र सिंह सेंगर को विधान मंडल की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम की संयुक्त कमेटी के सदस्य नामित

**पनवाड़ी( महोबा)।** जनपद महोबा के भाजपा जिलाध्यक्ष एवं सदस्य विधान परिषद जीतेंद्र सिंह सेंगर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अनुशंसा पर सभापति द्वारा %उत्तर प्रदेश विधानमंडल की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम की संयुक्त कमेटी में सदस्य नामित किया गया है। उनके नामित होते ही पूरे क्षेत्र से बधाइयां आने लगी है सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं के सन्देश दिए जा रहे हैं । भाजपा जिला महा मंत्री डॉ मंगल सिंह महान का कहना है एम एल सी जिलाध्यक्ष महोबा जितेंद्र सिंह सेंगर कोई साधारण व्यक्ति नही दिन रात भाजपा के कार्य में दौड़ते रहते एक ओर एक एक कार्यकर्ता को विश्वास में लेना तो दूसरी ओर विधान परिषद में प्रतिभाग करना फिर घर में जनता दरवार के माध्यम से लोगो की समस्याओं का त्वरित कार्यवाही करवाना उनका हिस्सा बन गया। इसी का पारितोषक उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा उनको सदस्य नामित किया गया । इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा का कहना है उनकी सादगी और कार्य करने की शैली व उनके कार्यो के प्रति समर्पित होने की वजह से उनको नित नई जिम्मेदारियां सौंपी जा रहीं हैं।भाजपा के मण्डल मीडिया प्रभारी उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि जितेंद्र सिंह सेंगर एम एल सी की कार्यकुशलता व अद्भुद मिलनसार चरित्र ही उनको ये अलंकार मिल रहे हैं और आगे भी मिलते रहेंगे पार्टी की प्रति उनकी वफादारी की का इनाम है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत थुरट विकास खण्ड जैतपुर, जिला-महोबा

पत्रांकः ग्रा.पं./मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 दिनांकः 25.02.2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2022-23 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 26.02.2023 से से 03.03.2023 में सीलबंद निविदाएं 12 बजे तक आमंत्रित की जायेगी एवं उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष उसी दिन सीलबंद निविदाएं खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | सामग्री विवरण | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सी.सी. सड़क निर्माण कार्य काली माता मन्दिर से मंगल अनुरागी के घर तक | 3.98 | सीमेंट, बालू, ईंटा, 20 एमएम 40 एमएम | 20 दिन |
| 2. | सी.सी. सड़क निर्माण कार्य वल्ला डीमर के घर से रामचरन मास्टर के घर तक | 3.98 | सीमेंट, बालू, ईंटा, 20 एमएम 40 एमएम | 20 दिन |
| 3 | डब्लू.बी.एम. (W.B.M) सड़क निर्माण कार्य मैन रोड से भागीरथ के खेत तक | 3.99 | 45-63, मौरंग | 20 दिन |
| 4 | नाली निर्माण कार्य स्कूल की पुलिया से सन्तोष मा. साव के घर तक | 3.99 | खड्डा पत्थर, सीमेंट, बालू, ईंटा 20 एमएम, 40 एमएम | 20 दिन |

**नियम व शर्तें:-**

1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।
5. आपूर्तिकर्ता जीएसटी में पंजीकृत होना आवश्यक है।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत थुरट**
**विकास खण्ड जैतपुर**

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत थुरट**
**विकास खण्ड जैतपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत छितरवारा विकास खण्ड जैतपुर, जिला-महोबा

पत्रांकः ग्रा.पं./मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 दिनांकः 25.02.2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2022-23 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 26.02.2023 से से 03.03.2023 में सीलबंद निविदाएं 12 बजे तक आमंत्रित की जायेगी एवं उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष उसी दिन सीलबंद निविदाएं खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | सामग्री विवरण | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक विद्यालय की बाउण्ड्रीवाल उच्चीकरण | 3.99 | सीमेंट, बालू, ईंटा, सरिया 20 एमएम | 20 दिन |
| 2. | प्राथमिक विद्यालय में टाईल्सीकरण कार्य | 3.99 | सीमेंट, बालू, ईंटा, सफेद सीमेन्ट टाईलस | 20 दिन |
| 3 | आंगनबाड़ी केन्द्र में टाईल्सीकरण कार्य | 2.50 | उपरोक्त | 20 दिन |
| 4 | आंगनबाड़ी केन्द्र के प्रांगण में इंटरलॉकिंग कार्य | 3.98 | सीमेंट, बालू, ईंटा, 20 एमएम, 40 एमएम मौरंग, डस्ट,इंटरलॉक ईंटा | 20 दिन |

**नियम व शर्तें:-**

1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।
5. आपूर्तिकर्ता जीएसटी में पंजीकृत होना आवश्यक है।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत छितरवारा**
**विकास खण्ड जैतपुर**

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत छितरवारा**
**विकास खण्ड जैतपुर**

# डीएम और एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

- कारागार में स्मार्ट वॉच व स्मार्ट बैंड को किया गया पूर्णतय: प्रतिबंधित
- निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था समेत बैरक जेल कार्यालय व हास्पिटल तथा मेस आदि की साफ-सफाई का लिया जायजा
- आंशिक रूप से दिव्यांग पुरुष व महिला बंदियों को दिव्यांग उपकरण उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**शनिवार** को डीएम और एसपी ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आलाधिकारियों ने जेल की सुरक्षा सम्बन्धी व्यवस्थाओं को देखा, साथ ही बैरकों का निरीक्षण किया और जेल कार्यालय व हास्पिटल तथा मेस आदि की साफ-सफाई का जायजा लिया। डीएम ने जेल अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि कारागार में स्मार्ट वॉच व स्मार्ट बैंड पूर्णतय: प्रतिबंधित है। जेल के अधिकारी व कर्मचारी तथा आगन्तुक अधिकारी समेत बन्दियों से मिलने आने वाले लोग स्मार्ट वॉच व स्मार्ट बैण्ड का प्रयोग नही करेंगे।

शनिवार को जिला कारागार अनौगी का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने जेल अस्पताल, महिला बैरक, पाकशाला, जेल परिसर आदि का निरीक्षण किया। डीएम ने कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना तथा शासन द्वारा निर्धारित जेल प्रशासन द्वारा दी जा रहीं सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी की। साथ ही उन्होने कारागार कर्मियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जेल के अंदर



जिला कारागार का निरीक्षण करते डीएम

कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाये, समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन सही तरीके से करें। जेल परिसर की साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक निर्देश देते हुए कहा महिला व पुरुष बंदियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जाये तथा आंशिक रूप से दिव्यांग बंदियों को वैशाखी व अन्य दिव्यांग से संबंधित सामग्री उपलब्ध कराई जाएं। इसी के साथ उन्होनें पाकशाला का निरीक्षण किया। पाकशाला में बंद गोभी आलू की सब्जी, अरहर की दाल व रोटी बनते हुए पायी गई। भोजन की गुणवत्ता सही मिली। आलाधिकारियों नें पुरूष बैरकों में बंदियों से वार्ता की तथा उनका हाल-चाल पूछते हुये कहा कि यदि किसी को सरकारी वकील की आवश्यकता है तो वह प्रार्थना पत्र जेल अधीक्षक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। उन्होनें जेल अधीक्षक को निर्देश दिये कि जेल की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक नही होनी चाहिए तथा निरन्तर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित की जाये। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, जेल अधीक्षक, अपर जेल अधीक्षक, सहित संबंधित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में आई राजस्व संबंधी चार शिकायतें


समाधान दिवस पर समस्या सुनते डीएम व एसपी — समृद्धि न्यूज

- डीएम एसपी ने सुनी पीड़ितों की समस्याएं

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज**

**शासन** के निर्देश पर कोतवाली परिसर में डीएम एसपी की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें फरियादियों की समस्याएं सुनकर निस्तारण के लिए अधीनस्थ कर्मियों को निर्देशित करने के उपरांत कहा कि जिम्मेदार कर्मी पीड़ितों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें। शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला एवं एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने 4 फरियादियों की राजस्व संबंधित समस्याएं सुनने के उपरांत संबंधित राजस्व कर्मी को समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। कहा कि समस्याओं के निस्तारण में फर्जीवाड़ा पाए जाने की स्थिति में जिम्मेदार कर्मी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस दौरान कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह, कोतवाल द्वितीय आरपी त्रिपाठी, कस्बा चौकी प्रभारी शशीकांत कनौजिया, उपनिरीक्षक अवनेश कुमार सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## दस मार्च तक पीआरडी जवान अपने मूल प्रपत्र जमा कराएं

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** प्रान्तीय रक्षक दल एवं युवा कल्याण विभाग ने जनपद कन्नौज के प्रशिक्षित पीआरडी जवानों को सूचित करते हुए कहा है कि जिन पीआरडी जवानों का डाटा लॉक हो चुका है, उन्हें छोडकर शेष पीआरडी जवानों का डाटा ऑनलाईन पंजीकृत किया जा रहा है। जनपद के जिन पीआरडी जवानो द्वारा अपने समस्त अभिलेख प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, जन्मतिथि एवं निवास प्रमाण पत्र मूलरूप में अभी तक कार्यालय में उपलब्ध नही कराये गये है, उन पीआरडी जवानों को अन्तिम अवसर दिया जाता है। उक्त अभिलेखों सहित प्रत्येक दशा में 10 मार्च तक जनपद कार्यालय कन्नौज विकास भवन कमरा नम्बर 116 में स्वयं उपस्थित होकर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिन पीआरडी जवानों द्वारा उपरोक्त तिथि तक अपने अभिलेख नही जमा किये जाते है, तो वे पीआरडी विभाग से पृथक समझे जायेगे। जिसका पूर्ण उत्तदायित्व सम्बन्धित पीआरडी जवान का होगा।

## जिला पुलिस ने की 163 अपराधियों के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्रवाई

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** आगामी त्योहारों में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिकोण से एसपी कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में जिले की पुलिस ने विभिन्न अपराधिक मामलों के आरोपी 163 लोगों के खिलाफमिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही की है। अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस ने उच्चाधिकारियों के अनुमोदनोपरांत 163 अपराधियों के खिलाफमिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। उक्त अपराधियों के विरुद्ध जनपद कन्नौज में विभिन्न अपराधिक मामले पंजीकृत हैं। सदर कोतवाली पुलिस ने 26 लोगों के खिलाफतथा थाना गुरसहायगंज पुलिस ने 23, थाना तालग्राम पुलिस ने 17, व थाना छिबरामऊ पुलिस ने 21, थाना सौरिख पुलिस ने 18, थाना विशुनगढ़ पुलिस ने 12, थाना तिर्वा पुलिस ने 22, थाना इंदरगढ़ पुलिस ने 11 व थाना ठठिया पुलिस ने 13 आपराधिक किस्म के लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इसके अतिरिक्त कोतवाली तिर्वा क्षेत्र के अन्य गुंडा तत्वों के चिन्हीकरण कर कार्यवाही जारी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** ग्राम औराई के पास जीटी रोड पर एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। शनिवार की सुबह जीटी रोड पर ग्राम औराई के पास ग्रामीणों को एक युवक का शव पड़ा दिखाई दिया। जिसे ग्रामीणों के बीच हड़कंप मच गया मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास किए। लोगों ने मृतक की पहचान ग्राम औराई निवासी कौशल कुमार (42) के रूप में की गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों के बीच कोहराम मच गया। उन्होंने बताया है कि वह शुक्रवार को अपनी ससुराल ग्राम इटौरा जनपद मैनपुरी गया था। शनिवार की सुबह उसका शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। बताया कि मृतक की पत्नी से कुछ अनबन चल रही थी। पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## मजाक करने से मना करने पर मां बेटी को पीटा

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** युवती द्वारा एक युवक को मजाक करने से रोकना उस समय महंगा पड़ गया। जब युवक ने उसे व उसकी मां के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के कस्बा शहर के मोहल्ला दारा सराय निवासी राधा देवी पत्नी भैयालाल द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि शनिवार की शाम उसकी बेटी सपना के साथ मोहल्ले के ही एक युवक ने मजाक कर दिया। उसकी बेटी द्वारा रोकने पर उक्त युवक ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट शुरू कर दी। उसके द्वारा बीच-बचाव करने पर उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई है।

# त्यौहारों को शांति एंव सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाए:डीएम

- अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी नजर बनाए रखें, चिन्हित कर करें कड़ी कार्रवाई: एसपी
- कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में आयोजित हुई कानून एवं शान्ति व्यवस्था की बैठक

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**होली** एवं शबे ए बरात समेत आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कानून एवं शांति व्यवस्था की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने कहा कि आगामी त्यौहारों को शांति एंव सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाए। किसी भी प्रकार की कोई भी नई परंपरा न चलाई जाए। अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही


बैठक में निर्देश देते डीएम

सुनिश्चित करें। डीजे पर अश्लील एवं संप्रदायिक गाने पूर्णतय: प्रतिबंधित हैं। लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नही की जायेगी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि त्यौहारों पर अराजकता फैलाने वालों तथा अवैध रूप से शराब बनाने वालों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कडी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने समस्त उप जिला अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि होली दहन स्थल एवं कब्रिस्तानो के आसपास साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर अराजकता फैलानें वालें व्यक्तियों को चिन्हित करें तथा उन पर कड़ी नजर रखी जाये। उन्होनें कहा कि क्षेत्र में भ्रमण के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु लोगों से अपील भी करना सुनिश्चित करें तथा प्रधानों से समन्वय स्थापित करें कि गांव में किसी भी व्यक्ति द्वारा अराजकता फैलायी जाती है तो तत्काल सूचना दें। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी सहित सम्बंन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस के वाहन चेकिंग अभियान से मचा हड़कंप


नगर में वाहन चेकिंग अभियान चलाती कोतवाली पुलिस

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली पुलिस द्वारा नगर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिससे दोपहिया वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान कोतवाली पुलिस द्वारा करीब एक दर्जन दोपहिया वाहन चालकों का चालान काटा गया। शनिवार को पुलिस अधीक्षक कुमार अनुपम सिंह के निर्देशन में कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और दो पहिया वाहन चालक गलियों में बाइकों को दौड़ते नजर आए। इस दौरान कोतवाली प्रभारी ने वाहन चालकों को कानून का पाठ पढ़ाते हुए हेलमेट लगाने एवं गाड़ी के प्रपत्र साथ लेकर चलने की हिदायत दी। इस दौरान निरीक्षक आरपी त्रिपाठी, कस्बा चौकी प्रभारी शशीकांत कनौजिया, उपनिरीक्षक अवनेश कुमार सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# टीएलएम आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**जलालाबाद,समृद्धि न्यूज**

**ब्लॉक** संशाधन केंद्र जलालाबाद पर टीएलएम आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें परिषदीय विद्यालय के बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ाने के लिए टीएलएम निर्माण की प्रक्रिया के बारे में मास्टर ट्रेनर्स ने शिक्षकों को टिप्स दिए और प्रयोगात्मक रूप से टीएलएम निर्माण की प्रक्रिया को प्रदर्शित किया।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण में लगभग तीन दर्जन अध्यापकों ने प्रशिक्षण लिया। नोडल शिक्षक संकुल रामऔतार ने बताया कि शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी महेश शर्मा द्वारा बीआरसी कार्यालय पर टीएलएम के तीन दिवसीय प्रशिक्षण



कार्यशाला का समापन किया गया। नोडल संकुल शिक्षक रामऔतार ने नरम व कठोर,सुगंधित एवं बदबूदार वस्तुएं, चित्र से शब्द बनाना या निर्माण करना, गणित में कार्ड संख्या इत्यादि के बारे में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में तरह तरह से टीएलएम बनाने सिखाए गए। इस दौरान नोडल संकुल शिक्षक मनोज कुमार यादव, राकेश कुमार, धर्मेंद्र चौहान, रेनू कमल, अवध नारायण, विजय कुमार, रामप्रकाश, विनय कुमार, जितेंद्र कुमार, आरती कटियार, प्रिया सिंह बघेल आदि मौजूद रहे।

## महिला को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते महिला के साथ गांव के ही एक परिवार के चार सदस्यों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम पकरापुर निवासी सरला देवी पत्नी खुशीराम द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि शुक्रवार की शाम वह घर के बाहर बैठी थी। तभी गांव के ही राकेश, रिंकी, सोनी, सचिन आए और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाख घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# महिलाओं को रोजगार के प्रति किया जागरूक

- स्वावलंबी भारत अभियान के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम, शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की दी गई जानकारी

**जलालाबाद,समृद्धि न्यूज़**

**स्वावलंबी** भारत अभियान के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें कौशल विकास, स्वावलंबन करने की दिशा में काम कर रहा है। इसके तहत शनिवार को ब्लॉक क्षेत्र के अनौगी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में स्वाबलंबी भारत अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं व पुरुषों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विभाग संयोजक स्वाबलंबी भारत अभियान एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य




प्रदीप मिश्रा ने स्वरोजगार व रोजगार संबंधित भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से अपनी ग्राम पंचायत में कोई भी कुटीर व घरेलू लघु उद्योग स्थापित करने हेतु सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम में लगभग 40 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान विभाग महिला समन्वय जूली शुक्ला, भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गीता पाठक, जिला महिला समन्वय सिमरन, सीमा त्रिवेदी, महेंद्र सिंह बघेल, सावित्री, नीलम चतुर्वेदी, गीता चतुर्वेदी, अचल पाठक समेत महिलाएं पुरुष मौजूद रहे।

# अंग्रेजी शराब व हजारों की नगदी सहित तीन को पकड़ा



- शराब ठेके पर चल रहा था अप मिश्रित शराब बनाने का धंधा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर अंग्रेजी शराब ठेके पर छापामार कार्यवाही करते हुए 30 पेटी अंग्रेजी शराब व हजारों रुपये की नकदी बरामद करते हुए तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। जबकि दो लोग फरार होने में सफल रहे।

शुक्रवार की देर रात आबकारी निरीक्षक रणविजय सिंह एवं कोतवाल द्वितीय आरपी त्रिपाठी ने पुलिस टीम के साथ जलालाबाद जेल रोड स्थित अंग्रेजी शराब के ठेके पर छापामार कार्यवाही करते हुए तीन लोगों को उस समय रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जब वह अप मिश्रित कर अंग्रेजी शराब बना रहे थे। पुलिस हिरासत में आरोपी युवकों ने अपना नाम जितेंद्र पाल, संदीप पाल निवासी रूरा खेड़ा थाना तालग्राम व अंकित यादव मोहल्ला तालाब कला तालग्राम बताया है। पुलिस ने 30 पेटी अंग्रेजी शराब शराब की बोतलों पर लगाए जाने वाले नकली ब्रांच के ढक्कन तथा शराब निकालकर नकली अप मिश्रित एवं 23035 सहित 1044 बोतल 248 लीटर शराब बरामद कर हिरासत में ले लिया। जबकि तालग्राम निवासी शराब ठेकेदार कुसुम सिसोदिया एवं अमित अवस्थी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी जरूरी: मिथिलेश अग्रवाल

- राज्य महिला आयोग सदस्य ने दीप प्रज्वलित कर किया वार्षिकोत्सव का शुभारंभ

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज**

**सरस्वती** शिशु मंदिर में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य महिला आयोग की सदस्य मिथिलेश अग्रवाल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती वंदना के बाद वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ संस्कार भी बेहद जरूरी है।

शुक्रवार की शाम नगर के मोहल्ला अफसरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित वार्षिकोत्सव में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाटक का मंचन करके अभिभावकों को प्रेरित किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने झांसी की रानी और अंग्रेजों की मुठभेड़ के नाटक का मंचन कर अतिथियों को मंत्र मुक्त कर दिया। कार्यक्रम


जिला पंचायत अध्यक्षा को प्रतीक चिंह देते अध्यक्ष शंभू दयाल

के अंत में छात्र-छात्राओं ने शिव तांडव नृत्य की प्रस्तुति कर संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इससे पूर्व विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष शंभू दयाल गुप्ता तथा प्रबंध समिति के सदस्य राकेश चंद्र वर्मा ने संयुक्त रूप से अतिथियों को माला भेंट कर स्वागत किया। वही महिला आयोग की सदस्य मिथिलेश अग्रवाल ने विद्यालय में कंप्यूटर लैब की सौगात देने की घोषणा करते हुए कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को ऐसे विद्यालय में अध्ययन कराएं जहां शिक्षा के साथ-साथ संस्कार ग्रहण कराए जाएं। इस दौरान प्रधानाचार्य नवनीत सिंह, शैलेश गुप्ता, प्रीती पाठक, गिरीशभान, प्रतिमा सिंह, सोनी पांडे, स्वास्तिका त्रिपाठी, पूनम गुप्ता, शिवशंकर, जतिन सहित तमाम शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।


झांसी की रानी का नाटक करती छात्राएं


देश भक्ति का कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र

# युवक से बाइक सवार बदमाशों ने छीनी नगदी व मोबाइल



लूट का शिकार युवक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते रात नवाबगंज से बाइक से मंझना जा रहे युवक को अज्ञात बाइक चालकों ने मारपीट कर नगदी व मोबाइल छीन लिया। जानकारी के अनुसार मंझाना निवासी दुर्गेश कुमार पुत्र स्वर्गीय बालक रामपाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह बीती शाम बाजार कर घर वापस जा रहा था, तभी मंझाना बाजार पुल के निकट ब्रेकर पर पीछे से दो बाइक चालकों ने उसकी बाइक में कट मार दिया। जिससे वह नीचे गिर गया, तभी एक युवक ने उसकी जेब से 4 हजार की नगदी व मोबाइल छीन लिया और फरार हो गये। दोनों नकाबपोश थे। पुलिस ने जांच पड़ताल कर रही है।

## बाइक की टक्कर से विक्की सवार घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के जरारी निवासी नफीस सिद्दीकी विक्की से शनिवार सुबह कस्बे में सौदा लेने जा रहा था। विद्युत सब स्टेशन के निकट सामने से आ रही बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिससे नफीस गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर विकास पटेल ने उपचार के बाद हालत बिगड़ने पर डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। वहीं बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गया।

# आलू के भाव में गिरावट जारी, किसान मायूस



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सातनपुर आलू मंडी में गुरुवार को 50 रुपये प्रति कुंटल गिरावट के साथ आलू बिका। लगातार भाव गिरने से किसान मायूस होता जा रहा है। ऐसे में आलू किसान आलू की पैदावारी करने से तौबा करने लगा है। वाजिब मूल्य न मिलने और लागत न निकलन के कारण किसान बरबादी की कगार पर पहुंच गया है। शनिवार को आलू मंडी सातनपुर में आमद 200 प्लस गाड़ी रही। भाव में लगभग 50 रुपए की गिरावट आयी। सुपर आलू 501 रुपए कुंटल में बिका। बाद में भाव कम हो गया। सामान्य गड्डु आलू 201 से 251 रुपए कुंटल, छट्टा आलू 301 से 451 रुपए कुंटल में बिका। किसानों से हुई बातचीत से आलू की मंदी के दौर के कारण उनके चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ नजर आ रही हैं। उनके शादी वगैरह व अन्य काम रुक जायेंगे। वहीं कर्जा लिया हुआ पैसा न लौटाल पाने के कारण सूदखोर उसे परेशान करेंगे। यह चिंता उसे सताये जा रही है। ऐसी स्थिति रही तो किसान भुखमरी की कगार पर पहुंच जायेगा। जहां सांसद एक ओर आलू के निर्यात की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर आलू किसान दुर्दशा का शिकार है।

# काशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में तीसरी आंख की निगरानी में हुई परीक्षा

- कला, विज्ञान, वाणिज्य की परीक्षा तीनों पाली में सम्पन्न



काशीराम राजकीय महाविद्यालय में परीक्षा देते विद्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में शासन के निर्देशानुसार नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए महाविद्यालय की प्राचार्या ने सख्त कदम उठाते हुए परीक्षा शुरु करायी।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 शालिनी के निर्देशन में सुचारू रूप से चल रही परीक्षा में कला, विज्ञान और वाणिज्य तीनों संकाय की परीक्षायें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पाली में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुपालन में शुरु हुईं। महाविद्यालय स्तर पर गठित परीक्षा समिति के सदस्य महेश कुमार एवं डॉ0 सुनील की ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए पूर्ण लगन और तन्मयता के साथ नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न करायी। छात्र-छात्राओं की गेट पर सघन तलाशी के साथ ही विद्यालय में प्रवेश कराया गया और कक्ष में पहुंचने के दौरान भी स्वयं प्राचार्या ने महाविद्यालय टीम के साथ निरीक्षण कर परीक्षा सम्पन्न करायी। परीक्षा कक्ष में भी नियमित रूप से कैमरे चलते रहे। सभी कैमरे विश्वविद्यालय के निरीक्षण मण्डल के संपर्क में भी हैं। प्राचार्य के साथ परीक्षा समिति के सदस्य निगरानी कर रही है।

# बजट विद्यार्थियों के लिए लाभकारी है: डॉ0 संदीप चतुर्वेदी

- मजदूरों के बच्चे अब पढ़ेंगे आवासीय विद्यालय में
- स्मार्ट फोन व टेबलेट से पढ़कर विद्यार्थी बनायेंग अपना कैरियर



डा0 संदीप चतुर्वेदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ0 संदीप कुमार चतुर्वेदी ने जारी बयान में बताया कि सरकार का बजट विद्यार्थियों के लिए लाभकारी है। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा विधानसभा में बजट प्रस्तुत हुआ। जो विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी है। विद्यार्थियों को दिये जाने वाले टेबले व स्मार्टफोन के लिए इस बजट में 36 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। प्रदेश में मेडिकल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 14 मेडिकल कालेजों की स्थापना की जायेगी। कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क यूनीफार्म, जूता, मोजा, बस्ता, पुस्तकें आदि की व्यवस्था की गयी है। मजदूरों के बच्चे भी अब आवासीय विद्यालय में पढ़ सकेंगे। इसके लिए उत्तर प्रदेश में अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण किया जा रहा है। जिसके लिए बजट में 50 करोड़ का आवंटन किया गया है। डॉ0 संदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि शिक्षक भाई बहनों की समस्याओं के समाधान के लिए शिकायत प्रकोष्ठ गठित कर हेल्पलाइन जारी की जायेगी।

जिसके माध्यम से शिक्षक भाई बहनों को समस्याओं का समाधान भाजपा जिला शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी करेंगे। इन सुविधाओं को लेकर इस वर्ष का बजट विद्यार्थियों के लिए लाभकारी रहेगा।

# स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों ने सातवें वेतनमान को लेकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी सुभाषचंद्र प्रजापति को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गयी मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के विभिन्न विभागों के संविदा कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ दिया जाना संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया है। जो कि बहुत सराहनीय है। इस निर्णय का उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ स्वागत करता है। साथ ही बेहद दुखद है कि अधीन उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग में लगभग 15 वर्षों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत एक लाख से अधिक संख्या में स्वास्थ्य संविदा कर्मचारी, चिकित्सक, पैरा मेडिकल, मैनेजमेंट संवर्ग में विषम परिस्थितियों में रहकर पूर्ण मनोयोग से अपनी सेवायें प्रदान कर रहे हैं, परन्तु समस्त स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के लाभ से वंचित रखा गया है। इससे संविदा कर्मचारी आहत हैं। वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग का लगभग 80 प्रतिशत कार्य समस्त संविदा कर्मचारी संचालन एवं क्रियान्वयन कर योगदान देते हैं। प्रदेश को स्वास्थ्य सूचकांकों में उच्च स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश को उच्च स्तर पर सम्मनित किया भी जा चुका है।



एडीएम को ज्ञापन सौंपते स्वास्थ्य संविदा कर्मचारी

स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं के साथ वैश्विक बीमारी कोविड जैसी महामारी में टीकाकरण आदि में संविदा कर्मचारियों का योगदान रहा। इसके फलस्वरुप सातवें वेतनमान का लाभ देकर सम्मान प्रदान किया जाये। जिसको लेकर संविदा कर्मचारी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन शनिवार को अपर जिलाधिकारी सुभाषचंद्र प्रजापति व जिला चिकित्साधिकारी को सौंपा। इस मौके पर चिकित्साधिकारी महोदय फर्रुखाबाद को ज्ञापन। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अभिषेक वाजपई, महामंत्री संजय कुमार बाथम, उपाध्यय साविर हुसैन, डा0 सुरेंद्र सिंह राठौर आदि उपस्थित रहे।

# पीटर ग्रीन हाउस कलात्मक बना विजेता

- विजेता व उप विजेता टीम को मैनेजर रोहतानी विश्वासी व प्रधानाचार्य रोजीशन विश्वासी ने ट्राफी देकर सम्मानित किया।
- साल भर हुई प्रतियोगिताओं में सात अंक लेकर ग्रीन हाउस ने बाजी मारी, उप विजेता मैथ्यू रेड हाउस रहा



छात्रा को सम्मानित करती प्रबंधिका व प्रधानाचार्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समय-समय पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में लूक, एलो हाउस, मैथ्यू रेड हाउस, पीटर ग्रीन हाउस एवं जान ब्लू हाउस के बीच प्रतियोगितायें सम्पन्न हुईं। बंधौआ स्थित सेंट पॉल ब्राइटन सीनियर सेकेंड्री स्कूल में प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने अपना प्रदर्शन किया। कभी पोयल राइटिंग में बच्चों ने अपने गुणों का प्रदर्शन किया। कभी स्पीच कंपटीशन में कुशल वक्ता बनने का प्रयास किया। इनोवेटिव एक रचनात्मक पूर्ण कई प्रतियोगितायें जैसे राखी मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, रंगोली सजाओ, दीपक सजाओ प्रतियोगिता में बच्चों ने अपना प्रदर्शन किया। किसी प्रतियोगिता में जॉन हाउस में बाजी मारी, तो कभी पीटर हाउस ने सबको पीछे छोड़ा। कभी लूक हाउस ने अब्बल आकर सबको हैरान किया, तो कभी मैथ्यू हाउस ने अपना दम दिखाया।

वर्ष भर हुईं 13 प्रतियोगिताओं में से सात प्रतियोगिताओं में पीटर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता ट्राफी अपने नाम की। दूसरे स्थान पर मैथ्यू हाउस ने अपना दबदबा बनाये रखा। विजेता एवं उप विजेता हाउस को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या रोजीशन विश्वासी में बच्चों को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत अधिक से अधिक इनोवेटिव तरीकों से व चीजों को करने एवं समझने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि व्यक्ति को सर्वप्रथम अपना नैतिक विकास करना चाहिए। चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण सम्भव है। मैंनेजर रोहतानी विश्वासी ने विजेता एवं उप निजेता हाउस के बच्चों को सम्मानित कर उन्हें शुभकामनायें दीं। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकायें व बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें व कर्मचारी मौजूद रहे।

# होली पर शराब पीकर सड़क पर हुड़दंग करते दिखे, तो होगी कार्यवाही: क्षेत्राधिकारी



सदर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक लेते सीओ सिटी

- होली पर शांति व्यवस्था बनाये रखने की शहर कोतवाल ने की अपील
- होली व शब्बेरात को लेकर जगह-जगह पर रहेगा पुलिस का पहरा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** होली व सब्बेरात को लेकर पीस कमेटी की बैठक सदर कोतवाली में सीओ सिटी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सभी से होली सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए वार्तालाप हुआ। सीओ सिटी ने सभी को निर्देशित करते हुए कहा होली पर किसी अराजकतत्व ने हुड़दंग मचाया या शराब पीकर अराजकता फैलायी, तो उसे सीधे सलाखों के पीछे पहुंचाया जायेगा। सभी व्यापारियों व समाजसेवियों से अपील की गयी कि ऐसे त्योहारों पर सब मिल जुकर शांति व्यवस्था कायम रखे। व्यापारी नेता संजय गर्ग व अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ ने कहा कि होली हमारे प्रेम और व्यवहार का प्रतीक है। इसको कायम रखने की परम्परा हम सब लोगों की है। किसी भी शराबी ने होली पर हुड़दंग मचाया तो उसकी खैर नहीं। जबरदस्ती रंग किसी पर न डालें। त्योहार वाले ही दिन गुलाल लगाकर होली मनायें। शहर कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला ने भी शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। इस मौके पर उमेश गुप्ता, सभासद अतुल शंकर दुबे, अंकुर सक्सेना, मुफीद खान, मोवीन अंसारी आदि व्यापारी व समासेवी बैठक में मौजूद रहे।

# होली नजदीक आते ही रेलवे रोड पर खोदी गयी नाली, व्यापार हुआ चौपट



रेलवे रोड पर खुदी पड़ी नाली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दीवाली की तरह होली भी रेलवे रोड के व्यापारियों की फीकी रहने वाली है। पिछले डेढ़ माह से नाली निर्माण कार्य बंद पड़ा था। जैसे ही होली नजदीक आयी, वैसे ही नगर पालिका द्वारा नाली निर्माण कार्य शुरु करने के लिए सड़क पहले की तरह फिर खुदवा दी गयी है। दुकानदार के अलावा स्थानीय लोग व राहगीर को निकलने में परेशानी हो रही है। दुकनदारों ने अपनी दुकान के आगे पटले डालकर व्यवस्था की है। उसके बावजूद भी ग्राहक ऊबड़ खाबड़ होने के कारण दुकान पर नहीं जा रहा है। कांग्रेस नेता व व्यापारी मोहन पाठक ने प्रशासन से मांग की है कि हम व्यापारियों का दर्द क्यों नहीं समझा रहा है। पिछले पांच छह सालों से व्यापारी कई तरीकों का दंश झेल चुका है। नोटबंदी के बाद कोरोना जैसी महामारी के चलते व्यापारियों का व्यापार चौपट हुआ है। बीते छह माह से रेलवे रोड का व्यापार अतिक्रमण की भेंट चढ़ा और कई दुकानें जमींदोज हुईं। यही नजारा दीवाली तक रहा। जैसे होली का त्योहार पास आया, फिर सड़क खोदकर डाल दी गयी। इस कारण बच्चे व आने जाने वाले राहगीर गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। ठेकेदार के ढुलमुल रवैया के चलते नाली निर्माण कार्य में ढिलाई हो रही है। जिस कारण होली पर रेलवे रोड के व्यापारियों का व्यवहार फिर भेंट चढ़ गया है।

# स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का हुआ नि:शुल्क परीक्षण



महिला का दंत परीक्षण करते डा0 निखिल प्रसाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेमोरियल मिशन अस्पताल के तत्वावधान में गंगापार स्थित राजेपुर में दंत रोग चिकित्सक डॉ0 निखिल प्रसाद के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में नेत्र व दांतों का परीक्षण हुआ। डाक्टर निखिल प्रसाद ने दंत रोग संबंधित मरीजों को सलाह दी। इस मौके पर डाक्टर निशांत मैसी, डॉ0 निधि मिश्रा, संदीप लाल, इम्तियाज, हिमांशु, मोहित, शिल्पी, अंजली व प्रधान प्रदीप कुमार ने स्वास्थ्य शिविर में सहयोग किया।

# अनुसुइया गाइड कम्पनी की छात्राओं को कराया गया दीक्षा संस्कार

- दीक्षा संस्कार के दौरान छात्रायें दिखी भावुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय नवाबगंज में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड लखनऊ द्वारा निःशुल्क पंजीकृत अनुसुइया गाइड कम्पनी की छात्राओं को दीक्षा संस्कार आयोजित कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय में छात्राओं को कंप्यूटर का प्रशिक्षण देने वाले राजेंद्र पवन को कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बनाते हुए जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा द्वारा दीक्षा संस्कार आयोजित कराया गया। विद्यालय की वार्डन प्रियंका शंखवार, कुमारी दीक्षा शुक्ला, शिवानी कटियार, पिंकी, रचना शाक्य और सारिका यादव ने छात्राओं के तिलक लगाते हुए मिष्ठान खिलाकर पुष्प अर्पित किए।दीक्षा संस्कार के अवसर पर सभी छात्राएं बहुत ही भावुक दिखाई दीं तथा सभी छात्राओं ने दीक्षा लेने से पूर्व गाइड के नियमों को अपने दैनिक जीवन में धारण करने और एक अच्छी संस्कारित शिक्षा ग्रहण करने की शपथ ली। इस अवसर पर प्रशिक्षक द्वारा अवगत कराया गया यह कार्यक्रम लार्ड बेडेन पावेल के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है, जो कि दिनांक 22 फरवरी से लेकर के 28 फरवरी तक चलेगा। वर्तमान में यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड की सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर पूनम संधू के निर्देशन में जनपद में लगातार संचालित कराया जा रहा है।

जनपद के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि शासन द्वारा निःशुल्क पंजीकृत विद्यालयों में यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक हो रहे हैं तथा भविष्य में ऐसे बच्चों को आपके दिशा निर्देशन में प्रादेशिक कार्यालय उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड लखनऊ द्वारा निःशुल्क प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। जनपद के परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लगभग 2 सैकड़ा विद्यालय पंजीकृत हैं। जिनको शासन द्वारा प्रतिवर्ष नवीनीकृत भी कराया जाता है तथा इनमें लगातार स्काउटिंग गतिविधियां भी संचालित हो रही हैं। आपके निर्देशन में विगत सत्र 2022-23 में जनपद को स्काउटिंग के श्रेष्ठ कार्यों के संपादन हेतु सर्वोत्तम पुरस्कार योजना में शामिल करते हुए स्थान प्राप्त हुआ तथा इस वर्ष भी इस योजना से लाभान्वित कराए जाने हेतु जनपद फर्रुखाबाद में लगातार स्काउटिंग गतिविधियां आपके निर्देशन में ठीक प्रकार से संचालित हो रही हैं।




दीक्षा संस्कार के दौरान मौजूद छात्रायें

# फर्रुखाबाद विकास मंच की युवा विंग ने भरी हुंकार

- फर्रुखाबाद विकास मंच से जुड़ने वाले हर एक व्यक्ति के अंदर मदद करने का जज्बा: मोहन अग्रवाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद विकास मंच की युवा विंग की बैठक का आयोजन नगर अध्यक्ष रिंकू राजपूत के नेतृत्व में हुआ। संगठन संस्थापक मोहन अग्रवाल ने कहा कि युवा देश का भविष्य है। विकास मंच युवाओं को जोड़कर उन्हें अच्छे मार्ग पर ले जाने का कार्य करेगा।

शहर के बीबीगंज चौकी के निकट शनिवार दोपहर एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि मोहन अग्रवाल का युवा नगर अध्यक्ष रिंकू राजपूत की टीम ने फूल मालाओं से स्वागत किया। मोहन अग्रवाल व फर्रुखाबाद विकास मंच जिला अध्यक्ष भईयन मिश्र ने मीटिंग में उपस्थित बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया। मोहन अग्रवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जरूरी नहीं है कि हम एक साथ 10 लोगों की मदद करें तभी हमारा प्रयास सार्थक है। हमें अपने अंदर लोगों की मदद करने का जज्बा रखना चाहिए। हम अपनी क्षमता के अनुसार अगर एक भी जरूरतमंद की सहायता कर सकते हैं तो यह सबसे बड़ा पुण्य है। साथ ही युवाओं को विशेष ध्यान रखना चाहिए। नशा, शराब व गलत तत्वों से दूर रहें और अपनी सोच हमेशा रोजगार परख रखें।

फर्रुखाबाद विकास मंच हर समय अपने स्तर से जनता के लिए बेहतरी का कार्य करता है चाहे सर्दियों में 4000 जरूरतमंदों को उनके घर के बाहर पहुंचकर कंबल वितरण करना हो या गर्मी में दर्जनों विकास मंच के शीतल पेयजल के ड्रमों के माध्यम से आम जनता को लाभांवित करना हो। जिला अध्यक्ष भईयन मिश्र ने कहा की फर्रुखाबाद विकास मंच कोई चुनावी संगठन नहीं है हमारा संगठन जिले के जरूरतमंदों की समस्या का निवारण करने के लिए बना है। हमसे जुड़ा हुआ हर एक व्यक्ति चाहे वह जिला अध्यक्ष हो या एक सामान्य कार्यकर्ता हो, उसका एक ही उद्देश्य है कि अंतिम पंक्ति के जरूरतमंद की भी हर संभव सहायता कर सकें। नगर अध्यक्ष रिंकू राजपूत ने कहा कि युवा विंग आने वाले में विशाल सम्मेलन आयोजित करेगा। युवाओं को हर संभव मदद के लिए उनकी पूरी टीम तत्पर है।



बैठक को सम्बोधित करते मोहन अग्रवाल

## जबरन बिजली कनेक्शन कराने पर पहुंचे अधिकारी

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र राजेपुर के अंतर्गत ग्राम सभा निबिया निवासी श्रीराम यादव ने डीएम प्रार्थना पत्र देकर कहा कि मुलायम सिंह यादव बिजली कनेक्शन में रुटावट डाल रहे हैं। जिस पर स्थानीय लेखपाल, कानूनगो, एसडीएम अमृतपुर, थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश जांच करने पहुंचे। जांच पड़ताल में मुलायम सिंह की निजी सम्पत्ति सामने आयी। इसके बावजूद भी प्रशासन पर दबाव बनाकर श्रीराम यादव बिजली कनेक्शन करना चाह रहे थे।






# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला फांसी पर झूली

- मायके वालों ने पुत्री की मारपीट कर गला दबाकर हत्या करने का लगाया आरोप, परिजन फरार
- सीओ व तहसीलदार ने पहुंचकर की जांच


घटनास्थल पर मौजूद मृतका के परिजन


मृतका का फाइल फोटो

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंचे मायके पक्ष ने मारपीट कर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया। सूचना पर सीओ व तहसीलदार ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार छोटेलाल निवासी उधडनपुर थाना अरवल जनपद हरदोई ने अपनी पुत्री अनुजा की शादी थाना राजेपुर के अंतर्गत गांव नौशहरा निवासी मनोज पुत्र लालाराम वर्मा के साथ 2 वर्ष पूर्व की थी। 24 फरवरी शाम समय लगभग 4 बजे किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। जिससे आक्रोशित नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजन प्राइवेट अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव को वापस लाकर घर में रख पति मनोज ने मायके पक्ष को बीमार होने की सूचना देकर परिवार सहित फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे मृतका के पिता ने पुत्री को मारपीट कर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया। सूचना पर सीओ अमृतपुर रविंद्र नाथ राय, तहसीलदार संतोष कुमार कुशवाहा, उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार यादव घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और घटना के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी की। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद में ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। इससे पहले कुछ नहीं कहा जा सकता। जांच पड़तासल में जो भी दोषी व्यक्ति होगा उसे किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। वहीं मायके पक्ष से आए परिजनों का रो-रो कर बहुत बुरा हाल है।

## मार्ग दुर्घटना में दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मार्ग दुर्घटना में दो लोग घायल हो गये। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कम्पिल क्षेत्र के गांव इकलहरा निवासी मेहराज व गुड्डी बेगम मार्ग दुर्घटना में गम्भीर रुप से घायल हो गयी। आसपास के लोगों ने दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार जारी है।

# ट्रक के कट से कार खड्ड में पलटी, एक की मौत, चालक घायल


घटनास्थल पर पलटी पड़ी बुलैरो कार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने कार में कट मार दिया। जिससे कार अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई, साथी गंभीर रुप से घायल हो गया। आसपास के लोग मौके पर पहुंच गये और सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार राजेपुर थाना के ग्राम 28 वर्षीय कश्मीर सिंह पुत्र लालाराम यादव अपनी कार से फर्रुखाबाद किसी काम से आया था। वापस जाते समय पांचाल घाट चौराहा पर आकाश राजपूत निवासी गूजरपुर राजेपुर मिल गया और राजेपुर जाने की बात कही। कश्मीर सिंह ने उसे कार में बिठा लिया। इटावा-बरेली हाइवे चाचूपुर मोड़ के पास, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने कट मार दिया। जिससे कार अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी। जिससे आकाश की मौके पर ही मौत हो गई और कश्मीर सिंह गंभीर रुप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को लोहिया भिजवाया। जहां चिकित्सक ने आकाश को मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सौदान सिंह हत्याकाण्ड: दो आरोपी आला कत्ल सहित गिरफ्तार

- लूटी हुई नकदी व मोबाइल बरामद, पुलिस ने भेजा जेल


घटना का खुलासा करते सीओ व मौजूद थानाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सौदान सिंह की हत्या में पुलिस ने दो लोगों को आला कत्ल सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से लूटी गई नगदी व मोबाइल तथा बाइक बरामद हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम भिड़ौर निवासी सौदान सिंह का शव 22 फरवरी को लोहापानी के पास सड़क किनारे गड्ढे में पड़ा मिला था। जिसके शरीर पर काफी चोंटों के निशान थे। मृतक की मां रामबेटी ने अपने पुत्र के रुप में शिनाख्त की थी। मृतक की मां रामबेटी ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि उनका पुत्र सौदान सिंह अपने रिश्तेदार नगला वीरबल निवासी गुंजन पत्नी बिजेन्द्र के यहां गया था। 20 फरवरी को उसे फोन मिलाया, तब पुत्र सौदान सिंह ने बताया था कि वह ग्राम संतोषापुर में है और थोड़ी देर में घर पहुंचेगा। उसके बाद फोन बंद हो गया। रिश्तेदारी में जानकारी की तो बिजेन्द्र ने बताया कि वह बाइक संख्या यूपी 76एबी/9051 से घर के लिए दिन में ही चला गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था।

शनिवार को सीओ सिटी प्रदीप कुमार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि युवक की हत्या लूट की घटना को अंजाम देने के दौरान आरोपियों ने कर दी थी। मऊदरवाजा थानाध्यक्ष आमोद कुमार ने अपने हमराह उपनिरीक्षक सुहेल खान, उप0नि0 दीपक कुमार, उप0नि0 आनन्द कुमार तिवारी आदि के साथ ईदगाह के पास ग्राम अर्राापहाड़पुर से हत्यारोपी विकास सिंह पुत्र वीरू उर्फ वीरेन्द्र निवासी ग्राम चिलसरा, महताब पुत्र कल्लू उर्फ शमशुद्दीन निवासी चिलसरा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही से पुलिस को आला कत्ल ईंट का टुकड़ा व लूटी की नगदी 15630 रुपये तथा मोबाइल व बाइक बरामद हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## लोडर की टक्कर से रेलवे फाटक टूटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** लोडर की चपेट में आने से रेलवे फाटक टूट गया। यह देख लोडर छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची आरपीएफ ने अपने कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार कमालगंज रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे फाटक में लोडर संख्या यूपी 76टी/5539 के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। सूचना पर आरपीएफ फर्रुखाबाद प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने पहुंचकर लोडर को अपने कब्जे में ले लिया और उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# महिलाओं से अभद्रता करने पर घराती-बारातियों में चले ईंट पत्थर

- दूल्हे सहित कई बारातियों ने छिपकर बचायी जान, पुलिस की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ निकाह

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** शादी समारोह में शराब पीकर महिलाओं से अभद्रता करने का विरोध करने पर घराती और बारातियों में जमकर मारपीट व ईंट पत्थर चले। इस दौरान दूल्हा सहित कई बारातियों ने भागकर जान बचायी। इस दौरान कई घायल हो गये। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने अपनी मौजूदगी में निकाह सम्पन्न कराया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव चिलसरा निवासी रिजवान का निकाह थाना क्षेत्र के गांव धमगमा निवासी समसुद्दीन की पुत्री मुस्कान से तय हुआ था। शुक्रवार की शाम दूल्हा गाजे बाजे के गांव बारात लेकर पहुंचा। शराब के नशे में तमाम लोग डांस कर रहे थे, तभी कुछ लोगों ने महिलाओं से अभद्रता कर दी। विरोध किए जाने पर दोनों पक्षों में गाली-गलौज होने लगा। देखते ही देखते मारपीट हो गई तथा ईंट पत्थर चल गए। घटना में गांव के आशीष कुमार घायल हो गये, जबकि दूसरा संदीप कुमार भी अंदरूनी चोट लगने के कारण घायल हो गया। दोनों पक्षों के बीच हुए बबाल से बारातियों में भगदड़ मच गई। दूल्हा सहित कई बारातियों ने छिपकर जान बचायी। डायल 112 नंबर पर कॉल कर घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौते का प्रयास किया।

दूल्हा सहित सभी बारातियों को दुल्हन के घर पहुंचाया गया। जहां पुलिस की मौजूदगी में निकाह सम्पन्न हुआ। ग्राम प्रधान सुधीर गंगवार ने बताया कि दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। जिसके बाद समझौता हो गया है।

# अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन का चला बुलडोजर

- ढिलावल ग्राम प्रधान की शिकायत पर हुई कार्यवाही



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला प्रशासन की बिना अनुमति के की जा रही प्लाटिंग पर बुलडोजर चल गया। खड़ी दीवारों को ध्वस्त कर दिया गया।

बेवर रोड बघार नाला के निकट निवर्तमान नगर पालिकाध्यक्ष व मौरम कमीशन ठेकेदार विक्रांत सिंह राजपूत उर्फ राना की अवैध प्लाटिंग जो थाना मऊदरवाजा के ग्राम पंचायत ढिलावल की ग्राम गढ़िया में शनिवार को विनियमित क्षेत्र के जेई डीके सिंह उच्चाधिकारियों के आदेश पर जेसीबी लेकर पहुंचे और अवैध प्लाटिंग वाले क्षेत्र में भरी हुई निहासों को व वाउंड्रीवाल को जेसीबी से खड़वाकर फेंक दिया। नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव ने ग्राम प्रधान रजनेश कुमार कठेरिया ने शिकायत की थी। जांच पड़ताल के दौरान यह बात सामने आयी कि पांचाल घाट चौकी स्थित सोता बहादुर निवासी विक्रांत सिंह बिना ले-आउट स्वीकृत कराये हरित पट्टी के अन्तर्गत भूमि पर प्लाटिंग कर रहेहै। जिससे राजस्व की हानि हो रही है। इस पर उन्हें नोटिस भी दिया गया था, लेकिन कोई जबाव नहीं दिया। जिसके बाद कार्यवाही की गयी।

# काम में लापरवाही बरतने वाले 32 रोजगार सेवकों का बीडीओ ने रोका मानदेय


बीडीओ गगनदीप सिंह

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड अधिकारी ने मनरेगा में शून्य प्रगति पाए जाने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए 32 ग्राम पंचायतों के रोजगार सेवकों का मानदेय रोक दिया है।

बीडीओ ने कई बार समीक्षा बैठक कर तथा कई बार फोन तथा व्हाट्सएप के माध्यम से रोजगार सेवकों से गांव में श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन रोजगार सेवक अपनी मनमानी पर उतारू थे। जब से शासनादेश के अनुसार एनएमएस प्रक्रिया लागू की गई है तब से रोजगार सेवक अपने कार्य में रुचि नहीं ले रहे है, जबकि पहले ग्राम पंचायतों को पूरी तरह से फर्जी श्रमिकों की संख्या दिखाकर धन निकालते थे, अब फर्जी श्रमिकों की संख्या न दिखा पाने के कारण रोजगार सेवक अपनी मनमानी पर उतर आए हैं। नवाबगंज की 32 ग्राम पंचायतों में प्रगति शून्य पाई गई। जिस पर विकास खंड अधिकारी ने सभी रोजगार सेवकों का वेतन रोक दिया। जिनमें अचरिया बाकरपुर प्रवेश कुमार, अचरा ताकीपुर प्रशांत मिश्रा, अलाहादादपुर श्याम सिंह, विपिन कुमार बिजोरी, जराखन लाल चंदुएया, विमला देवी ढर्राशादी नगर मनोरमा देवी, गठबाय अमित कुमार, ग्राम पंचायत इजौर में अल्पना कुमारी, अल्पना कुमारी जैतहरी, प्रशांत मिश्रा गुठिना, रामतीर्थ जूना, सुनील कुमार केवली, रामतीरथ कनासी, गुड्डी देवी कोकापुर, दुर्गेश कुमार कुरार, कुंवर पाल लखनपुर, सरोज बघेल ललई, सुनील नगला खेल, अरुण कुमार सहित 32 ग्राम पंचायतों के रोजगार सेवकों का मानदेय जब तक कार्य नहीं कराया जाएगा तब तक के लिए रोकने के आदेश बीडीओ ने दिए है।

## युवती ने पिया जहर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर उसे सामुदायिक सरकार मे भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव नुनवारा निवासी जूली ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# वोटरशिप को लेकर वोटर्स पार्टी ने दिया धरना

- सरकार की शुद्धि-बुद्धि के लिए किया यज्ञ



शुद्धि बुद्धि यज्ञ करते वोटर्स पार्टी के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वोटरशिप को लेकर वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल ने मुख्यालय पर अधिकारियों की बुद्धि शुद्धि के लिए हवन यज्ञ कर धरना दिया।

शनिवार को वोटर्स पार्टी ने मुख्यालय पहुंचकर वैद्य वीरेंद्र कुमार आर्य की अगुवाई में धरना दिया। इससे पूर्व हवन यज्ञ अधिकारियों बुद्धि शुद्धि के लिए हवन यज्ञ किया। वैद्य वीरेंद्र ने कहा कि जब तक वोटरशिप नहीं तब तक विद्युत बिल नहीं। विद्युत विभाग के अधिकारियों पर बिलों में करोड़ों रुपए की हेराफेरी का आरोप लगाया। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष सादिक अली मसीह ने कहा कि देश में सभी समस्याओं की जड़ राजव्यवस्था का बिगड़ा स्वरूप है। वर्तमान राजव्यवस्था 19वीं शताब्दी के बाद अप्रासंगिक हो चुकी है। अब तक जिन नियम कानूनों पर देश चलता रहा है अब उनसे काम नहीं चलने वाला है। उन्होंने कहा कि देश दुनिया की गरीब जनता को गुलामी से मुक्त कराने के लिए वोटर शिप कानून, अमीरी रेखा, उत्तराधिकार, सीमांकन कानून तथा एक सरकार एक चुनाव देश में लागू हो, आदि मांगे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मांगों का ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री को भेज दिया है। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक विद्युत बिल नहीं हम लोग देंगे और ना ही धरना समाप्त करेंगे। इस दौरान आरएन मानव, नरेश गांधी, महात्मा नंदलाल, मदन यादव, रामनिवास यादव, हुकुम सिंह यादव, मालती देवी, राम प्रकाश, अनिल कुमार, महेश यादव, श्याम सिंह कुशवाह, हरिलाल सिंह राजपूत, राजाराम शर्मा, अनिल मिश्रा, अखिलेश यादव, तारावती, किशनपाल, उर्मिला, भारती आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बृजवासी मिष्ठान भण्डार सहित 20 के लिए नमूने, पांच फेल

- खाद्य औषधि विभाग ने छापेमारी



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खाद्य पदार्थों की मौके पर की गई जांच पड़ताल के दौरान 20 में 5 नमूने फेल हो गए। खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जा रहे हैं। जिसके तहत शनिवार को फतेहगढ़ बाजार व जिला जेल चौराहा पर नमूनों की जांच की गई। एफएसडब्लू गुलाब सिंह व खाद विश्लेषण के प्रशिक्षण प्राप्त खाद सुरक्षाधिकारी अरुण कुमार मिश्रा, आशीष कुमार वर्मा द्वारा नमूनों की जांच पड़ताल की गई। जिसमें अवधेश चंद के यहां काली मिर्च, उड़द दाल, अरहर दाल, नवीनचंद्र के यहां नमकीन, शुक्ला किराना स्टोर से मूंग दाल, उड़द दाल, अवधेश के यहां से उड़द दाल, अरहर दाल, हल्दी पाउडर, रामअवतार के यहां सौंफ, बृजवासी मिष्ठान भंडार पर लौंज की मिठाई, अखिलेश कुमार के यहां लौंग, राकेश कुमार के यहां चना दाल, दिनेश कुमार के यहां से पेड़ा, देवेंद्र बर्फी, बंगाली स्वीट हाउस से मिल्क केक, अंकित कटियार के यहां से काली मिर्च, मंसूरी प्रोविजन स्टोर से उरद की दाल के नमूने लिए गए। कुल 20 नमूनों में 5 नमूने फेल हो गये।

# ट्रेन की चपेट में आने से चार गौवंशों की मौत

- कुत्तों ने बनाया निवाला, गौ रक्षा संगठन ने प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप, बीडीओ व पुलिस ने पहुंचकर शवों को कराया दफन


घटनास्थल पर मौजूद बबलू प्रधान व अब्दुल जब्बार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव शेखपुर के पास गुमटी नंबर 138-सी क्रॉसिंग फाटक के पास शनिवार सुबह फर्रुखाबाद-टू-कानपुर पैसेंजर ट्रेन की चपेट में 4 गोवंश आ गये। जिससे उनकी मौत हो गई। जिसमें 3 गाय, एक बछड़ा शामिल था। घटना की सूचना ग्राम प्रधान बबलू को दी गई। प्रधान ने थाने व बीडीओ को सूचना दी। मौके पर खण्ड विकास अधिकारी व पुलिस ने पहुंचकर जेसीबी मंगवाकर गड्ढा खुदवाकर गांव वालों की मदद से मृत गायों के शवों को दफन कराया।


मौके पर पहुंचे अखिल भारतीय गौ रक्षक महासंघ कानपुर मण्डल के अध्यक्ष अब्दुल जब्बार व महंत हरिगिरी नागा बाबा जिलाध्यक्ष गौ रक्षा ने प्रशासन पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार गौवंशों को सुरक्षित करने के लिए गौशालाएं बनवा रखी है, लेकिन प्रशासन पूरी ईमानदारी से काम नहीं कर रहा है। जिससे फिर से ऐसी घटना घटित हुई है। बेरिकेडिंग नहीं करायी गई। अब तक लगभग 200 गाय ट्रेन की चपेट में आ चुकी है। इस घटना को लेकर हिन्दू संगठनों में रोष देखा जा रहा है। हिन्दू संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि छुट्टा घूम रहे पशुओं को गौशाला में पहुंचाये और उनके चारा पानी की व्यवस्था करे।

## रामाश्रम किंग्स टीम ने गदनपुर इलेवन को किया परास्त

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को फतेहपुर राव साहब के ग्राउंड पर खुदागंज की रामाश्रम किंग्स व गदनपुर इलेवन के बीच हुए मैच में रामाश्रम की बड़ी जीत हुई। रामाश्रम की टीम के कप्तान अंकित बाबा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दीपक की 17 गेंदों पर 47 रनों की धुंआधार पारी के चलते रामाश्रम की टीम ने निर्धारित बाहर ओवरों में कुल 150 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गदनपुर इलेवन की टीम 8.5 ओवर में 81 रन पर ही सिमट गई। रामाश्रम की टीम से तीन ओवर में 13 रन देकर 6 विकेट लेने वाले सोनू को प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। स्कोरिंग गौरव गुप्ता, अम्पायरिंग गोपाल व शुभम दुबे ने की। कमेंट्री शिवम शुक्ला के द्वारा की गई। इस मौके पर गोविंद राजपूत, विकास राठौर, नासिर, अनस, सचिन आदि मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस: डीएम व एसपी नें सुनीं समस्यायें

- एक समस्या का मौके पर हुआ निस्तारण


थाना समाधान दिवस में समस्यायें सुनते डीएम व एसपी

**फर्रुखाबाद/अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली फर्रुखाबाद व थाना अमृतपुर, राजेपुर में जनसमस्याओं को सुना। प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। अमृतपुर में कुल 4 शिकायतें आई, जिनमें से 1 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सभी शिकायतें जमीन से संबंधित रही। शिकायत करने वालों में आशा देवी पत्नी स्वर्गीय जोगराज निवासी फकरपुर ने अपनी जमीन के बंटवारे को लेकर प्रार्थना प्रत्र दिया। जिसका मौके पर ही दोनों पक्षों को बिठाकर निस्तारण कर दिया। अमइयापुर निवासी विश्वनाथ पुत्र अमर सिंह ने देवस्थान की 7 डिसमिल जमीन की पैमाइश कराने के लिए, जोगेंद्र सिंह पुत्र छोटे सिंह अपने रास्ते के संबंध में, राधा देवी पत्नी मुकेश सिंह ने घर के सामने जानवर बांधने तथा मूलचंद अग्निहोत्री निवासी कस्बा अमृतपुर ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह अपने खेत में निर्माण करा रहा था, तभी परिवारीजनों ने मेरा निर्माण कार्य रोक दिया। जिस पर डीएम ने पुलिस व लेखपाल को मौके पर पहुंचकर निस्तारण के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी पदम सिंह को आदेश दिया कि अगर कोई व्यक्ति किसी की जमीन पर अवैध कब्जा किए हुए हैं तो उसे तत्काल प्रभाव से कब्जा मुक्त कराया जाए। इसमें लापरवाही न बरती जाये। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने थानाध्यक्ष अमृतपुर संत प्रकाश पटेल से आगामी होली व शब्बेरात त्योहारों को लेकर बारीकी से जानकारी की। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई घटना घटित ना हो पाए इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि शांति कमेटी की बैठक ली जाये, जिसमें सर्व समाज के लोगों को जागृत किया जाये और उन्हें शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की हिदायत दी जाये। इस अवसर पर दरोगा उदयवीर सिंह, दरोगा नरसिंह यादव, चौकी इंचार्ज अमित शर्मा, दरोगा कमलेश, लेखपाल धनंजय दीक्षित, लेखपाल वरुण कुमार, सभी राजस्व कर्मी, प्रधान कोलासोता राकेश सिंह, प्रधान फखरपुर शिवदत्त तिवारी, रविंद्र पाठक आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।